स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शुक्रवार
25 जुलाई, 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष 1
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 333 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

चोट लगने के कारण ऋषभ पंत इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर



MD. QASIM

To ensure you are dealing directly with Balaji Wafers

please visit our official website at https://www.balajiwafers.com

### 2006 का मुंबई ट्रेन ब्लास्ट, 187 लोगों की हुई थी मौत

# हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक



**नई दिल्ली।** 2006 के मुंबई ट्रेन धमाके के मामले में सुप्रीम कोर्ट आरोपियों को बड़ा झटका देते हुए बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी है। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने हाल ही में दिए अपने फैसले में धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय के फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जेल से रिहाई को बरकरार रखा है।


- 3 दिन पहले 12 आरोपी बरी हुए थे

जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह ने सभी आरोपियों को भी नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा। इसका मतलब है कि जो लोग इसी तरह के आरोपों में जेल में बंद हैं, वे जमानत हासिल करने के लिए इस आदेश का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को, बॉम्बे उच्च न्यालाय के जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने मुंबई ट्रेन धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि 'अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है।' उच्च न्यायालय का फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए बड़ा झटका है। एजेंसी का दावा है कि आरोपी प्रतिबंधित छात्र संगठन सिमी के सदस्य थे और उन्होंने ही पाकिस्तान स्थित आतंकी सगंठन लश्कर ए तैयबा के सदस्यों के साथ मिलकर बम धमाके की साजिश रची थी। गौरतलब है कि 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 187 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद इन धमाकों का कोई जिम्मेदार नहीं रह गया था। पूर्व में निचली अदालत ने 12 दोषियों में से पांच को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया था। निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायलय ने पलट दिया था।

# भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता

**लंदन।** भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हो गया है। इसके साथ ही द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी होगी। पीएम मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में गुरुवार को लंदन में एग्रीमेंट पर दस्तखत हुए। इसे लेकर दोनों देशों के बीच 3 साल से बातचीत चल रही थी। समझौते के बाद नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पीएम मोदी ने समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई।

- मोदी बोले- कई साल की मेहनत के बाद समझौता हुआ
- 99 प्रतिशत भारतीय सामानों को टैरिफ में राहत



उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद दोनों देशों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस दौरान उन्होंने भारत- इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब भारत और यूके मिलें और वह भी टेस्ट सीरीज के दौरान तो क्रिकेट का जिक्र तो करना ही होगा। दोनों देशों के लिए क्रिकेट एक खेल नहीं है। एक पैशन है। हम दोनों देशों के बीच हाई स्कोरिंग पार्टनरशिप बनाने में जुटे हैं। दूसरी तरफ ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा, इस समझौते से दोनों देशों को लाभ होगा, वेतन में वृद्धि होगी, जीवन स्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। यह नौकरियों और व्यापार के लिए अच्छा है। टैरिफ में कमी लाएगा और व्यापार को सस्ता, तेज और आसान बनाएगा। इससे पहले स्टार्मर ने यह भी बताया कि 70 हजार करोड़ रुपए के नए निवेश और व्यापारिक सौदों को मंजूरी मिल गई है। स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली ब्रिटेन यात्रा है। पीएम मोदी ने किंग चार्ल्स से भी मुलाकात की।

समझौते से भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्क में राहत मिलेगी। इसका मतलब है कि भारत से जो सामान ब्रिटेन भेजा जाएगा, उस पर लगने वाला टैक्स या तो बहुत कम हो जाएगा या पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की कंपनियों के लिए भी यह समझौता फायदेमंद होगा। अब उन्हें भारत में व्हिस्की, कार और दूसरे उत्पाद बेचने में पहले से ज्यादा आसानी होगी। भारत इन उत्पादों पर टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत से 3 प्रतिशत करेगा। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ सकता है। एफटीए का मतलब है फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, जिसे हिंदी में 'मुक्त व्यापार समझौता' कहा जाता है।

### यह विकासवाद का युग है : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा के लिए हम प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम इस बात पर भी सहमत हैं, कि अतिवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत में शांति और स्थिरता, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर हम विचार साझा करते रहे हैं। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। आज के युग की मांग विस्तारवाद नहीं विकासवाद ही है।

## अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेड

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियों शामिल है। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में गुरुवार, 24 जुलाई को की गई ये रेड दिल्ली और मुंबई में चली। हालांकि अनिल अंबानी के निजी आवास पर तलाशी अभियान नहीं चलाया गया, लेकिन दिल्ली और मुंबई से आई ईडी की टीमों ने उनके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़े परिसरों का दौरा किया। यह जांच आरएएजीए (रिलायंस अनिल अंबानी समूह) कंपनियों की ओर से कथित धन शोधन से संबंधित है। ये छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत की गई। एजेंसी के मुताबिक, ये कार्रवाई सीबीआई की ओर से दर्ज दो एफआईआर और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई।

- 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड का मामला

# 'बिहार से कर्नाटक तक वोटर लिस्ट में गड़बड़ी'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग (ईसी) पर बड़ा हमला बोला है। गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनके पास 100 प्रतिशत पक्के सबूत हैं कि कर्नाटक की एक लोकसभा सीट पर चुनाव आयोग ने धोखाधड़ी को मंजूरी दी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर चुनाव आयोग यह सोच रहा है कि वह बच जाएगा, तो यह उसकी भूल है, हम उसे नहीं छोड़ने वाले। राहुल ने दावा किया कि उन्होंने कर्नाटक की केवल एक लोकसभा सीट की जांच की और उसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गईं। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में 45, 50, 60, 65 साल के नए वोटर जुड़ गए हैं। यह सिर्फ एक सीट की बात है। कई सीटों में वोटर डिलीशन (नाम हटाना), नए वोटर जोड़ना, और अवैध तरीके से जोड़ने का काम चल रहा है। हम इन सबूतों को सामने लाएंगे। राहुल ने चुनाव आयोग को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि मैं चुनाव आयोग को संदेश देना चाहता हूं कि अगर आप यह सोचते हैं कि आप बच जाओगे, तो आप गलत हो। हम आपके पीछे आने वाले हैं। यह लोकतंत्र की हत्या है और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर राहुल गांधी ने विपक्षी नेताओं की चिंताओं का समर्थन किया।

- राहुल बोले- हमारे पास पूरे सबूत, चुनाव आयोग को छोड़ेंगे नहीं



### बेबुनियाद आरोप न लगाएं : आयोग

राहुल गांधी के कर्नाटक चुनाव संबंधी आरोपों पर भारत निर्वाचन आयोग करारा जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि अगर चुनाव याचिका दायर की गई है तो माननीय उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा, तो अब बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं?

## मैनचेस्टर टेस्ट : इंग्लैंड की मजबूत शुरुआत, डकेट की फिफ्टी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। इंग्लिश टीम ने गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन पहली पारी में बिना नुकसान के 111 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद हैं। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। बेन डकेट फिफ्टी बना चुके हैं।

ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर भारतीय टीम ने सुबह 264/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 358 रन पर ऑलआउट हो गई। विकेटकीपर ऋषभ पंत (54 रन) चोटिल होने के बावजूद बैटिंग करने उतरे। इतना ही नहीं, उन्होंने फिफ्टी भी पूरी की। रिटायर्ड हर्ट होने के बाद दोबारा खेलने उतरे पंत ने अपनी पारी को 37 रन से आगे बढ़ाया। पंत के अलावा, साई सुदर्शन ने 61, यशस्वी जायसवाल ने 58 रन और शार्दूल ठाकुर ने 41 बनाए। बेन स्टोक्स ने 8 साल बाद पारी में 5 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। क्रिस वोक्स और लियम डॉसन को एक-एक विकेट मिला। बुधवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने बिना नुकसान के 111 रन बना लिए हैं।

# जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर बनें सड़कें : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, गोरखपुर।** जनप्रतिनिधियों (सांसदों-विधायकों) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर और बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए आगामी परियोजनाओं/प्रस्तावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिये और क्षेत्रीय जन आकांक्षा के अनुरूप नई सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। इन प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही होगी।

एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गोरखपुर-बस्ती मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी सड़क निर्माण परियोजनाओं, प्रस्तावों का डिजिटल प्रेजेंटेशन देखा। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आगामी प्रस्तावों से अवगत कराया। हर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की भावी परियोजनाओं का हाल जानने के बाद मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में सड़कों की भावी आवश्यकता की कार्ययोजना पर चर्चा की और लोक निर्माण विभाग के अफसरों को उसके अनुरूप निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने इंटरस्टेट कनेक्टिविटी और फोरलेन कनेक्टिविटी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसका लाभ गोरखपुर-बस्ती मंडल को भी मिल रहा है। उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी को लगातार सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि स?कों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग गंभीरता से ले। जितने भी प्रस्ताव आएं, उनमें से प्राथमिकता का निर्धारण जनप्रतिनिधियों की सहमति से हो। जनप्रतिनिधि जिन सड़कों को प्राथमिकता दें, सबसे पहले उनका इस्टीमेट बनाएं और शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य शुरू हो। इसके बाद अन्य सड़कों को भी चरणवार बनाया जाए।

- सीएम ने कहा गुणवत्ता पर न हो कोई समझौता



## स्कूल विलय : सरकार को हाईकोर्ट से झटका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने विलय प्रक्रिया में उजागर हुई कथित अनियमितताओं के मद्देनजर सीतापुर के स्कूलों के विलय पर बृहस्पतिवार की यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विशेष अपीलों पर सुनवाई करके यह आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष बृहस्पतिवार को विशेष अपीलों पर राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा विभाग के अधिवक्ताओं ने बहस की। इससे पहले याचियों के अधिवक्ता बहस कर चुके हैं। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में नजीरों को भी पेश किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को नियत की है। पहली विशेष अपील सीतापुर के 5 बच्चों ने, और दूसरी भी वहीं के 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती 7 जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है।

- सीतापुर में यथास्थिति बहाल रखने का आदेश

## उज्जवल निकम ने ली राज्यसभा सदस्य की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। निकम एक विख्यात वकील हैं, जिन्होंने सरकारी वकील के रूप में 2008 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुकदमों को अभियोजन पक्ष की ओर से लड़ा था। उन्होंने 2024 में मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें वह हार गये थे।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी श्रद्धा का संगम बन रही अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** भारत की आध्यात्मिक धरोहर और धार्मिक आस्था का एक अनूठा उदाहरण है अमरनाथ यात्रा, जो न केवल देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, बल्कि अब यह विदेशों से आने वाले आस्थावान पर्यटकों और आध्यात्मिक जिज्ञासुओं को भी अपनी ओर खींच रही है। हम आपको बता दें कि अमेरिका और जर्मनी तथा अन्य कुछ देशों से आए 9 विदेशी युवाओं के एक समूह ने इस पवित्र यात्रा में भाग लिया, जो भारतीय आध्यात्मिकता की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। पश्चिमी देशों से आए युवा पर्यटक किसी पर्यटन एजेंसी द्वारा प्रेरित होकर नहीं, बल्कि अपनी अंतरात्मा की आवाज़ और भारतीय आध्यात्मिकता के प्रति आकर्षण से खींचे चले आए। ये युवा अमरनाथ की कठिन यात्रा, बर्फीली पहाड़ियों और ऊँचाई पर स्थित पवित्र गुफा तक पहुंचने के लिए मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी पूरी तरह समर्पित दिखाई दिये।

- बड़ी संख्या में आ रहे हैं विदेशी युवा



## संसद : चौथे दिन भी हंगामा, स्थगन

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र का चौथा दिन भी हंगामे के साथ शुरू हुआ। सदन में विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्र शुरू होने से पहले, विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित अन्य मुद्दों को लेकर संसद के मकर द्वार पर फिर से विरोध प्रदर्शन किया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

# भाजपा और आरएसएस की पृष्ठभूमि से होगा उम्मीदवार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद नए उपराष्ट्रपति के लिए नामों पर मंथन शुरू हो गया है। उपराष्ट्रपति पद के लिए भाजपा का नया उम्मीदवार पार्टी के कोर काडर या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि का हो सकता है। पार्टी के अंदर इस बात पर चर्चा है कि अति महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति केवल मूल विचारधारा से जुड़े लोगों की ही की जाए। दूसरे दलों से आए कई नेताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के लिए असहज स्थिति पैदा कर चुके हैं। ऐसे में अब पार्टी महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति करते समय पार्टी की कोर विचारधारा से जुड़े लोगों के नामों पर ही विचार कर सकती है। प्रधानमंत्री के विदेश यात्रा से लौटने के बाद उनकी सहमति से इस पर अंतिम नाम पर मुहर लग सकती है। भाजपा ने हाल में चुनाव जीतने वाले राज्यों में जिस पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों पर अंतिम मुहर लगाई है, उसे देखते हुए भी कहा जा सकता है कि पार्टी अब अहम जिम्मेदारियों के लिए केवल मूल विचारधारा से जुड़े नेताओं को ही प्राथमिकता देगी। भाजपा नेताओं के अनुसार, उपराष्ट्रपति का पद अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है। महत्त्वपूर्ण विधेयकों को राज्यसभा से पारित कराने में उसकी भूमिका अहम होती है। ऐसे में इस पद पर पार्टी के मूल विचारधारा से जुड़े वरिष्ठ और अनुभवी नेता के नाम पर विचार किया जा सकता है। पार्टी में इस समय कई ऐसे नेता हैं जो इस समीकरण पर फिट बैठ सकते हैं। बिहार और पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए इन राज्यों से भी नया उपराष्ट्रपति लाए जाने पर विचार किया जा सकता है। दक्षिण के राज्यों से यह मांग उठने लगी है कि अब नया उपराष्ट्रपति दक्षिण भारत से बनाया जाए। इसी तरह सहयोगी दलों की मांग भी हो सकती है कि सत्ता संतुलन बनाए रखने में उनके नेताओं के नामों पर भी विचार किया जाए।

- उपराष्ट्रपति पद के लिए कई नामों पर मंथन जारी
- दक्षिण भारत को प्राथमिकता देने की भी मांग









# स्कूल जा रही छात्रा से ई रिक्शा चालक ने किया दुष्कर्म

## पूर्व में शादी का झांसा देकर ई रिक्शा चालक ने कई बार किया दुष्कर्म

**भावलखेड़ा-शाहजहांपुर।** स्कूल जा रही छात्रा को कॉलेज छोड़ने के बहाने ई रिक्शा चालक ने सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं ई रिक्शा चालक पूर्व में शादी का झांसा देकर छात्रा से कई बार दुष्कर्म करता रहा। दुष्कर्म से परेशान होकर छात्रा ने घर वालों को जानकारी दी। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग शहर के एक इंटर कालेज में कक्षा 9 की छात्रा है। छात्रा पूर्व में थाना क्षेत्र के तहवरगंज गांव के रहने वाले आसिफ पुत्र जमील के ई रिक्शा में बैठकर कालेज जाया करती थी। 15 जुलाई को छात्रा अपने कालेज पैदल जा रही थी। पीछे से आसिफ ई रिक्शा लेकर आ गया और स्कूल छोड़ने का बहाना कर छात्रा को रिक्शा में बैठा लिया और सुनसान जगह पर ले जाकर छात्रा के साथ आसिफ ने दुष्कर्म किया। फिर छात्रा को हरदोई बाईपास पर छोड़कर चला गया। घर पहुंच कर छात्रा गुमसुम हो गई जब घर बालों ने काफी पूछा तो छात्रा ने घटना की जानकारी घर बालों को दी। और घर वालों को बताया कि आसिफ ने शादी का झांसा देकर पूर्व में भी कई बार संबंध बनाए हैं। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने आसिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मनरेगा घोटाले में केवल प्रधान और सचिव ही दोषी क्यों ?

## रोजगार सेवक से लेकर बीडीओ तक है जिम्मेदार क्योंकि बिल सभी के हस्ताक्षर से पास हुआ

**शाहजहांपुर।** अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत विकासखंड खुदागंज की ग्राम पंचायत पोकी में सटीक बैठती है। यहां अजीव मामला सामने आया है हाजिरी भरने से लेकर डोंगल लगाकर धनराशि आहरित करने वाले सभी लोग जिम्मेदार है।तो फिर प्रधान और सचिव अकेले दोषी कैसे हो सकता है ।गुनाहगार तो सब है तो कार्यवाही सभी पर हो।लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

मनरेगा योजना के अंतर्गत विकास क्षेत्र खुदागंज की ग्राम पंचायत पोकी में लेबर से कार्य कराया गया। कार्य के समय होता यह है कि इस कार्य को करते समय का फोटो मनरेगा साइट पर उसी जगह पर जाकर रोजगार सेवक द्वारा हाजिरी लगाई जाती है उस हाजिरी को अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी चेक करके फीड करता है एवं इस कार्य का तकनीकी सहायक के द्वारा मूल्यांकन किया जाता है इसके बाद बाबू (अकाउंटेंट )अपना डोंगल लगाता है इसके बाद खंड विकास अधिकारी के डोंगल से धनराशि लेबरों के खातों में स्थानांतरित की जाती है। लेकिन जब, फर्जीवाड़ा पकड़ा जाता है तो दोषी केवल सचिव,ही क्यों ? ग्राम पंचायत पोकी में जो एफ आई आर,कराई गई है उसमें केवल दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करवा कर इतिश्री कर ली गई है क्योंकि जब रोजगार सेवक ने अपने सामने हाजिरी लगाई तब उसे नहीं पता था कि यह प्रधान के बच्चे हैजो कि पढ़ाई कर रहे,है,जबकि रोजगार सेवक उसी गांव का रहने वाला है इसके बाद अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जो की चेक करता है उसने उसे क्यों चेक नहीं किया इसके बाद दोषी पैसा देने वाला होता है बाबू( अकाउंटेंट) एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा डोंगल लगाया जाता है पैसा देने वाला दोषी क्यों नहीं।

### खंड विकास अधिकारी को प्रधान का नाम पता नहीं

,ग्राम पंचायत पोकी में खंड विकास अधिकारी द्वारा जो एफआईआर कराई गई है उसमें एक अजीब बात निकलकर आ रही है क्योंकि खंड विकास अधिकारी खंड कार्यालय में रहते हुए भी प्रधान का नाम पता नहीं मालूम एफआईआर में नाम अज्ञात लिखवा दिया।

### दोषियो से ही कराई जांच

विकासखंड खुदागंज की ग्राम पंचायत पोकी में जो कार्यवाही हुई है इसमें पहले खंड विकास अधिकारी द्वारा तीन सदस्य कमेटी बनाकर जांच कराई गई जिसमें एक तकनीकी सहायक एक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं एक अवर अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा जांच कराई गई इसके बाद इस कमेटी द्वारा आख्या प्रस्तुत कर दीगयी, बीडीओ ने दर्ज कराई रिपोर्ट मुझे जो निर्देश मिले थे उसी के तहत प्रधान और सचिव पर एफआईआर दर्ज कराई गई है **खंड विकास अधिकारी खुदागंज।**

सारे अधिकार बीडीओ पास निहित है उसी के तहत कार्रवाई कराई गई है-**डी.सी.मनरेगा,शाहजहांपुर**

# बीएसए ने स्कूलों का किया निरीक्षण

## बेहतर शिक्षा व्यवस्था देख शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**तिलहर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत)** गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकास खंड तिलहर के प्राथमिक विद्यालय बिलहरा, प्राथमिक विद्यालय हरभानपुर संविलयन विद्यालय धर्मपुर कंजा का औसत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बिलहरा में उपस्थित शिक्षामित्र श्री नंदलाल जी के द्वारा कक्षा 3 के छात्रों को हिंदी अंग्रेजी गणित की जानकारी प्रदान की जाती है। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित छात्रों से गणित विषय की पहाड़ा इत्यादि सुनकर जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें छात्रों के द्वारा अधोहस्ताक्षरी को गणित में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक प्रदर्शित किए गए। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय हरभानपुर में उपस्थित छात्रों से हिंदी की भाषाओं की जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें छात्रों के द्वारा प्राप्त जानकारी संतोषजनक उपलब्ध कराई गई। निरीक्षण के दौरान बी एस ए द्वारा सम्मेलन विद्यालय धर्मपुर कंजा का भी निरीक्षण किया गया की विद्यालय में पंजीकृत कुल छात्र 238 के सापेक्ष में 197 छात्र-छात्राएं उपस्थिति पाई गई तथा विद्यालय में समस्त छात्र- छात्राएं निर्धारित परिवेश में उपस्थिति पाई गई तथा छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्यों की भी संतोषजनक जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिस हेतु विद्यालय की समस्त स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी के द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्रों से भविष्य में क्या बनने की जानकारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने-अपने विभिन्न मत दिए गए है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से पूछा भविष्य में क्या बनना है बच्चों ने बताया कि मां का सपना पूरा करेंगे। एसडीएम, डॉक्टर ,देश की सेवा करना चाहते है

# जीएसटी का सचल दल व्यापारियों का कर रहा उत्पीड़न : दुआ

## व्यापार मंडल ने नोडल अधिकारी जीएसटी को सौंपा ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा एवं महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के आवाहन पर जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता के साथ व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी की धारा 79 के अंतर्गत की जा रही वसूली व सर्वे छापो के नाम पर व सचल दल द्वारा व्यापारियों से किए जा रहे उत्पीड़न के संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम द्वारा नोडल अधिकारी जीएसटी विभाग को दिया गया। वार्ता में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह द्वारा ने कहा की बड़े लज्जा की बात है झांसी में राज्य कर विभाग द्वारा ?5000 की वसूली में स्कूटी को जप्त किया गया एवं दूसरे मामले में ?10000 की वसूली में पुराना सोफा सेट विभाग द्वारा जप्त किया गया जो की पूर्णतया अनुचित एवं व्यापारी सम्मान के विरुद्ध है यह एक अशोभनीय घटना है। व्यापारी कोई चोर चक्का अथवा हिस्ट्रीशीटर अपराधी नहीं जो उसके साथ यह व्यवहार किया जा रहा है। नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा व्यापारियों का लाखों रुपया विभाग पर बकाया रहता है तो क्या व्यापारी विभाग का सामान उठा ले। जिला महामंत्री नाजिम खा ने कहा कि जी एस टी विभाग द्वारा धारा 79 का दुरउपयोग कर अपना नंबर वा गुड वर्क दिखाने के लिए जिस तरह से कार्य प्रणाली को अपनाया है उससे शासन एवं विभाग की छवि धूमल हो रही है। इस मौक पर पदाधिकारीयो में प्रदेश मंत्री धर्मपाल रैना महामंत्री नाजिम खा नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता महामंत्री अतुल गुप्ता, सुल्तान अहमद खा, सतनाम चावला, युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल,मुकेश गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, कमाल फहीम, शाहनवाज खान, मोहम्मद रफी, युवा नगर अध्यक्ष शकील अहमद, महामंत्री अमित पांडे, अभिषेक अग्रवाल, मोगिया रैना, पुनीत रस्तोगी, आशीष अग्रवाल, आनंद सक्सेना, शिव कुमार, रमेश गंभीर, अभिषेक अग्निहोत्री शहीद कई व्यापारी शामिल थे।

# कांवड़िया और मोटरसाइकिल सवार के बीच विवाद

**भावलखेड़ा।** डाक कावड़ लेकर जल चढ़ाने जा रहा कावड़िया रोड पर भाग रहा था। तभी कांवड़िए की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। टक्कर मारने वाला गैर संप्रदाय का युवक था जिसके चलते विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और बमुश्किल विवाद को शांत कराया। पुलिस ने कांवड़ियों को उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया और टक्कर मारने वाले युवक को थाने ले गई जहां शांति भंग में युवक का चालान किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया मोटरसाइकिल से कांवरिया की हाथ की कोहनी में छोटी सी चोट आ गई थी। मामला विवाद तक पहुंच गया मौके पर पुलिस ने पहुंचकर कांवरियों को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया और युवक को थाने ले आई है।

# एसएस कॉलेज के 11 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण किया नेट

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के 11 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की है। परीक्षा का आयोजन जून में हुआ था। इनमें से आंकेय वर्मा, अमृता सक्सेना एवं दिव्यांशी ने अंग्रेजी में, वैष्णवी, पंखुड़ी गुप्ता, निखिल द्विवेदी एवं अमित कुमार दीक्षित ने शिक्षा शास्त्र में, फहाद अहमद खान एवं उन्नति सेठ ने वाणिज्य में तथा प्रज्ञा सक्सेना व कशिश गुप्ता ने गृह विज्ञान में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त इतिहास विषय में दिव्यांश बाजपेयी ने 99.9 परसेंटाइल स्कोर करके जेआरएफ में तृतीय रैंक हासिल की है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# जिलाधिकारी के आदेश के बाद बंद हुआ रोड का अवैध रास्ता



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत)** हाइवे पर तमाम दुर्घटनाओं में काल कल्वित हो चुके सैकड़ों लोगों के बाद जिन्होंने पूर्व में अवैध कट को बंद न होने देने के बाद आखिरकार डीएम की सख्ती के चलते एसडीएम की मौजूदगी में एनएचए आई के अधिकारियों ने खूनी कट को बंद करबा दिया । उक्त स्थान पर ओवर ब्रिज बनने तक लोगों को बाईपास ओवरब्रिज से होकर ही जाना होगा । गौर तलब है कि हाइवे चौड़ीकरण के दौरान नगर के पूर्वी तिराहे पर आवागमन के लिए अवैध कट संचालित था । दुर्घटनाओं के मद्देनजर गत वर्ष अधिकारियों को हजारों की जनता और नेताओं ने एनएचएआई को कट बंद नहीं करने दिया था । हाल ही में एक अबोध बच्ची और महिला की दर्दनाक मौत के बाद यहां पर ओवरब्रिज अथवा अंडर पास की मांग की गई । डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ मौके पर आकर स्थिति का जायजा लिया । डीएम के निर्देश पर ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति हो गई । लेकिन उक्त अवैध कट बंद नहीं हो सका था । बीते दिन एक युवक की मौत से एक बार फिर जनता में रोष व्याप्त हो गया । गुरुवार को डीएम के निर्देश पर एसडीएम डॉ रविन्द्र कुमार ने एनएचएआई के अखंड प्रताप सिंह व रामासरे पांडेय से वार्ता की और देर शाम तक उक्त अवैध कट को बंद करबा दिया गया । किसी ने कट बंद किए जाने की जुर्रत नहीं की । इस दौरान नायब तहसीलदार मनु माथुर के अलावा कोतवाल राकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे ।अभियंता अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि शीघ्र ही ओवरब्रिज का काम शुरू करना दिया जाएगा । उन्होंने जनवरी तक ओवरब्रिज सुचारू हो जाने की संभावना व्यक्त की है।

# मेले में सड़क पर लग रहीं दुकानों से लग रहा जाम



**बंडा ।** मेले की जगह पर कब्जा होने के चलते दुकानदार सड़कों पर दुकानें लगाने को मजबूर हैं जिसके चलते अमावस्या के दिन सड़क पर कई घंटों तक जाम लगा रहा ।

सावन माह के पावन अवसर पर वैसे तो रोजाना सुनासीर नाथ मंदिर पर दुकानदार अपनी दुकानें लगाकर आजीविका चला रहे हैं लेकिन इसके साथ साथ यहां हर अमावस्या और पूर्णिमा को मेला लगता है । बृहस्पतिवार को अमावस्या होने के चलते यहां काफी भीड़ हो गई । मेले की जगह पर कब्जा होने के चलते दुकानदारों को मजबूरन सड़कों पर अपनी अपनी दुकानें लगानी पड़ती हैं जिसके चलते यहां कई घंटे तक जाम लगी रही । इस दौरान शिवभक्तों को काफी दूर पहले ही अपने वाहन खड़े कर पैदल ही मंदिर तक जाना पड़ा । मंदिर के महंत रमेश गिरी का आरोप है कि कई वर्षों से मंदिर और मेले की भूमि पर कई लोगों ने कब्जा कर रखा है और जमीन पर फसलें लगा रखी हैं । मेले की जमीन पर कब्जा होने के चलते मेला लगातार सिमटता जा रहा है । राजस्व विभाग मंदिर की भूमि पर कब्जा करवाए हुए है जिसके चलते दुकानदार मजबूरन सड़क पर दुकानें लगाने को मजबूर हैं ।

# बाईक की टक्कर से कावड़िया घायल

**तिलहर।** एक युवक गोला शिव मंदिर से जल चढ़कर बाइक से घर लौट रहा था रास्ते में सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक से टक्कर हो गई जिससे जिससे बाइक चालक घायल हो गया इलाज को सीएचसी में भर्ती करें डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बदायूं दातागंज थाना क्षेत्र के गांव जयपालपुर सुनौरा निवासी नरेंद्र बाइक से कछला से जल लेकर गोला गोकर्ण नाथ भोले बाबा पर जल चढ़ाने गए। बुधवार को बाइक से घर लौट रहे थे।उसी समय तिलहर से निगोही मार्ग गांव जन्यूरी सड़क पर रात 7¬30 सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई ! सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था में इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया।यहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# चोरी की बाइक काटने वाला फरार वांछित गिरफ्तार

**पुवायां,शाहजहांपुर।** पांच माह पूर्व चोरी की बाइक काटने पर दर्ज मुकदमें वांछित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांच माह पूर्व पुलिस ने नगर के निगोही रोड स्थित राधा विहार कॉलोनी के एक मकान में चोरी की बाइक काटते समय दो युवको को गिरफ्तार किया था। जिसमें एक युवक फरार हो गया था।बुधवार की रात को पुलिस ने नगर के हरदयाल कुछ निवासी सौरभ मिश्रा पुत्र राजेंद्र मिश्रा को मोहम्मदी रोड स्थित ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया।कोतवाली लाकर कागजी कार्यवाही पूरी कर उसको गुरुवार को मेडिकल कराने के वाद कोर्ट में पेश कर दिया।जहां से सौरभ मिश्रा को जेल भेज दिया गया।

# दुकान पर सामान लेने गए बच्चों को दिखाया तमंचा, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

**भावलखेड़ा।** बीती 13 जुलाई को समय लगभग 4¬00 बजे दुकान पर सामान लेने गए 4 साल के बच्चे और उसकी बहन को युवकों ने तमंचा दिखा कर पकड़ने का प्रयास किया। जिसके चलते बच्चे सहम गए बच्चों ने घर पहुंचकर घरवालों को सूचना दी। घटना के चलते आसपास के लोग इकट्ठे हो गए इसी दौरान युवक धमकी देते हुए फरार हो गए।थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के रौसर कोठी जाने वाले पुराने मार्ग पर राम चेतन त्यागी का घर है। राम चेतन त्यागी समस्त संत समाज त्यागी मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। त्यागी ने बताया कि कुछ दिनों से उनके घर की रेकी कुछ युवक कर रहे हैं, यह युवक कहीं घर के सामने तो कहीं आसपास खड़े होकर घर की रेकी कर रहे हैं। राम चेतन त्यागी की तहरीर पर थाना पुलिस ने अंकित मौर्य, राजवीर सक्सेना निवासी मिश्रीपुर और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राम चेतन त्यागी ने पुलिस पर एफआईआर समय पर दर्ज न करने का आरोप लगाया है। त्यागी ने बताया कि घटना 13 जुलाई की है वह कई बार पुलिस से उक्त आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर चुके हैं। एफआईआर दर्ज न करने पर उन्होंने एडीजी बरेली और कई उच्च अधिकारियों को फोन पर जानकारी दी तब कहीं जाकर उनकी एफआईआर दर्ज की गई।

# ड्रोन के डर से रात भर जागते रहे ग्रामीण

**बंडा।** रात भर आसमान में ड्रोन उड़ते रहे जिसके डर के चलते कई जगह लोग अपने अपने घरों की रखवाली करते रहे । बंडा के गांव सैदापुर में बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे से अचानक ड्रोन उड़ने शुरू हो गए । गांव में देर रात जब लोगों के घरों पर तीन तीन ड्रोन उड़ने लगे तब लोग चोरों के डर से पूरी रात जागते रहे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि एक अज्ञात चार पहिया कार गांव के बाहर बने सरकारी स्कूल के पास आकर रुकी उसके बाद ड्रोन उड़ने शुरू हो गए । कई लोगों की छतों पर ड्रोन उड़ते रहे लेकिन किसी ने भी इसकी सूचना बंडा पुलिस को नहीं दी । वहीं दूसरी तरफ बंडा के ही मोहल्ला बृजपाल नगर में भी एक साथ तीन तीन ड्रोन उड़ते हुए देख गए जो थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर उड़ते रहे। मोहल्ले के लोग काफी देर तक उड़ते हुए ड्रोनों की वीडियो अपने फोन से बनाते रहे लेकिन किसी ने भी पुलिस को सूचना नहीं दी । इसके साथ ही पुवायां थाना क्षेत्र के गांव पकड़िया हकीम और पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकरहना में ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। वहीं इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी जयचंद गिरी ने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई है ।

# भूजल संरक्षण जन-जागरण पर जीएफ कॉलेज में हुई प्रतियोगिता



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में शासन के निर्देशानुसार भूजल संरक्षण जन-जागरण÷ कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय निबन्ध, वाद-विवाद,चित्रकला और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भूजल संरक्षण पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता में रिंकी वर्मा ने प्रथम स्थान,निकिता यादव द्वितीय स्थान,रेनू गंगवार तृतीय स्थान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में कीर्ति सिंह ने प्रथम स्थान,कोमल पाण्डेय द्वितीय,साक्षी शुक्ला तृतीय स्थान, चित्रकला प्रतियोगिता में अपर्णा सिंह ने प्रथम स्थान,उमा केवट द्वितीय स्थान, शिल्पी केवट तृतीय स्थान, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में सबा ने प्रथम स्थान,रचना यादव द्वितीय स्थान,रहीमा खालिद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल के रूप में प्रो आरके आ?ाद,प्रो अनुराग अग्रवाल,प्रो श्रीकृष्ण सिंह यादव,प्रो ?ैया? अहमद,प्रो आलोक कुमार मिश्रा,डॉ जितेंद्र कुमार,डॉ अर्चना गर्ग,मखफी फात्मा उपस्थित रहे।जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपद के उच्च शिक्षा नोडल अधिकारी प्रो राजकुमार सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ रईस अहमद ने किया।

# एसपी से मिले अनुराग के परिजन, अभियुक्तों के गिरफ्तारी की मांग



**तिलहर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत)।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गुरुकुल के हत्याकांड में पिता ब्रजेश कुमार ने बताया कि विगत दिनों में उनके पुत्र अनुराग यादव कक्षा 6 की हत्या में गुरुकुल में घटना के सम्बन्ध में थाना तिलहर पर रिपोर्ट दर्ज करायी, जिस पर संज्ञान तो लिया गया परन्तु नामजद अभियुक्त प्रबन्ध, प्रमुख, आचार्य, वार्डन, सुरक्षा गार्ड व अन्य विद्यालय परिसर के कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गयी। अभुक्तिगण राजनीतिक पहुँच के व्यक्ति है, वह खुलेआम घूम रहे है। उपरोक्त लोगो के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अभियुक्तगणो ने विवेचक से साठ गाँठ कर बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे अभियुक्तगणो के हौसले बुलन्द है। दोषियो को गिरफ्तार किया जाना आवश्यक है।

# बाल-मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाऐं एवं उनकी सुरक्षा पर किया जागरूक



**शाहजहांपुर।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ''बाल-मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाऐं एवं उनकी सुरक्षा'' के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन ''संजय सरस्वती बाल विद्या मन्दिर, रेती रोड हथौ?ा, '' में किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ओम प्रकाश मिश्र-तृतीय द्वारा की गयी। सचिव द्वारा बाल मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाऐं एवं उनकी सुरक्षा सम्बन्धी विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुये बताया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करना और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उनके द्वारा बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों जैसे शिक्षा का अधिकार, संरक्षण का अधिकार और अन्य अधिकारों से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने बच्चों को साइबर अपराध से सतर्क रहने के लिए भी सचेत किया। एलएडीसीएस चीढ्क्त दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता, क्षतिपूर्ति योजना, मध्यस्थता एवं लोक अदालत का लाभ लिया जा सकता है। साथ ही उन्होंने बच्चों को न्याय प्रणाली में शामिल होने और अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया। संजय सरस्वती बाल विद्या मन्दिर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में रहें और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिले। संजय सरस्वती बाल विद्या मन्दिर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी अनिल कुमार द्वारा किया गया। शिविर में विद्यालय के अध्यापक डॉ पंकज, प्रमोद, सुबोध, संत कुमार, उदित कुमार, अशोक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।







# खाद्यान्न वितरण में घोटाला, 2 पर मुकदमा दर्ज

## पूर्ति निरीक्षक के स्थलीय निरीक्षण में पाया गया घोटाला

**तिलहर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत)।** बुधवार देर शाम पूर्ति निरीक्षक मनीष यादव ने तहरीर देकर बताया कि गांव डभौरा की प्रधान शबनम व दूरभाष पर प्राप्त हो रही शिकायतों के क्रम में श्रीमती नाजमा बेगम उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत डभौरा,की उचित दर दुकान का स्थलीय निरीक्षण 23जुलाई 2025 किया गया। उक्त के सम्बन्ध में प्रस्तुत की गयी अपनी जाँच आख्या दिनांकित 23जुलाई2025 में उल्लेख किया गया है निरीक्षण के दौरान उनके पुत्र नईम मौके पर मौजूद मिले जिनके द्वारा बताया गया कि उनकी माता चिकित्सकीय सलाह हेतु प्राथमिक सामुदायिक केन्द्र त गई हुई हैं। नईम पुत्र मो सफी उचित दर दुकान को खोलकर दिखाया गया जिसमें मौके पर केवल चार बोरी गेहूँ (लगभग 2.00 कु0), चार बोरी चावल (लगभग 2.00 के0) तथा चीनी 33.900 किग्रा पायी गयी। ई-पास मशीन के माध्यम से अवलोकन करने पर माह अगस्त 2025 के वितरण हेतु स्टाक में अन्त्योदय योजना का चावल 12.81 कु, अन्त्योदय योजना का गेंहूँ 8.54 कु0, पात्र गृहस्थी योजना का चावल 101.91 कु, पात्र गृहस्थी योजना का गेंहूँ 67.96 कु0 तथा माह जुलाई 2025 का अवशेष अन्त्योदय योजना का चावल 1.47 कु, अन्त्योदय योजना का गेंहूँ 0.98 कु0, पात्र गृहस्थी योजना का चावल 20.46 कु0, पात्र गृहस्थी योजना का गेंहूँ 13.40 कु प्रथम दृष्ट्या होना चाहिए था। उचित दर विक्रेता श्रीमती नाजमा बेगम ग्राम डभौरा की उचित दर दुकान पर कुल चावल 136.64 कु तथा कुल गेंहूँ 90.88 कु0 का स्टाक उपलब्ध होना चाहिए था तथा चीनी का 0.27 कु0 स्टाक भी उपलब्ध होना चाहिए था। जबकि मौके पर केवल चार बोरी (2.00 कु लगभग) गेहूँ, व चार बोरी चावल (2.00 कुं लगभग) तथा 33.90 किग्रा चीनी ही उचित दर दुकान की चौह?द्दी में उपलब्ध पाया गया। अर्थात प्रथम दृष्ट्या 134.64 कु0 चावल व 88.88 कु0 गेंहूँ कम पाया गया। श्री नईम अहमद पुत्र श्री नाजमा बेगम से जब कम पाये गये खा?द्यान्न के सम्बन्ध में पूंछा गया तब उनके द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। उक्त के अतिरिक्त 06.900 किग्रा चीनी अधिक पायी गयी। जिसके सम्बन्ध में भी उनके द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। स्टाक रजिस्टर माँगे जाने पर उनके द्वारा स्टाक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया। जाँच के दौरान 15 राशन कार्ड धारकों द्वारा अपना-अपना राशनकार्ड दिखाते हुए शपथ पूर्वक बयान दर्ज कराये गये कि उचित दर विक्रेता नाजमा बेगम द्वारा निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में खा?द्यान्न वितरित किया जाता है जिनमें से 12 राशन कार्ड धारकों द्वारा यह भी बयान दिया गया कि उचित दर दुकान का संचालन उचित दर विक्रेता के पुत्र नईम अहमद द्वारा किया जाता है। उचित दर दुकान पर सूचना पट पर सूचनाओं का अंकन नहीं पाया गया, आवश्यक वस्तुओं के वितरण स्केल का प्रदर्शन, जनसामान्य की जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 1076 का प्रदर्शन, कार्डधारकों की सूची का प्रदर्शन नहीं पाया गया। दुकान पर खा?द्यान्न आदि समुचित ढंग से संग्रह किये जाने की व्यवस्था भी नहीं पायी गयी। उक्त प्रकार से किया गया कृत्य उप्र आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण नियंत्रण का विनियमन) आदेश 2016 के साथ-साथ अनुबन्ध पत्र की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय है मौके से ई-पास मशीन आईरिस स्कैनर सहित व ईलेक्ट्रानिक काँटा निकटवर्ती कोटेदार व ग्राम पंचायत हाजीपुर, शिव स्वयं सहायता समूह संचालिका श्रीमती रेनू देवी की सुपुर्दगी में दी गई।

## वेस्ट-टू-वैल्यू आटर्स एण्ड कल्चरल फैस्टिवल का नगर निगम में आयोजन 28 को

**शाहजहांपुर।** महानगर क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने व कचरे के ठोस निस्तारण हेतु अथक प्रयास किये जा रहें है, जिसके दृष्टिगत महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा व नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र के अथक प्रयास से महानगर में उत्तर प्रदेश का प्रथम व प्रमुख वेस्ट टू वैल्यू आटर्स एण्ड कल्चरल फैस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन शहीद पार्क, टाउनहॉल में 28.जुलाई को प्रातः 10 बजे से होने जा रहा है, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा महानगर के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन में प्रतिभाग अवश्य करें और महानगर को साफ एवं स्वच्छ रखने तथा अनुपयोगी वस्तुओं का कैसे पुनः उपयोग कर सकें,। कार्यक्रम में अनुपयोगी वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाये जाने से सम्बन्धित थीम पर आधारित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगतायें, प्रदर्शनी, कार्यशाला व नृत्य आदि आर्कषक थीम को दर्शाया जायेगा, जो आर्कषण का केन्द्र भी रहेगी।

# घर से निकले दो बच्चे गायब,पुलिस कर रही तलाश



**बंडा।** घर से टहलने के लिए साइकिल से निकले दो नाबालिग बच्चे अपने घर नहीं पहुंचे जिसके बाद परेशान परिजनों ने बंडा थाने में तहरीर देकर उनके तलाश किए जाने की मांग की है । बंडा के गांव देवकली निवासी श्यामबिहारी राठौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र नितेश राठौर अपनी साइकिल से गांव के ही छोटे सिंह के साले गांव ब?ौरा थाना खुदागंज निवासी राजीव सिंह के 14 वर्षीय पुत्र आयुष के साथ बुधवार दोपहर बाद करीब तीन बजे घर पर किसी को बताए बिना निकले थे । काफी देर तक जब दोनों वापस घर नहीं पहुंचे तो उन्हें कई घंटों तक इधर उधर तलाश किया लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका । बृहस्पतिवार को देर शाम दोनों ने परिवार वाले थाने पहुंचे और पुलिस से उनके तलाश किए जाने की गुहार लगाई है । इधर नितेश के बड़े भाई सूरज ने बताया कि कल शाम दोनों बंडा के पड़ोस में गांव पटना के पास एक दुकान पर गए थे जहां से दुकानदार ने उनके फोटो देखकर उनकी पहचान करके बताया कि दोनों उसकी दुकान पर आए थे एक लड़के के पास साइकिल थी और वापस घर जाने के बात कहकर दुकान से गुटखा खरीदकर चले गए । इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी जयचंद गिरी ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# राजीव चौक का होगा चौड़ीकरण हटेगा अवैध अतिक्रमण

**पुवायां,शाहजहांपुर(स्वतंत्र भारत)।** नगर के राजीव चौक पर पसरे अतिक्रमण को लेकर एडीएम ने पालिका सभागार में बैठक की। इस दौरान तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। गुरुवार को पालिका सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने एसडीएम चित्रा निर्वाल व राष्ट्रीय राजमार्ग, पीडब्ल्यूडी, पालिका के साथ बैठक करने के साथ हाइवे और अतिक्रमण से जु?ी समस्याओं पर वार्ता की। उन्होंने पिंक बूथ की शिफ्टिंग, अतिक्रमण समेत अन्य कई बिंदुओं पर विचार किया गया। बैठक में उन्होंने तत्काल निर्देश दिए कि नगर में प्रत्येक दिन विशेष तौर पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाए और अतिक्रमणकारियों पर लगाम लगाई जाए। इसके अलावा दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करें और उन्होंने कहा कि नगर के वेंडिंग जोन बनवाए जाएं, दुकानों के आगे ठेले आदि लगने पर दुकानदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करें।इसके साथ नेशनल हाइवे अथॉरिटी बरेली को राजीव चौक स्थित पुलिया चौ?ीकरण के लिए पत्र भेजें।बैठक में तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अश्विनी चौहान, अवर अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रभारी निरीक्षक रवि करन सिंह पालिका ईओ कल्पना शर्मा आदि मौजूद थे।



# दबंगों ने वीडियो वायरल करने पर किसान नेता को पीटा

## रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**रोजा,शाहजहांपुर।** दबंगों के द्वारा गांव में किये जा रहे अवैध कार्यों का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने पर दबंगों ने किसान नेता की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव नुसरतपुर उर्फ बाडी गांव निवासी यासीन खां पुत्र उमर खां ने पुलिस को बताया कि पेशे से समाजिक कार्यकर्ता है और वर्तमान मे भारतीय किसान यूनियन राष्टीयता वादी आराजनैतिक संगठन से बरेली मण्डल उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। जनता के बीच जाकर इधर उधर से समस्याओ को प्रशासन को अवगत कराने का काम करता है। दंबग मुदस्सिर पुत्र लल्लन निवासी जिंदीनगर थाना रौजा व मुजम्मिल, मुजीब पुत्रगण तसदुक, शाहिल पुत्र मोनिस निवासी नुसरतपुर उर्फ बाडीगांव के अवैध कार्यों की वीडियो बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर दी थी जिसका विरोध मानते हुए रविवार को समय करीब 11 बजे रात्री वह अपनी निजी कार से ग्राम जिंदीनगर नगर पहुंचा वहीं इन दंबगो द्वारा उसकी गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी लगाकर उसको माँ बहन की गन्दी गन्दी गालियां दी विरोध करने पर इन लोगो द्वारा एक राय होकर उसकी लात घूंसो से बुरी तरह मारा पीटा जान से मारने की धमकी दी। जिससे गुम चोटे आई। मुदस्सिर ने नाजायज तमंचे से हवाई फायर किया। मामले की सूचना 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी आरोपी भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नगर में चला अतिक्रमण अभियान

## एडीएम ने चौड़ीकरण व अबैध अतिक्रमण को लेकर की बैठक



**तिलहर।** नगर पर पसरे अतिक्रमण को लेकर एडीएम न्यायिक ने पालिका सभागार में बैठक की। इस दौरान तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

गुरुवार को ब्लाक सभागार में एडीएम न्यायिक राशिद अली ने एसडीएम रविन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अवैध कट को बंद करना, , पालिका के साथ बैठक करने के साथ हाइवे और अतिक्रमण से जु?ी समस्याओं पर वार्ता की। समेत अन्य कई बिंदुओं पर विचार किया गया। बैठक में उन्होंने तत्काल निर्देश दिए कि नगर में प्रत्येक दिन विशेष तौर पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। और अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी गई कि अतिक्रमण करते है तो 5000 का जुर्माना वसूल किया जाएगा । इसके अलावा दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करें और उन्होंने कहा कि नगर के वेंडिंग जोन बनवाए जाएं, दुकानों के आगे ठेले आदि लगने पर दुकानदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करें।इसके साथ नेशनल हाइवे अथॉरिटी को पूर्वी अवैध कट बंद करने को कहा गया।बैठक अधिशासी अधिकारी सतेन्द्र प्रकाश ,सौरभ गुप्ता रवि नगर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उत्तर व्यापार प्रतिनिधि मंडल, महामंत्री जहिर अली कोषाध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, युवा अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, युवा महामंत्री सुनील गुप्ता चोटीवाला, युवा कोषाध्यक्ष गौतम गुप्ता, अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, चांद अंसारी, आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने कर लिया गरीब की जमीन पर अवैध कब्जा

## जिला पंचायत सदस्य के साथ डीएम को मिलकर दिया ज्ञापन

**शाहजहाँपुर।** ग्राम बरतारा के ग्रामीणों ने दबंगों द्वारा गरीब की जमीन बिना बैनामा के हड़पने एवं लेखपाल की मिली भगत से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने के खिलाफ ज्ञापन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य सूरज तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सौंपा गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव की सार्वजनिक जमीन गाटा संख्या 77 पर कुछ दबंग लोग जबरन निर्माण कार्य कर रहे हैं और आपत्ति करने पर धमकियाँ दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रामलली के पूर्वजों ने कभी अपनी जमीन नहीं बेची है, लेखपाल की मिली भगत से उसके पति की जमीन संजय गुप्ता के नाम चली गई, जिससे सही करने का मुकदमा उपजिलाधिकारी सदर के यहां विचाराधीन है। लेखपाल बिना किसी टीम बनाए, बिना ग्राम प्रधान , बिना पड़ोसी खातेदारों की सहमति से विपक्षी से मिलकर लेखपाल विनोद राना उक्त भूमि एवं गाटा संख्या 77 जमीन ग्राम समाज की है, जो वर्षों से खाली पड़ी है, उस पर 21 जुलाई को नींव खुदवा दी। ग्रामीणों की आपत्ति पर पुलिस ने तत्काल काम रुकवा दिया, किन्तु लेखपाल जबरदस्ती काम करने पर आमादा रहे। इस अवैध कब्जे की कार्यवाही से गांव में कानून व्यवस्था की समस्या बनी हुई है क्योंकि उपरोक्त लोग दबंग किस्म के हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस मामले की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और एवं अवैध कब्जा रुकवाया जाए। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में शामिल प्रमुख रामलली, सावित्री, बबली, कुसुमा, रामबेटी, रोहित आदि मौजूद रह

# नगर आयुक्त ने सफाई, निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाहजहांपुर ।** महानगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर रह सके, इसके दृष्टिगत नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र द्वारा प्रातः काल महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में निकलकर सफाई व्यवस्था, प्रकाश बिंदुओं, शुद्ध जलापूर्ति आदि व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाता है। इसी क्रम में आज नगर आयुक्त द्वारा महानगर क्षेत्र के चिनौर वार्ड, सिविल लाइन में स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई के कार्य को देखा तथा अपनी उपस्थिति में सफाई के कार्य को कराया गया। मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय सफाई नायक को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में स?क के किनारे-किनारे उगी झा?ियों की कटाई-छटाई का कार्य व गलियों में सफाई के कार्य को बेहतर ढंग से कराया जाए, जिससे महानगर को आगामी समय में नगर निगम, को सर्वोत्तम स्थान प्राप्त हो सके। इसके साथ ही क्षेत्र में भ्रमण कर जन-मानस से अपील की गई कि वे घरों से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग कर नगर निगम द्वारा संचालित कू?ा वाहन गा?ी को ही दे, जिससे क्षेत्र में कहीं में कू? का ढेर न लगे और क्षेत्र में सफाई रह सके। उन्होंने लाल इमली चौराहा स्थित रोशनी गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय रोशनी गोदाम से महानगर क्षेत्र में निकलने वाले कू?ा वाहन, प्रकाश वाहन की गा?ियों आदि के विषय में जानकारी ली गयी तथा सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि कू?ा वाहनों को रोशनी गोदाम से ससमय रवाना करे, जिससे महानगर क्षेत्र में लगे कू? के ढेर को समय से उठाया जा सके और उसका निस्तारण भी कराया जाए। नगर निगम कार्यालय में जन-मानस की सुविधा हेतु स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कंट्रोल रूम में रखे रजिस्टर में महानगर क्षेत्र से प्राप्त होने वाली शिकायतों-समस्याओं की सूची को देखा तथा सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जन-मानस द्वारा प्राप्त होने वाली शिकायतों-समस्याओं को प्राथमिकता पर दर्ज कर तत्काल से सम्बंधित विभाग को भेजकर समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। उक्त निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी व दिलीप शुक्ला तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों से अवैध वसूली करने वाले युवक पकड़े गए

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुर के पास कांवरियों के डीजे की परमिशन चेक करने के बहाने अवैध वसूली करने वाले चार युवकों को ग्रामीणों की सतर्कता और कांट पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पकड़ा गया। इनमें से एक युवक जलालाबाद का सभासद बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, चार युवक कांवरियों की ट्रॉलियों को रोककर डीजे की परमिशन चेक करने का दावा कर रहे थे। परमिशन न होने पर वे ५०० रुपये लेकर प्रोफार्मा बनाकर फर्जी परमिशन जारी कर रहे थे। स्थानीय भाजपा नेता संतोष दीक्षित को इस अवैध गतिविधि की सूचना मिली, जिन्होंने कांट पुलिस को सूचित किया। पुलिस के पहुंचने पर एक युवक भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने उसे जलालाबाद से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कांट पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कांवरियों से अवैध वसूली और फर्जी परमिशन जैसे कृत्यों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस और संतोष दीक्षित की तत्परता की सराहना की।

# नवनिर्मित इंटरलॉक गली का एसडीएम में फीता काटकर शुभारंभ किया

**जलालाबाद(स्वतंत्र भारत)।** बार एसोसिएशन जलालाबाद के पदाधिकारी में उत्साह है बार महासचिव अरुण कुमार शर्मा की मेहनत रंग लाई है वर्षों से लंबित अधिवक्ताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बार एसोसिएशन के महासचिव द्वारा तहसील पर अधिवक्ताओं के बिस्तरों के इर्द-गिर्द बनी गलियों में इंटरलॉक ईंट बिछाई जाने की मांग तत्कालीन एसडीएम से की थी। जिसे नगर पालिका द्वारा स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर इस काम को कर दिया गया है जिससे अधिवक्ताओं में हर्ष है।



आज उप जिलाधिकारी प्रभात राय द्वारा फीता काटकर इंटरलॉक गली का तहसील परिसर में शुभारंभ किया गया इससे पूर्व बार महा सचिव ने एसडीएम प्रभात राय का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान बार महासचिव अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि अधिवक्ताओं की इस मांग को उनके कार्यकाल में प्राथमिकता के आधार पर करा दिया गया है। जिससे उन्हें आत्मीय आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा एक वर्ष के कार्यकाल में जितना भी संभव हो सकता है वह अधिवक्ता हित में कार्य कराने के प्रति अग्रसर रहेंगे और भी कई बड़े काम किए जाने शेष हैं यदि शासन व प्रशासन का सहयोग मिला तो शीघ्र अन्य कामों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष शकील अहमद खान, वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद चंद शर्मा, श्याम बाबू सिंह, राकेश श्रीवास्तव, सादिक अली खान, करतार सिंह, मुनेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिजली समस्या से मुक्ति दिलाने को विधायक ने कसी कमर

## जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधुत समस्या से उर्जामन्त्री को लिखित कराया अवगत

**जलालाबाद(स्वतंत्र भारत)।** क्षेत्र की जनता को बिजली की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं उन्होंने उ. प्र. सरकार में ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर अलग-अलग क्षेत्र की अलग-अलग समस्याओं से अवगत कराया व लिखित रूप से उनको पत्र भी सोंपे। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने बिजली की समस्या को देखते हुए जितने प्रयास अब तक किए हैं पूर्व में जन प्रतिनिधियों ने यदि इतने प्रयास किए होते तो अभी तक समस्या से मुक्ति मिल गई होती।



**समस्या नम्बर-1**

नगर पंचायत कलान के लिए उन्होंने 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र निर्माण किए जाने हेतु कलान में भूमि उपलब्ध करा दी है इस संबंध में उन्होंने ऊर्जा मंत्री को पत्र देकर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए संबंधित को निर्देशित करने के लिए कहा है।

**समस्या नंबर-2**

ऊर्जा मंत्री को पत्र देकर उन्होंने बताया की विधानसभा 132 जलालाबाद में तहसील कलान के उपकेंद्र की क्षमता 30 एमवीए है यहां 33 केवए की एक ही लाइन है जिसके कारण क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। धान की फसल के समय बिजली घर पर भार 2500 से 2600 एम्पियर हो जाता है जिसके चलते लोकल स्तर पर विभाग द्वारा रोस्टिंग की जाती है रोस्टर के अनुसार 10 से 12 घंटे ही विद्युत आपूर्ति हो पाती है जिससे इस क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी रहती है।

**समस्या नंबर-3**

पूरे विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर क्षमता वृद्धि अधिक होने के कारण उन स्थानों पर महीने में चार-चार बार ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं क्षमता वृद्धि की समस्या के लिए विभाग द्वारा भी कई बार पत्राचार किया जा चुका है क्षमता वृद्धि करने से विभाग का भी व्यय कम होगा। विधायक श्री वर्मा ने पूरे विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कराए जाने की ऊर्जा मंत्री से मांग की।

**समस्या नंबर-4**

तहसील कलान के ब्लाक मिर्जापुर में उपकेंद्र की क्षमता 15 एमबीए है जिससे धान की फसल के समय बिजली घर पर भार 1200 से 1400 अंपायर हो जाता है जिसके कारण लोकल स्तर पर विभाग द्वारा रोस्टिंग का क्रम चलता है ग्रामीण क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं की जाती है जिससे जनता को विद्युत संबंधित समस्या का सामना करना पड़ता है उन्होंने यहां मिर्जापुर उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि 20 एमवीए करने के लिए ऊर्जा मंत्री को पत्र सौंपा है।

**समस्या नंबर-5**

विधायक श्री वर्मा ने ऊर्जा मंत्री को बताया की तहसील जलालाबाद के उपकेंद्र की क्षमता 25 एमवीए है जिससे धान की फसल के समय बिजली घर पर भार 1800 से 2000 एम्पियर हो जाता है जिससे लोकल स्तर पर विभाग द्वारा रोस्टिंग की जा रही है ग्रामीण क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जाती है जिससे जनता को विद्युत संबंधित समस्या का सामना लगातार करना पड़ता है। उन्होंने जलालाबाद के निकटवर्ती क्षेत्र में अतिरिक्त क्षमता का नया उपकेंद्र बनाए जाने के लिए ऊर्जा मंत्री को पत्र देकर अवगत कराया।

**समस्या नंबर-6**

विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने ऊर्जा मंत्री को पत्र देकर बताया की 28 जनवरी 2025 को उनके कार्यालय द्वारा जारी पत्र में विधानसभा 132 जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर के जलालाबाद खण्ड के अंतर्गत आरडीएसएस योजना के लेफ्ट ओवर हाउसहोल्ड स्कीम में 62 मजरे ग्राम स्वीकृत हुए थे जिनकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात भी कार्य अभी तक आरंभ नहीं हो सका है जिससे क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अतिशीघ्र कार्य आरंभ करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की मांग की है।

# बेहटा जंगल गांव की चरमराई विद्युत व्यवस्था

## साहित्यकार विष्णुदत्त द्विवेदी ने लिखा प्रधानमन्त्री को पत्र

**जलालाबाद(स्वतंत्र भारत)।** वर्ष 2016 में जलालाबाद तहसील से काटकर बनाई गई तहसील कलान की बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत बेहटा जंगल के लिए विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न होने तथा बेहटा जंगल में रखे गए अनुपयुक्त मात्र 63 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर न्यूनतम 500 केवीए का नवीन ट्रांसफार्मर रखवाने विषय में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड जलालाबाद को दिए गए प्रार्थना पत्रों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया जिससे ग्राम वासियों में रोष है। प्रधानमंत्री को संबोधित प्रार्थना पत्र विष्णु दत्त द्विवेदी साहित्यकार द्वारा प्रेषित कर विद्युत सप्लाई ठीक किए जाने की मांग की है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रार्थना पत्र भेज कर गांव की इस जटिल समस्या से अवगत कराते हुए श्री द्विवेदी ने बताया कि बेहटा जंगल ग्राम पंचायत कलान की बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत है। जिसमें विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं दी जा रही है जबकि अधिशासी अभियंता का असत्य रूप से कहना कि आपूर्त सुचारू रूप से चल रही है मिथ्या है। श्री द्विवेदी ने बताया कि 63 केवीए का ट्रांसफार्मर गांव में रखा है जो ग्राम पंचायत की जनसंख्या के अनुपात में काफी कम है बरसात के मौसम में विद्युत आपूर्ति आवश्यक होनी चाहिए जबकि यहां बिजली नदारद है। ट्रांसफार्मर रखने के बाद तीसरे दिन वह खराब हो जाता है ट्रांसफार्मर रखने का कर्मचारी पैसा मांगते हैं। लाइन फाल्ट होने के बाद लाइनमैन महीनों देखने नहीं आते, लाइनमैन के फोन में इनकमिंग सुविधा नहीं होती ताकि शिकायत कर समस्या से अवगत कराया जा सके। पत्रांक 3275/विद्युत वितरण खण्ड जलालाबाद दिनांक 21.9.2023 वह पत्रांक 3803 दिया गया था जिसमें 500 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई थी लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं की गई अधिशासी अभियंता विद्युत जलालाबाद के कथन को भ्रामक बताया है श्री द्विवेदी ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप कर विद्युत व्यवस्था ठीक करने की मांग की है।

# महिलाओं के अधिकार छीन रही सरकार : गायत्री

## सपा महिला सभा ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में दिया ज्ञापन

**शाहजहांपुर ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के आवाहन पर सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में महानगर के खिरनी बाग जीआईसी मैदान के पास सैकड़ो महिला सभा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुई जहां से जुलूस के रूप में उत्तर प्रदेश की सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम प्रियंका चौधरी को दिया। महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में महिलाओं पर दिन पर दिन अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं उन्होंने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का



झूठा नारा देने वाली भाजपा सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा नहीं कर पा रही है। महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा ने कहा भाजपा सरकार गरीब, पिछड़ों,दलितो अल्पसंख्यको व बेसहारा लोगों के बच्चों से उनकी शिक्षा का अधिकार छीनती जा रही है जिसे समाजवादी महिला सभा बर्दाशत नहीं करेगी। इस अवसर पर महिला सभा की प्रदेश सचिव सरिता सागर, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान,सपा नेत्री डॉ सुची कश्यप,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,महिला सभा के जिला उपाध्यक्ष जाफरीन, महिला सभा की नगर विधानसभा अध्यक्ष पार्वती सैनी, महिला सभा की जिला सचिव आरती यादव, खुर्शीदा बेगम,सिमरन,कृष्ण कठेरिया,शीतल कुमारी केवट, मुस्कान, ?बा, लीलावती,रुकैया, सावित्री कठेरिया,रोशन,शारदा, राजदा, गुलशन, सविंदा पटेल, अफरोज, निशा,नीशू श्रीवास्तव,अनिता राना, सुनीता,रीता सागर,मुन्नी सिंह ठाकुर,रामवती जाटव,सत्येंद्र कुमार यादव, ह?ी? अंसारी, पार्थ यादव, प्रसून कुमार कनौजिया, राजपाल कठेरिया एडवोकेट,खि?र महबूब खान, इंद्रावती, नीतू यादव,ज्योति भारद्वाज,रानीवाती, सविता, डौली कठेरिया,दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, गुफरान खान, मोहसिन खान,अमन खान, शीतल कश्यप आदि मौजूद रही।

# खुटार रेंजर मनोज बरेली अटैच, सिंधौली के रेंजर को मिला चार्ज

## रेंजर मनोज श्रीवास्तव के कार्यकाल में सबसे अधिक हुआ अवैध कटान

**खुटार।** रेंजर खुटार मनोज श्रीवास्तव को अवैध कटान कराने के कारण बरेली अटैच किया गया है। उनके स्थान पर सिंधौली के रेंजर को खुटार का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। बताया जाता है कि रेंजर मनोज श्रीवास्तव के कार्यकाल में कई बार जंगल से दर्जनों पे?ो का सफाया किया गया। उच्च अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश भी दिए थे। रेंजर अपनी पहुंच के कारण अंगद की तरह मैलानी रेंज में पॉव जमाये बैठे थे। इतना ही नही सेवानिवृत्त हो चुके वन दरोगा अशोक चतुर्वेदी को भी अपने निजी तौर पर सहयोग के लिए रोक रखा था। अशोक चतुर्वेदी रेंज में बाबू का कार्य कुशलता से करते थे। उनको पता था कि सरकारी धन का दुरुपयोग किस प्रकार से किया जा सकता है। रेंजर मनोज श्रीवास्तव पर दर्जनों देशी आम के बागों को कलमी बताकर अवैध रूप से कटवाने का आरोप भी लगता रहा लेकिन कार्यवाही होने के नाम पर सिर्फ खानापूरी होती रही। इसके अलावा विभागीय कर्मियों पर दवाव बनाकर फर्जी मस्टररोल भरवाकर सरकारी धनराशि के दुरुपयोग करने के भी आरोप लगते रहे है। इतना ही नही जब सही अभियुक्त गिरफ्तार नही कर पाये, तो कई निर्दोषों को जेल भी भिजवाया। रेंजर मनोज श्रीवास्तव के कार्यकाल में कराए गए कार्यो की जांच कमेटी गठित कर की जाए तो लाखों रुपये का घोटाला पक?ा जा सकता है। रेंजर के प्रत्येक गलत कार्यो में वन दरोगा कथित बाबू पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। क्योंकि कथित बाबू सेटिंग कराने में माहिर था। खुटार रेंज में अधिकांश ठेकेदार बाबू के माध्यम से ही अपनी सेवा रेंजर तक भिजवाता था।

# सडाखास पहुंचीं विधायक सलोना कुशवाहा, किसानों से की मुलाकात

## खाद की किल्लत से जूझ रहे है किसान, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

**शाहजहाँपुर।** खाद लेकर परेशान किसानों का दर्द -प्रशासन तक नहीं पहुंचा तो तिलहर विधायिक सलोना कुशवाहा खुद मौके पर सांडा खास पहुंचीं। वहां मौजूद सैकड़ों किसानों की शिकायतें सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। विधायिका ने कहा कि कृषि सामग्री की आपूर्ति में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी किसान खाद या अन्य कृषि संसाधन लेने आए, उसे समय से और पूरी मात्रा में सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम पर रोजाना की निगरानी हो



और कालाबाजारी की शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जाए। किसानों ने बताया कि खाद के लिए उन्हें कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ता है, फिर भी उन्हें पूरा कोटा नहीं मिल पाता। इस पर विधायिका ने समिति प्रबंधक से जवाब मांगा और साफ कहा कि अन्नदाता को तवज्जो देना सरकार की प्राथमिकता है, इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। किसानों ने विधायिका के हस्तक्षेप पर संतोष जताया और उम्मीद जताई कि अब खाद की समस्या से उन्हें जल्द राहत मिलेगी। मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# मंदिर का सौंदर्यीकरण होने से भक्तों में खुशी



**शाहजहांपुर।** ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने निर्वाचन क्षेत्र ददरौल के अंतर्गत विकास खंड कांट के ग्राम भैसटाकला स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं ग्राम मरेना स्थित प्राचीन शिव मंदिर का पर्यटन विभाग द्वारा सौन्दर्यीकरण कराए जाने हेतु पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को पूर्व में पत्र लिखा था। मंत्री ने मंदिर को पर्यटन विकास योजना में सम्मिलित कर लिया है। शीघ्र ही विकास कार्य भी प्रारंभ होगा.। मंदिर के सौंदर्यीकरण होने से शिव भक्तों में खुशी है।

# जिला गंगा समिति ने किया पृथ्वी ओवरशूट दिवस कार्यशाला का आयोजन

**शाहजहांपुर।** जिला गंगा समिति व जी आई जेड के संयुक्त तत्वाधान में प्रभागीय एवं गंगा सभागार वन विभाग शाहजहांपुर में अर्थ ओवरशूट डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप उपस्थित राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश की यूनिट हेड सोनालिका सिंह ने कहां कि यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान नहीं करेंगे तो एक दिन हम प्रकृति से निकल जाएंगे, हमें अपनी भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कटौती करके करना है ताकि आने वाली पीढ़ी प्राकृतिक संसाधनों का लाभ प्राप्त कर सके। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त श्रम एवं रोजगार मनरेगा यशोवर्धन सिंह ने नदी संरक्षण एवं पुनरोद्धार पर चर्चा की व नमामि गंगे अभियान को महत्वपूर्ण कड़ी बताया। जी आई जेड के जल संसाधन विशेषज्ञ अविरल सक्सेना जी ने जिला गंगा योजना अंतर्गत चिन्हित बिंदु जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, आद्रभूमि प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, औद्योगिक प्रदूषण, विषय विशेषज्ञ द्वारा क्षमता संवर्धन गंगा ग्राम अंतर्गत आर आर सी सेंटर, जल निकासी व तालाब इत्यादि पर वृहद चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों से जिला गंगा योजना के क्रियान्वयन हेतु अपेक्षाएं व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रभागीय वन अधिकारी/ सचिव जिला गंगा समिति शाहजहांपुर विनोद कुमार ने कहा कि मनुष्य ने प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग सीमा से बाहर कर लिया है, जिससे पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है। यह दिन आर्थिक विकास के साथ-साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की भी याद दिलाता है। जिला परियोजना अधिकारी डॉ0 विनय कुमार सक्सेना ने कुशल मंच संचालन किया। कार्यशाला अंतर्गत जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, अधिशासी अधिकारी कांट नूर जहां, अधिशासी अधिकारी तिलहर सतेन्द्र प्रकाश, सहायक अभियंता जल निगम विनय शाक्य सहित लघु सिंचाई विभाग, समस्त नगर निकाय के नोडल ऑफिसर, गंगा ग्रामों से सचिव, ग्राम विकास अधिकारी आदि समिति के समस्त सदस्यगण, गंगा विचार मंच से राकेश कुमार पाण्डेय ने जैविक उत्पाद भेंट करते हुई कार्यक्रम की सराहना की व डा0 रूपक श्रीवास्तव ने स्वलिखित उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा अनुदानित पुस्तक कोरोना व विकास की ज्योति देकर अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विशेष सहयोग के रूप में गंगा समग्र, लोक भारती, एन जी ओ, मानवता वेलफेयर सोसाइटी, युवा सर्व कल्याण समिति उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न हितकारी स्वयंसेवी संगठन उपस्थित रहे।

# जाम से लोग परेशान, रोड किनारे खड़े रहते कई वाहन

**शाहजहांपुर।** त्योहारों की सीजन से ही जाम की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं पंद्रह अगस्त, रक्षाबंधन के कुछ दिन शेष रह गए लोग मार्केट जाकर अपने रिश्तेदारों परिवार के सदस्यों के लिए कपड़े अन्य सामान खरीदने के लिए आ जा रहे हैं इस कारण शहर के विभिन्न चौराहे जाम से व्यस्त दिखे । लोगों को जाम में फंसना पड़े लोग सोच रहे थे कि क्यों ना गलियों का सहारा लिया जाए लेकिन वहां पर भी जाम क्योंकि गली गली निकलने की अभिलाषा में वाहनों की लंबी कतारें गलियों में भी लग गई थी शहर के पास इलाके सदर चौराहे मकान की चौराहे पर पंखी चौराहे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई क्योंकि यहां पर पर्याप्त ट्रैफिक कर्मी तैनात नहीं थे जो यातायात को दिशा दे सके लोग तो जल्दबाजी में अपने वाहनों को निकालने के चक्कर में आड़ी तिरछी गाड़ियां निकालने लगे तो जाम लग गया वाहनों बालों को दिशा देने वाला यदि कोई ट्रैफिक कर्मी होता तो जाम नहीं लगती जाम लगने का एक कारण नो पार्किंग में खड़े वाहन भी है जो की सड़कों पर खड़े हैं खड़े हैं यातायात पुलिस मेहरबान है क्योंकि जो क्रेन अभियान पहले चल रहा था अब कम हो गया है इस कारण लोग अपने चौपाई और दुपहिया वाहन सड़कों पर खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने चले जाते हैं। ऐसी जाम अंजान चौकी चौराहे पर लगी रही। यहां पर भी कुछ पुलिसकर्मी घंटों मशक्कत करते रहे और जाम की समस्या रात तक ऐसी ही बनी रही ऐसी जाम लाल इमली चौराहे पर लगी जो की दोपहर से रात तक जारी रही यहां वाहनों की कतारें 2 से 3 किलोमीटर तक लग गई लोग काफी परेशान दिखे ट्रैफिक की समस्या रोड के चौड़ीकरण के बाद कम हुई है कुछ चौराहे इतने व्यस्त हैं जहां जाम कम होने का नाम ही नहीं ले रहा।

# समुद्र पार राखी भेज सकेगी बहने

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी स्थित डाकघर में राखी वाले लिखा पर आ गए हैं खाली देश और अंतर्राष्ट्रीय देश में बहने और महिलाएं अपने भाई को राखी भेज सकेंगे रोज डाकघर के डाकपाल ने बताया महिलाएं बहाने सुहाग ने अपने भाइयों को साथ समुंदर पार भी राखी भेज सकेंगे अब किसी भाई की रक्षाबंधन पर कलाई सोनी नहीं रहेगी अभी तक सात समुंदर पार रहने वाले भाइयों की कलाई सोनी रहती थी बहाने राखी नहीं भेज पाती थी लेकिन इस बार रोजा जंक्शन उप डाकघर और डाकघर में विदेश में राखी भेजने के लिए लिफाफे आ गए हैं जिससे सभी बहने और माताएं सुहाग ने अपने भाइयों को राखी बाहर भेज सकेंगे अब किसी भाई की कलाई सोने नहीं रहेगी जो महिलाएं जो सुहाग ने अपने भाई के पास सात समुंदर पार दूर नहीं पहुंच सकती हैं वह डाक के माध्यम से अपनी राखी भेज सकती : जो महिलाएं जो सुहाग ने अपने भाई के पास सात समुंदर पार दूर नहीं पहुंच सकती हैं वह डाक के माध्यम से अपनी राखी भेज सकती हैं

# भगवान शिव की पूजा से मिलता मनचाहा वरदान. रामसेवक

**शाहजहांपुर।** सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। दुर्गा मंदिर पुजारी रामसेवक मिश्रा ने



बताया कि महीना भगवान शिव को समर्पित है और इस दौरान की गई पूजा से कई गुना अधिक फल प्राप्त होता है. सावन में शिव पूजा से कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर और विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है, सावन में भगवान शिव की पूजा करने से कुंडली में मौजूद विभिन्न ग्रह दोष, विशेषकर चंद्रमा और शनि से संबंधित दोष दूर होते हैं. इस महीने में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. सावन में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. शिव पूजा से कुंडली के ग्रह दोष, विशेषकर शनि और चंद्र दोषों का निवारण होता है. सावन में शिव पूजा से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है.कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है. विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता हैभगवान शिव को ÷महामृत्युंजय÷ कहा जाता है, इसलिए उनकी पूजा से असाध्य रोगों से भी मुक्ति मिलती है. । श्री मिश्र ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव की पूजा उपासना एवं उपवास के लिए है। भगवान शिव को श्रावण मास सर्वाधिक प्रिय है। सती ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ में अपना शरीर होम करने के बाद जब उन्होंने हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया तब उन्होंने श्रावण मास में भगवान शिव की विधिवत पूजा उपासना की थी। इसके कारण उन्होंने भगवान शिव को पुन÷ पति के रूप में प्राप्त किया। इसी कारण भगवान शिव को यह मास बहुत प्रिय है। श्रावण में सोमवार का दिन तो भगवान शिव की पूजा का ही दिन है। श्रावण मास के प्रथम सोमवार से सोलह सोमवार तक व्रत करने पर मनोकामना की पूर्ति होती है।

# कैम्ब्रिज कान्वेंट की हो रही सराहना

**पुवायां-शाहजहांपुर।** तहसील पुवायां स्थित कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल में जो शिक्षा छात्र छात्राओं को दी जा रही है वह बेहतर है जिसकी लोग सराहना करते हैं। कैम्ब्रिज कान्वेंट के डायरेक्टर रचित अग्रवाल व विनायक अग्रवाल का कहना है कि उनका स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा जगत में अलख जगा रहा है। यहां से जो शिक्षा ग्रहण कर छात्र छात्राएं बाहर पढने के लिए जाते हैं तो उनकी सराहना होती है और उनसे यह पूछा जाता है कि इस टैलेंट को आपको ने कहां से ग्रहण किया है तब छात्र छात्राओं को कहते यह खुशी होती है कि उन्हे शिक्षा कैम्ब्रिज कान्वेंट पुवायां से मिली है। कैम्ब्रिज कान्वेंट लगातार बच्चों के भविष्य को अच्छा करने के लिए प्रयासरत रहता है यहां के अध्यापक योग्यता की हर कोई सराहना करता है तथा इनके डायरेक्टरों से भी अभिभावकगण संतुष्ट रहते हैं।

# राज्यमंत्री ने जताया शोक

**शाहजहांपुर।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ०प्र०/प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र कश्यप ने गाँव-प्रतापपुर गहबरा, थाना-मदनापुर, विधानसभा ददरौल, जनपद-शाहजहाँपुर में श्री नेकराम कश्यप के पुत्र स्व० अरबिन्द कश्यप की हत्या के उपरान्त उनके परिवारीजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

## मंत्री ने विद्युत आपूर्ति समस्या का परमानेंट समाधान कराने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार के पिछ?ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था व राजस्व कार्यों की की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह ने योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग एवं प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट, ड्रिप मोर क्रॉप, खराब ट्रांसफॉर्मर की शिकायतें, दैनिक विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण व शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम-कुसुम, बीज डी0बी0टी0, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, भवन एवं स?क निर्माण, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, बेसिक शिक्षा विभाग, शादी अनुदान, मत्स्य उत्पादन, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग तथा योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तार से बताया। मा0 मंत्री ने जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा। मुख्य रूप से जनप्रतिनिधियों ने बिजली आपूर्ति की समस्या रखी। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक बिजली की समस्याओं से जूझना प? रहा है। मा0 प्रभारी मंत्री ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बिजली विभाग को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि तकनीकि हाई लेवल कमेटी बनाकर बिजली की खपत, ओवर लोडिंग, बिजली कटौती की पूर्ण जांच कराई जाए तथा विद्युत आपूर्ति का परमानेंट समाधान निकला जाए। शासन की मंशानुसार विद्युत आपूर्ति दी जाए। मंत्री ने जनपद में अवैध अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड सेंटर, की जांच के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देशित किया। उन्होने युवा कल्याण अधिकारी को प्राप्त खेल कीट निर्धारित गांवों में वितरित करने के भी निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता जल निगम को हर घर जल योजना के तहत संचालित पेयजल योजनाओं को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। पेयजल योजना के निर्माण एवं प्रगति में गुणात्मक सुधार एवं तेजी लाए जाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं चालू हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से ही जनपद का विकास होगा। ? मंत्री कहा कि हम सभी का उद्देश्य जनपद शाहजहांपुर का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का नियमानुसार पात्रों को लाभ दिलाना है। पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए।मंत्री जी द्वारा जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए विवेचना, ईनामी बदमाश, जिलाबदर, रासुका, गिरोह बन्द, एस0सी0एस0टी0 सहित अन्य सुरक्षा बिन्दुओं के बारे में अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में जब आए थे तब रैंक 30 थी, फिर सुधार हुआ है पिछली रैंक तीसरी थी इस बार प्रथम आए है। उन्होंने पूर्व में सम्पन्न त्योहारों के संबंध में बताया कि, सभी त्यौहार सकुशल संपन्न हुए है। श्रावण मास पर कांव? यात्रा पर कांव?ियों की सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कांव?ियों की सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की गई ही, काव? यात्रा को पुलिस सुरक्षा में जत्थों में रवाना किया जा रहा है जिसमें आगे तथा पीछे सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं। इस इस अवसर पर एमएलसी सुधीर कुमार गुप्ता, पुणे विधायक चेतराम, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, सरकारी बैंक के जिला अध्यक्ष डीपीएस राठौर, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अजय प्रताप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित औषधि वन वाटिका फिर हरा भरा बनाएगा वीआईपी

**शाहजहांपुर।** नगर निगम, केए कालेज गेट के निकट अस्पताल परिसर के पास पूर्व में विकसित किये गए औषधि वन वाटिका में वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के सदस्यों द्वारा नगर निगम के सहयोग से स?ाई एवं पौधारोपण का किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा ग्रुप के सदस्यों के साथ पौधे रोपित करते हुए कहा कि बा? की वजह से यह औषधि वन वाटिका में पौधे क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिनके स्थान पर आज वीआईपी ग्रुप के द्वारा पुनः हरा भरा बनाने का संकल्प लेकर पौधारोपण किया गया है। ग्रुप क्रियेटर अभिनय गुप्ता ने बताया कि विगत वर्षो में औषधि वन वाटिका में क?ी मेहनत मशक्कत



करके मटका विधि से सैक?ों औषधीय पौधे नगर निगम टीम द्वारा रोपित कराये गए थे, जिसे पुनः वी.आई.पी. ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य सफाई एवं खाद निरीक्षक हरवंश दीक्षित, नगर निगम टीम एवं औषधि वन के केयर टेकर संजय अग्रवाल, ग्रुप की पौधारोपण मुहिम की प्रभारी ज्योति गुप्ता , संयोजक रिद्धि बहल , नु?हत अंजुम , विजय शंकर मिश्रा व अवधेश शुक्ला एवं संरक्षक संजय अग्रवाल , सतीश सक्सेना , एडवोकेट पुनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## आशाओं ने प्रदर्शन कर की बीसीपीएम को हटाने मांग



**बिजुआ खीरी।** खीरी के बिजुआ ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने बीसीपीएम राममोहन अवस्थी को हटाने की मांग की है। आशा कार्यकर्ताओं ने 11 जुलाई को संचारी और दस्तक अभियान का बहिष्कार किया था और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा था। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि बीसीपीएम राममोहन अवस्थी आशा कार्यकर्ताओं से अभद्र व्यवहार करते हैं। आशाओं का आरोप है कि बीसीपीएम हर वाउचर पर 200 रुपए और 4500 रुपए में से 1000 रुपए की मांग करते हैं। साथ ही प्राइवेट अस्पताल में डिलीवरी की राशि का आधा हिस्सा भी मांगते हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीसीपीएम अनुचित भाषा का प्रयोग करते हैं। अगर कोई आशा कार्यकर्ता किसी कारण से काम पर नहीं आ पाती है, तो उनसे अपमानजनक व्यवहार किया जाता है। इस मामले में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुभाष वर्मा ने 11 जुलाई को बीसीपीएम और आशा कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर दोबारा ऐसी शिकायत आई तो कार्रवाई की जाएगी। लेकिन 24 जुलाई को आशा कार्यकर्ताओं ने दोबारा एक ज्ञापन सीएचसी प्रभारी को देकर बीसीपीएम को हटाने की मांग की है।

सीएचसी प्रभारी ने कहा कि आशाओं की मांग महत्वपूर्ण है और इनकी मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। प्रथम दृष्टया बीसीपीएम का रवैया ठीक नही है। आशा संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष रजनी मिश्रा ने बताया कि मार्च से आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जब तक बीसीपीएम राममोहन अवस्थी को नहीं हटाया जाएगा, तब तक वे काम नहीं करेंगी। साथ ही संचारी रोग व दस्तक का कार्य भी कोई आशा कार्यकर्ता नहीं करेगी।

# बारिश में भीगकर विधायक ने किया कटान क्षेत्र का निरीक्षण

**बिजुआ खीरी।** गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दाऊदपुर ग्राम पंचायत का दौरा किया। उन्होंने सरदार मोहन सिंह के यहां कार्यकर्ताओं के साथ विकास और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

विधायक ने जगत पाल गुप्ता के घर पर गांव की समस्याओं को सुना। किसानों के साथ यूरिया खाद की उपलब्धता पर भी बातचीत की। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उन्होंने अधिकारियों से संपर्क किया। बूथ अध्यक्ष चेतराम वर्मा के यहां भाजपा संगठन के मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। हुजूरपुर और बेचेपुरवा में बाढ़ कटान का निरीक्षण इस दौरे का मुख्य उद्देश्य था। भारी बारिश के बीच विधायक बेचेपुरवा बंधे पर पहुंचे। वहां उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। बारिश में भीगते हुए पूरा निरीक्षण किया और अधिकारियों को बंधा कटान रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की। उनका कहना था कि बारिश में विधायक का आना ही उनकी आधी समस्या



हल कर देता है। विधायक के आदेश के बाद जेसीबी से बेचेपुरवा के बंधे पर काम शुरू हो गया। इससे स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की। इस अवसर पर गुरदीप सिंह, निर्मल सिंह, प्रमुख वीरेन्द्र भूषण, वेद दीक्षित, प्रधान कलेक्टर राज, प्रधान दाऊदपुर सज्जन खान, प्रधान बलराम मौर्य, पूर्व प्रधान श्रवण मिश्रा, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश भार्गव, पंकज मिश्रा, सभासद भोली गिरी, सभासद रक्षपाल, सभासद राजू रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। विधायक अमन गिरी अपने पिता स्वर्गीय अरविंद गिरी की तरह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य गोला का सर्वांगीण विकास करना है।

## मार्ग दुर्घटना में धायल हुए कांवड़िए की मदद को जुटाए पचास हजार

स्वतंत्र भारत

**सिंगाही-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ से जलाभिषेक कर लौटते समय ट्राली की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए सिंगाही कस्बे के सोहन के इलाज में सोशल मीडिया वरदान साबित हुआ है। दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले सोहन की आर्थिक मदद के लिए सोशल मीडिया पर चलाई गई मुहिम के तहत लोगों ने लगभग 50 हजार रुपये की ऑनलाइन सहायता भेजी है। गौरतलब है कि बीते सोमवार को गोला से जल चढ़ाकर लौटते समय ट्रैक्टर और ट्राली की आपसी टक्कर में सिंगाही के वार्ड नंबर 11 निवासी सोहन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे में उनका एक पैर कट गया, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सोहन का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। इलाज के लिए परिवार के पास संसाधनों की भारी कमी थी। ऐसे में समाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए आर्थिक मदद की अपील की। मंगलवार से बुधवार के बीच विभिन्न लोगों द्वारा करीब 50 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन भेजी गई, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली है। इस मदद से अब सोहन के बेहतर इलाज की उम्मीद जगी है।

## खबर एक नजर

### अमावस्या पर गुरुद्वारे में उमड़े श्रद्धालु

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ विकास खंड के पड़रिया तुला स्थित ठाठ नानक सर गुरुद्वारे में श्रवण मास की अमावस्या पर विशेष आयोजन हुआ। सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देव जी से जुड़े इस गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। गुरुद्वारे में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही लंगर का प्रबंध भी रहा। श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और भजन-कीर्तन में हिस्सा लिया। मान्यता है कि अमावस्या के दिन यहां की गई प्रार्थना से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन ने सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की। सभी धर्मों के लोगों को लंगर वितरित किया गया। गर्मी को देखते हुए परिसर में शीतल पेय की व्यवस्था की गई। खिलौना प्रसाद की दुकानें भी लगाई गईं। गुरुद्वारे में अखंड पाठ के साथ अटूट लंगर का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और भजन-कीर्तन में भाग लिया। परंपरा के अनुसार, अमावस्या के दिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्रद्धालुओं ने गुरु के चरणों में शांति का अनुभव किया। गुरुद्वारा प्रबंधन ने सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की। सभी धर्मों के लोगों ने लंगर ग्रहण किया।

### लड़के के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली अंतर्गत प्रार्थना वादिनी श्रीमती सुनीता दास पवी जग्गनाथ दास निवासी ग्राम मियांपुर (टीला कालोनी) थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी की मूल निवासिनी है। वादिनी द्वारा थाना पर एक किता प्रा0 पत्र दिया कि घटना दिनांक 22҃7҃2025 समय करीब 18.00 बजे शाम की है वादिनी का पुत्र राजादास उम्र लगभग 13 वर्ष निवासी उपरोक्त अपने घर के आसपास खेल रहा था उसके बाद काफी समय बीत जाने पर वादिनी का पुत्र घर वापस नहीं आया तो वादिनी ने आसपास व पड़ोस के लोगो से पूछ तथा गावं में तलाश में किया लेकिन वादिनी का पुत्र नहीं मिला। वादिनी ने अपने परिवार व रिश्तेदारों से भी जानकारी की परन्तु कोई जानकारी नहीं मिली। उक्त प्रा0 पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 526҃25 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 संजीत तिवारी थाना मोहम्मदी खीरी को सुपुर्द की गयी।

### अज्ञात वाहन ने कांवड़िये को मारी टक्कर, मौत

**खमरिया खीरी।** ईसानगर थाना क्षेत्र के भरेटा गांव के पास जालिमनगर पुल के पास सरयू नदी तट से जल भरकर कांवर लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पैदल जा रहे राकेश पुत्र रामसनेही ग्राम कैमाखादर थाना फरधान जनपद खीरी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी होते ही मौके पर पहुचे था थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने उसे आनन फानन में सीएचसी खमरिया में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही अचानक घटित हुई घटना की जानकारी मिलते ही अन्य कावरियों के साथ परिवार में शोक की लहर दौड़ गई वही शव का पंचनामा भरवाकर पुलिस ने पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### शान्ति भंग में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**मितौली।** प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना मितौली की पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 11 नफर अभियुक्तमें शैलेश कुमार पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम कचियानी, रामजीवन पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम जंगलीपुर मुरासा, कल्लू राम पुत्र रामदुलारे, आकाश पुत्र रामशंकर, पमनीश पुत्र रामनरेश, पवन कुमार पुत्र रामनरेश, सुनीता देवी पत्नी रामशंकर, रामपति पत्नी विनोद कुमार, रामदेवी पत्नी रामनरेश, रीना देवी पत्नी पवन कुमार निवासी गण ग्राम दुबहाफार्म को थाना मुख्यालय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। साथ ही थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में जबरदस्ती घुसकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त प्रदीप पाल पुत्र छविनाथ पाल निवासी ग्राम हरिहरपुर लल्हौआ थाना मितौली खीरी को गिरफ्तार कर विधि कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है. अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक बलवीर यादव, हेड कांस्टेबल रमाशंकर, रामदेव वर्मा, कांस्टेबल चमन सिंह, महिला आरक्षी ज्योति माथुर, अंशू शर्मा थाना मितौली जनपद खीरी मौजूद रहे।

### पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**मैगलगंज खीरी।** स्थानीय क्षेत्र में एक गरिमामयी माहौल में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों ने सहभागिता की। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक श्री रविंद्र पांडेय रहे, जिन्होंने पत्रकारों को लोकतंत्र का चैथा स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज की आँख और कान हैं। उनके बिना पारदर्शिता संभव नहीं। उन्होंने पत्रकारों को ईमानदारी, संयम और सतर्कता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवाब कल्बे हसन ने पत्रकारिता के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है, इसे कमीशन का साधन न बनने दें। सच्चाई, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उनके इस बेबाक वक्तव्य ने उपस्थित पत्रकारों को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. कमलेन्द्र यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने आयोजन की पूरी व्यवस्था को सफलतापूर्वक संभाला। कार्यक्रम में पत्रकारों को प्रतीक चिह्न भेंट देकर कर सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्र के लगभग सभी पत्रकार उपस्थित रहे और एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पत्रकारिता में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लिया।

## 101 कांवड़ियों का जत्था मेंहदी घाट के लिए रवाना

**मितौली-खीरी।** ग्राम पंचायत बबौना के खुर्दा गांव से प्रथम कावंड़ यात्रा के लिए 101 कांवरियों का जत्था मेंहदी घाट कन्नौज जलभरने के लिए रवाना हुआ है। जिला मंत्री भाजपा ब्रजेश सिंह ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर कावरियों को गंगाजल लेने के लिए रवाना किया।

ग्राम पंचायत बबौना के खुर्दा में पूर्व प्रधान उमेश कुमार वर्मा की अगुवाई में 101 कांवरियों का जत्था खुर्दा से मेंहदी घाट कन्नौज से जल भरकर गोला गोकरननाथ के लिए रवाना हुआ। कावरियों का जत्था रवाना करने से पहले भोलेनाथ की पूजा अर्चना जिला मंत्री भाजपा बृजेश सिंह ने की। कावर यात्रा खुर्दा से मेंहदी घाट



कन्नौज से जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए गोला गोकरननाथ में जलाभिषेक करते हुए खुर्दा वापस आयेगी। कावड़ यात्रा में बाहर से आए हुए कलाकारों आकर्षक झांकी, भोले बाबा के भक्ति मय गीतों पर तांडव नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। ग्राम वासियों ने जगह जगह कांवरियों पर पुष्प वर्षा की और प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पूर्व प्रधान उमेश वर्मा, मृतुन्जय वर्मा, संदीप वर्मा, कुलदीप वर्मा, महेंद्र वर्मा प्रधान, अनुज वर्मा, सर्वेश वर्मा, विपिन वर्मा, पवन वर्मा, सुधाकर वर्मा लालू, दिनेश कुमार, जगदीश वर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अमावस्या पर सरयू में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

- **नदी के तट पर भगवान श्री सत्यनारायण की कथा सुनकर कर रहे दान पुण्य**

**धौरहरा खीरी।** धौरहरा क्षेत्र में एनएच 730 पर स्थित सरयू नदी के तट पर गुरुवार को सावन की अमावस्या पर जनपद खीरी समेत पड़ोसी जनपद बहराइच से हजारों की संख्या में श्रदालु आकर सुबह से ही नदी के तट पर पहुचकर स्नान दान करते हुए भगवान श्री सत्यनारायण की कथा सुन नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर रहे है। इस दौरान नदी के तट पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृण रखने के लिए दो पुलिस के जवान डियूटी पर तैनात दिखे।

क्षेत्र के एनएच 730 पर जालिमनगर पुल के समीप सरयू नदी के तट पर सावन की अमावस्या के अवसर पर धौरहरा समेत पड़ोसी जनपद बहराइच से आकर हजारों श्रदालुओं ने स्नान दान कर भगवान श्री सत्यनारायण की कथा सुनकर घाट पर बने भगवान श्री नागेश्वर महादेव के मंदिर में पूजा अर्चना कर दर्शन करने



के अलावा खमरिया क्षेत्र के जंगलीनाथ मंदिर, कफारा में लीलानाथ भगवान व नरैना बाबा में भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो रहे है । इस दौरान नदी तट पर सुरक्षाव्यवस्था के लिए दो पुलिस के जवान मुस्तैद दिखे। वही सावन की अमावस्या को लेकर पंडित रामू शुक्ला ने बताया कि गुरुवार के दिन होने वाली अमावस्या का विशेष फल होता है, ये शुभकारी होती है। प्रातरू पुनर्वसु नक्षत्र का स्पर्श होने की वजह से शुभप्रद तथा पुष्य नक्षत्र में श्रावण हरियाली अमावस्या फल मध्यम फलकारी है।

## उपजिलाधिकारी ने साधन सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण



**मितौली खीरी।** खाद की किल्लत को देखते हुए उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता एवं प्रभारी तहसीलदार मितौली दिनेश कुमार ने गुरुवार को साधन सहकारी समिति मितौली व बबौना का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान सचिव व किसान से खाद के बारे के जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। तथा महिलाओं व दिव्यांग जनों एवं बुजुर्गो को प्राथमिकता के तौर पर खाद देने की बात कही। इस दौरान एसडीएम ने किसानों से सीधे बात कर उनकी समस्याओं को सुना और सहकारी साधन समितियों में लगी भीड़ को लाइन लगकर सभी को खाद वितरण की बात कही है। इस दौरान एसडीएम मितौली ने ई-पास मशीन, स्टाक रजिस्टर, स्टाक की उपलब्धता के बारे में सचिव अर्चना सिंह से जानकारी ली है। वहीं महिलाओं व दिव्यांगजनो को खाद देने की प्राथमिकता दिए जाने को कहा है।

## उत्पीड़न के विरुद्ध उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की लखीमपुर इकाई ने व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में जीएसटी विभाग की धारा-79 के अंतर्गत हो रही कार्यवाहियों को दमनकारी बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह अजमानी और महामंत्री उमेश शुक्ला द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया कि व्यापारियों को ईमेल से नोटिस भेजे जा रहे हैं जिन्हें वे समय पर देख नहीं पाते, जिसके चलते उनके बैंक खाते सीज किए जा रहे हैं और रकम भी निकाली जा रही है। इसके अतिरिक्त अपील की प्रक्रिया में टिब्यूनल के अभाव में व्यापारी न्याय नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। ज्ञापन में हाल ही की दो घटनाओं का उदाहरण देते हुए बताया गया कि



झांसी में 5000 रुपये की वसूली पर स्कूटी जब्त की गई, जबकि एक अन्य मामले में 10000 रुपये की वसूली पर पुराना सोफा सेट जब्त किया गया, जिसे व्यापारियों के सम्मान के खिलाफ बताया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि एटा जनपद के जलेसर क्षेत्र में, जो कि घुंघरू और घंटा उद्योग के लिए जाना जाता है, वहां कुटीर उद्योगों पर अनैतिक ढंग से दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही, वाहनों में सभी दस्तावेज पूर्ण होने के बावजूद जुर्माना वसूला जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की है किकृराज्य कर विभाग की कार्यप्रणाली पर अंकुश लगाया जाए, जीएसटी दरें घटाई जाएं, आयकर की तरह जीएसटी में भी रिवाइज रिटर्न की सुविधा दी जाए, व्यापारियों को अपमानजनक कार्रवाई से राहत दी जाए, और कर सलाहकारों की सूची प्रकाशित की जाए जिससे समाधान सरल हो सके। व्यापारी नेताओं ने चेताया कि यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो प्रदेश भर में व्यापारी वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## सीएमओ ने गठित की जांच टीम

**लखीमपुर खीरी।** सोशल मीडिया पर निजी चिकित्सालय में सरकारी दवाओं के मिलने का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संतोष गुप्ता द्वारा संज्ञान लेते हुए एसीएमओ डॉ रवी मोहन गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्य जांच टीम का गठन कर दिया है। यह टीम पूरे मामले पर रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को सौंपेगी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि यह मामला सीएचसी निघासन में तैनात एक संविदा चिकित्सक के निजी चिकित्सालय में कुछ सरकारी दवाओं के मिलने का है। वीडियो वायरल होने व संज्ञान में के बाद तत्काल जांच टीम का गठन कर दिया गया है। मामले की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा छाउछ का विद्युत उपकेंद्र

- **निर्माण से पहले ही दिखने लगीं दरारें**

**लखीमपुर खीरी।** जिले के छाउछ क्षेत्र में करोड़ों की लागत से तैयार हो रहा नवीन विद्युत उपकेंद्र भ्रष्टाचार और विभागीय लापरवाही का शिकार होता नजर आ रहा है। रध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधीन बन रहा यह उपकेंद्र अभी पूर्णत हैंडओवर भी नहीं हुआ है और इसकी इमारत में दरारें पड़ने लगी हैं। वहीं मशीनों के नीचे बने कंक्रीट फाउंडेशन भी दरकने लगे हैं।

करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन यह परियोजना अब आमजन के बीच सवालों का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों का कहना है कि जब इतनी भारी धनराशि खर्च हो रही है, तो फिर निर्माण की गुणवत्ता इतनी कमजोर



कैसे हो सकती है।

सबसे बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि विद्युत उपकेंद्र जैसे भारी और तकनीकी निर्माण कार्य से पहले इसकी भौगोलिक स्थिति और निर्माण मानकों की समीक्षा क्यों नहीं की गई? विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह समीक्षा समय रहते की गई होती तो यह स्थिति पैदा नहीं होती। स्थानीय स्तर पर इसे खुला भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खेला माना जा रहा है। यह उपकेंद्र स्थानीय एक चर्चित विधायक का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। लेकिन शुरुआत से ही विवादों से घिरे इस प्रोजेक्ट का अब तक उन्होंने उद्घाटन भी नहीं किया है, जिससे आमजन में यह संदेह और गहरा गया है कि कहीं सब कुछ सही नहीं है।

### डीएम ने भी जताई नाराजगी

विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज जिलाधिकारी ने विभागीय लापरवाही को लेकर मंडल स्तरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर संबंधित कर्मियों का वेतन रोकने तक के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, विभागीय स्तर पर लापरवाह रवैये में कोई सुधार नहीं दिख रहा है।

### उठ रही उच्चस्तरीय जांच की मांग

स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार के करोड़ों रुपये जनता की सुविधाओं के लिए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन भ्रष्टाचार की दीमक इन योजनाओं को भीतर ही भीतर खोखला कर रही है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन इस मामले में क्या सख्त कदम उठाता है या यह प्रोजेक्ट भी अन्य मामलों की तरह धीरे-धीरे ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## निकली डाक कांवड़ यात्रा

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ विकास खंड के बोझवा गांव से एक अनोखी तूफानी डाक कांवड़ यात्रा शुरू हुई है। 101 युवाओं की टीम ने 24 जुलाई को सुबह 10 बजे शारदा नदी से जल लेकर यात्रा आरंभ की। यह टीम 100-100 मीटर की दौड़ लगाते हुए जल को आगे ले जा रही है। युवा 10 घंटे की दूरी को महज 5 घंटे में पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। यात्रा का मार्ग शारदा पुल से होकर बोझवा, भीरा, बिजुआ, बस्तोला और अलीगंज होते हुए छोटी काशी तक है। कांवड़ यात्रा के शाम 3 बजे तक छोटी काशी पहुंचने की संभावना है। स्थानीय लोग मार्ग में जगह-जगह युवाओं का स्वागत कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा में अमरीक सिंह, रामकिशोर, चिंटू मौर्य, सुभाष मौर्य, अनुज, मनोज कुमार, हिमांशु कश्यप और सुमित कश्यप समेत सैकड़ों शिवभक्त शामिल हैं।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के सरकारी बोर्ड गठन की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** निघासन विधायक शशांक वर्मा को बुधवार को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों की ओर से एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश की जिला इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के लिए सरकारी बोर्ड गठन की मांग की गई। डॉ. राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. मनजीत कश्यप, डॉ. देवेश त्रिवेदी, प्रभारी डॉ. अमित विश्वकर्मा, डॉ. दिव्यांश श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक पद्धति 24 अप्रैल 1975 से देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है और भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन से




मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सा, पंजीकरण, अनुसंधान एवं विकास के कार्य किए जा रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि बोर्ड ने वर्ष 2025 में अपनी स्वर्ण जयंती भी मनाई और इस अवसर पर स्मृति ग्रंथ का प्रकाशन किया गया। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि राजस्थान सरकार ने वर्ष 2018 में इलेक्ट्रो होम्योपैथी मान्यता विधेयक पारित कर, 30 अप्रैल 2025 को अधिसूचना जारी कर बोर्ड गठन की प्रक्रिया पूरी की, जो 1 मई 2025 से प्रभावी भी हो चुकी है। राजस्थान सरकार की इस पहल का देश के कई राज्यों में स्वागत हुआ और अन्य राज्यों ने भी इस दिशा में पहल शुरू की है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी पद्धति को मान्यता दिलाने और सरकारी बोर्ड गठन की मांग को लेकर जिले के सभी विधायकों और सांसदों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## जिहाद की नई मुहिम

यूपी के बलरामपुर जिले की उतरौला तहसील में छांगुर और आगरा के धर्मांतरण गिरोहों के पर्दाफाश के बाद इनकी देशव्यापी साजिशों का एक-एक कर पर्दाफाश हो ही रहा था कि अब कुख्यात आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़े चार आतंकवादी भी पकड़ में आ गए हैं। इनमें एक युवक मेरठ का निवासी है। इनके सोशल मीडिया अकाउंट पर देशविरोधी और उकसाऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर लंबे समय तक तकनीकी और फील्ड निगरानी रखने के साथ आखिरकार गुजरात एटीएस ने हथौड़ा चला ही दिया। धर्मांतरण गिरोहों की तरह इन चारों के अंतर्राष्ट्रीय कड़ियों से जुड़ाव के संकेत भी मिल गए हैं। ताज्जुब नहीं कि आगे की तहकीकात में इनकी व्यापक नेटवर्किंग का जाल भी सामने आए जिसके तार गहरे ढंग से पाकिस्तान व आईएसआई से भी जुड़े हों। देश और समाजविरोधी साजिशों का जो दौर बीच में कुछ समय के लिए रुका-सा दिखाई दे रहा था, उसे अब कई तरह से तेज किया जा रहा है। साजिशों में लगे पीएफआई जैसे नाम लगे मुखौटा संगठनों को ध्वस्त किए जाने के बाद नौजवानों का दिमाग बदलने के लिए आतंकी तत्वों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को नया जरिया बनाया क्योंकि इनके जरिए बड़े पैमाने पर बिना जोखिम पहुंच बन सकती है। इसीलिए गिरफ्तार चारों आतंकी सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी और भड़काऊ वीडियो सामग्री के जरिए जिहादी प्रोपेगेंडा फैलाने में जुटे थे। इनका मकसद नौजवानों को अपनी ओर आकर्षित और उनको इस्तेमाल कर साजिशों को अमली जामा पहनाना था। इनमें दिल्ली का युवक पाकिस्तानी इंस्टाग्राम खाताधारक से भारत में जिहाद फैलाने के तरीके इसीलिए सीख रहा था। दरअसल जिहादी मुहिम मजहब को ऐसा नशा बनाकर पेश करती है जिसका असर तो उतरता ही नहीं और जवानी के दिनों में दिमाग पर चढ़ा सुरूर लम्बे समय तक बहकाए रखता है तो उन्हें इस्तेमाल करना ज्यादा आसान होता है। इसीलिए एक दशक पहले इराक और सीरिया में आतंकी हैवानियत की हदें पार कर देने वाले संगठन आईएसआईएस ने भारत के अलावा ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों तक में किशोरियों व युवतियों तक का ब्रेनवॉश कर उन्हें जमकर इस्तेमाल किया था। भारत में चूंकि एक समुदाय विशेष के ज्यादातर लोग गरीब के साथ अशिक्षा के दायरे में ही हैं तो उन्हें बरगलाना ज्यादा आसान है। अल कायदा की मुहिम के बाद इस समुदाय के रहनुमाओं को भी अक्लमंदी से काम लेना होगा ताकि इस समुदाय की भावी पीढ़ी की जिंदगी बच सके।

## स्कूलों में कैमरे

स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा अब गंभीर समस्या बनता जा रही है। साथ के छात्रों के अलावा वहां के टीचर्स भी अक्सर गंभीर कांड कर देते हैं। अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दिशानिर्देश जारी किया गया है कि इसका हर स्कूल अब सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा। स्कूल की कक्षा, गलियारे, दरवाजों, कैंटीन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और खेल के मैदान जैसे साझा स्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा, निजता की रक्षा के लिए सिर्फ टॉयलेट और वॉशरूम को इससे बाहर रखा गया है। निश्चित ही अब स्कूलों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बोर्ड ने यह भी कहा है कि कैमरों की नियमित जांच और उनका रखरखाव भी उतना ही जरूरी माना जायेगा। इसके अलावा, स्कूलों को कैमरा रिकॉर्डिंग कम से कम पंद्रह दिनों तक सुरक्षित रखनी होगी। जाहिर है, इन पर अमल करने, तभी कैमरे लगाये जाने का लाभ मिलेगा। बोर्ड ने सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के बच्चों की सुरक्षा संबंधी नियमावली का हवाला दिया है, जिसमें स्कूल सुरक्षा की परिभाषा बच्चों के लिए घर से स्कूल और वहां से घर वापस आने तक एक सुरक्षित वातावरण बनाने के रूप में दी गयी है। इसमें किसी दुर्व्यवहार, मानसिक-सामाजिक मुद्दों, हिंसा, आपदाओं, दुर्घटनाओं, आग आदि से सुरक्षा शामिल है। आयोग का कहना है कि बदमाशी के कारण पीड़ित छात्रों के आत्मसम्मान में कमी आ सकती है और उनमें तनाव बढ़ सकता है। चूंकि स्कूलों में दुर्व्यवहार, मारपीट और मानसिक तनाव के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में स्कूलों को ज्यादा सतर्क रहना ही होगा और सीसीटीवी कैमरे इस दिशा में लाभकारी साबित होंगे। सच्चाई यह है कि हाल के वर्षों में स्कूलों में शिक्षकों के अलावा वरिष्ठ छात्रों द्वारा भी छात्रों की पिटाई और शोषण के मामले बढ़े हैं, यहां तक कि शिक्षकों द्वारा छात्राओं के यौन शोषण के भी स्तब्ध करने वाले कई मामले इधर सामने आये हैं। ऐसे में, इस फैसले का महत्व समझ में आता है। देश में सीबीएसई के अभी लगभग 29,000 स्कूल हैं, जिनमें करीब दो करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। हालांकि सीबीएसइ स्कूलों द्वारा इस दिशानिर्देश पर अमल के बाद भी देश में स्कूली बच्चों का बड़ा हिस्सा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से बाहर होगा। लेकिन उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले दिनों में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की सुरक्षा देश के हर स्कूल की प्राथमिकता में होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**संसद की गरिमा का ध्यान रखे विपक्ष - बिरला**
भाजपाई विपक्ष में थे तो चुपचाप बैठे रहते थे!

**दहेज मामलों में दो महीने गिरफ्तारी नहीं-कोर्ट**
दो महीने तक भला कौन मुंह फुलाए रखेगा?

**देश भर में भारी बारिश से सैकड़ों नागरिक मरे**
बड़ी बात ये है कि सारे नेतागण सुरक्षित हैं!

**भारत के शहरों में गर्म हो रही हैं रातें- विश्वबैंक**
गांवों में दारू के ठेके जल्दी बंद हो जाते हैं!

**ट्रंप के बयानों पर पीएम मोदी मौन क्यों- राहुल**
बात निकलेगी तो फिर दूर तलक जायेगी!

**जस्टिस वर्मा मामले के लिये बनेगी विशेष पीठ**
दिख रहा है कि कानून सबके लिये बराबर है!

♦♦♦

# रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण ही है समाधान


**- हर्ष कक्कड़**
**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त)**

सीडीएस, यानी सशस्त्र सेनाओं के वर्तमान रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान ने पिछले दिनों 'महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों के स्वदेशीकरण' पर केंद्रित एक वर्कशॉप में कहा, 'हम उन रक्षा उपकरणों के आयात पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकते, जो हमारे रक्षात्मक और आक्रामक सैन्य मिशनों के लिए आवश्यक हैं. हमें खुद निवेश और निर्माण कर अपने को बचाना होगा.' उन्होंने आगे कहा, कल के हथियारों से हम आज की जंग नहीं जीत सकते. आज की लड़ाई जीतने के लिए हमें आने वाले कल के हथियार चाहिए. रक्षा उत्पादन को निजी क्षेत्रों के लिए भी खोलने के बाद पिछले कुछ वर्षों से भारतीय रक्षा उद्योग धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है, लेकिन अभी प्रारंभिक स्थिति में है. यह पहली बार नहीं है, जब किसी सीडीएस ने रक्षा उत्पादन में अद्यतन तकनीक अपनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्वदेशीकरण पर जोर देने की जरूरत बतायी है. देश के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत ने 2021 में कहा था, 'भारत को अपने युद्ध अपने ही संसाधनों से जीतने होंगे. भविष्य में अगर हमें युद्ध लड़ने और जीतने हैं, तो हम रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकते. ऐसे में, रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण ही रास्ता है.' उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय सशस्त्र बल अगला युद्ध स्वदेशी हथियारों से लड़ना चाहेंगे. आयातित हथियारों पर निर्भरता का मतलब राष्ट्रीय सुरक्षा को आउटसोर्स करना है, क्योंकि जो विदेशी कंपनियां हमें हथियारों की आपूर्ति करती हैं, वे दूसरे देशों को भी वही हथियार और वही तकनीक देती हैं. आयातित हथियारों पर निर्भरता के दूसरे नुकसान भी हैं. ऐसे में, हथियार आयात करने वाले देशों की सुरक्षा पर हथियार निर्यात करने वाले देशों की सरकार का एक तरह से नियंत्रण भी हो जाता है. ऐसे में, खासकर संघर्ष या युद्ध के समय हथियार निर्यातक देश अपने हितों के अनुरूप फैसले लेते हैं, जिसके नुकसान हैं. भारत को हमेशा ही हथियारों और रक्षा उपकरणों का पर्याप्त भंडार रखना पड़ा, ताकि संघर्ष के दिनों में इनकी कमी न हो जाये. भारतीय सुरक्षा बलों के पास 70 फीसदी हथियार और रक्षा उपकरण रूसी मूल के हैं, ऐसे में रूस के साथ बेहतर रिश्ता बनाये रखना हमारी बाध्यता है. लेकिन यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के बाद रूस से रक्षा उत्पादों की आपूर्ति धीमी पड़ी, एस-400 सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम (एसएएम) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. ऐसे में, भारत को खुद इनके निर्माण में जुटना पड़ा. यही नहीं, कई मामलों में हथियार प्रणालियों को अपनी रक्षा गतिविधियों का हिस्सा बनाने पर भी निर्यातक देशों द्वारा प्रतिबंध लगाये जाते हैं. इस बारे में रिपोर्टें हैं कि अमेरिकी कंपनियों द्वारा निर्मित कई हथियारों और रक्षा उपकरणों में किल स्विच होते हैं. दूसरे देशों से हथियारों और तकनीकों का आयात करते हुए कोई देश क्षेत्रीय ताकत बनने की उम्मीद नहीं कर सकता. लिहाजा, स्वदेशीकरण ही समाधान है. एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि देश में बने रक्षा उपकरण देश की रक्षा जरूरतों, इसके भूभाग और मौसम के अनुरूप होते हैं. इसके विपरीत, आयातित हथियारों और उपकरणों को अपने हिसाब से संशोधित करना पड़ता है.भारत दुनिया के उन देशों में है, जिसके अपने हर पड़ोसी देश से टकराव की कमोबेश आशंका है. यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले चीन और पाकिस्तान जैसे दो बड़े पड़ोसी देश परमाणु शक्ति भी हैं. भारत में अंदरूनी अस्थिरता फैलाने के लिए ये दोनों देश साजिश रचते रहते हैं. इन दोनों देशों के साथ लगती हमारी सरहदों पर लगभग हमेशा ही तनाव बना रहता है. ऐसी स्थिति में सुरक्षा के मोर्चे पर भारत क्षणमात्र के लिए भी उदासीन नहीं रह सकता. अभी तक भारत रक्षा उत्पादों के सबसे बड़े आयातक देशों में रहा है. पर यह स्थिति हमेशा नहीं रह सकती. एक विकासशील देश होने के नाते भारत सैन्य उपकरणों के आयात पर अपनी बेशकीमती विदेशी मुद्रा खर्च करता नहीं रह सकता।



भारत का रक्षा बजट तेजी से बढ़ रहा है, जिससे घरेलू रक्षा उत्पादकों के लिए अवसर भी बढ़ रहे हैं. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने स्वदेशी हथियारों की धमक दिखाई पड़ी. स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम और भारत-रूस के साझा सहयोग से बने ब्रह्मोस मिसाइलों का जलवा देखने लायक था. ऐसे में, दुनिया ने भी रक्षा तकनीक के क्षेत्र में भारत की तरक्की का नोटिस लिया. इसी का नतीजा है कि भारतीय रक्षा उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ने लगी है. इसके बरक्स चीनी रक्षा उत्पाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेकार साबित हुए, जो जाहिर है, हमारे हक में गया.रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण से हमें जहां अपने लिए अनुकूल हथियार मिलते हैं, वहीं इनके निर्यात से विदेशी मुद्रा की आय होती है. इसके अलावा, जहां देश में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, वहीं स्वदेशीकरण तकनीकों के दोहरे इस्तेमाल का मंच भी मुहैया कराता है. आधुनिक हथियार जिन तकनीकों पर आधारित होते हैं, उन तकनीकों का चूंकि असैन्य इस्तेमाल भी होता है, ऐसे में, ये तकनीकें समाज के हर हिस्से के लिए लाभकारी साबित होती हैं. रक्षा उत्पादों के निर्यात से शोध और विकास में हम ज्यादा खर्च कर सकते हैं. इसके अलावा, हथियार निर्यातक देशों की विश्व स्तर पर मजबूत छवि बनती है. सरकार का यह ठीक ही कहना है कि देश का कोई भी संस्थान खास तकनीकों पर अपने अधिकार का दावा नहीं ठोक सकता. इससे निजी क्षेत्र शोध और विकास के क्षेत्र में निवेश करने को प्रोत्साहित होगा, क्योंकि जिन ड्रोनों को रक्षा जरूरतों के लिए तैनात किया जाता है, वे दूसरे क्षेत्रों में भी उतने ही उपयोगी साबित हो सकते हैं. रक्षा क्षेत्र में भी तकनीक तेजी से विकसित हो रही है. शोध और विकास में भारत अभी जीडीपी का मात्र 0.64 फीसदी खर्च करता है. जबकि चीन जीडीपी का 2.4 प्रतिशत, जर्मनी 3.1 फीसदी, दक्षिण कोरिया 4.8 प्रतिशत और अमेरिका जीडीपी का 3.5 फीसदी खर्च करता है. अगर हमें रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना है, तो शोध और विकास में खर्च बढ़ाना होगा. सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाये हैं. वह स्वदेशी रक्षा उत्पादों की जरूरत की सूची लगातार जारी करती है, रक्षा बजट का एक हिस्सा स्वदेशी खरीद के लिए रखती है, आदि-आदि. इन पहलकदमियों के कारण भारत का घरेलू रक्षा उद्योग धीरे-धीरे विकसित हो रहा है. रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण समय की मांग है. इसके लिए सशस्त्र बल, शोध संस्थाओं तथा रक्षा उद्योग को मिलकर काम करना होगा।

## प्रेमचंद की कहानियां



### मृतक-भोज

मेहमान लोग बखान-बखान कर माल उड़ा रहे थे और उधर कोठरी में बैठी हुई सुशीला सोच रही थी- संसार में ऐसे स्वार्थी लोग हैं। सारा संसार स्वार्थमय हो गया है। सब पेटों पर हाथ फेर-फेर कर भोजन कर रहे हैं। कोई इतना भी नहीं पूछता कि अनाथों के लिए कुछ बचा या नहीं।'

एक महीना गुजर गया। सुशीला को एक-एक पैसे की तंगी हो रही थी। नकद था ही नहीं, गहने निकल ही गये थे। अब थोड़े से बरतन बच रहे थे। उधर छोटे-छोटे बहुत से बिल चुकाने थे। कुछ रुपये डॉक्टर के, कुछ दरजी के कुछ बनियों के। सुशीला को यह रकमें घर का बचा खुचा सामान बेचकर चुकानी पड़ीं। और महीना पूरा होते-होते उसके पास कुछ न बचा। बेचारा सन्तलाल एक दुकान पर मुनीम था। कभी-कभी वह आकर एक-आध रुपये दे देता। इधर खर्च का हाथ फैला हुआ था। लड़के अवस्था को समझते थे। मां को छेड़ते न थे, पर मकान के सामने से कोई खोंचेवाला निकल जाता और वे दूसरे लड़कों को फल या मिठाई खाते देखते, तो उनके मुंह में पानी भरकर आंखों में भर जाता था। ऐसी ललचायी हुई आंखों से ताकते थे कि दया आती। वही बच्चे, जो थोड़े दिन पहले मेवे-मिठाई की ओर ताकते न थे अब एक-एक पैसे की चीज को तरसते थे। वह सज्जन, जिन्होंने बिरादरी का भोज करवाया था, अब घर के सामने से निकल जाते; पर कोई झांकता न था।

शाम हो गयी थी। सुशीला चूल्हा जलाये रोटियां सेंक रही थी और दोनों बालक चूल्हे के पास रोटियों को क्षुधित नेत्रों से देख रहे थे। चूल्हे के दूसरे ऐले पर दाल थी। दाल के पकने का इन्तजार था। लड़की ग्यारह साल की थी, लड़का आठ साल का।

मोहन अधीर होकर बोला-अम्मां, मुझे रूखी रोटियां ही दे दो। बड़ी भूख लगी है।

सुशीला-अभी दाल कच्ची है भैया।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# अब अगले उपराष्ट्रपति पर अटकलें



**-अशोक भाटिया**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद देश में उपराष्ट्रपति पद के लिए मध्यावधि चुनाव की स्थिति आ गई है। संविधान में उपराष्ट्रपति के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए कार्यवाहक का प्रावधान नहीं है इसलिए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह उनकी अनुपस्थिति में सदन की अध्यक्षता करेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सोमवार रात दिए गए इस्तीफे से देश का दूसरा सबसे बड़ा संवैधानिक पद खाली हो गया है। इसका मतलब है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए मध्यावधि चुनाव की नौबत आ गई है। वे भारत के इतिहास में कार्यकाल पूरा होने से पहले इस्तीफा देने वाले केवल तीसरे उपराष्ट्रपति हैं।इससे पहले वीवी गिरि और आर वेंकटरमन ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा दिया था, जिसके बाद क्रमशः गोपाल स्वरूप पाठक और शंकर दयाल शर्मा उपराष्ट्रपति बने थे। भारतीय संविधान में कार्यवाहक उपराष्ट्रपति का प्रविधान नहीं है। हालांकि, उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति भी होते हैं । राष्ट्रपति पद के लिए, संविधान के अनुसार रिक्त पद को छह महीने के भीतर भरना आवश्यक है लेकिन उपराष्ट्रपति पद के लिए ऐसी कोई निश्चित समय-सीमा नहीं है। केवल यह आवश्यक है कि पद रिक्त होने के बाद यथाशीघ्र चुनाव कराए जाएं। चुनाव आयोग कार्यक्रम की घोषणा करेगा। यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 के तहत होता है। परंपरा के अनुसार, संसद के किसी भी सदन के महासचिव को बारी-बारी से निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाता है।ये चुनाव इसलिए हो रहा है क्योंकि जगदीप धनखड़ ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है, लेकिन नया उपराष्ट्रपति पदभार ग्रहण करने की तिथि से पूरे पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगा न कि केवल धनखड़ का शेष कार्यकाल। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों और मनोनीत सदस्यों से मिलकर बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। राष्ट्रपति चुनाव के विपरीत, इसमें राज्य विधानसभाएं भाग नहीं लेतीं। यह चुनाव संसद भवन में आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार गुप्त मतदान द्वारा सिंगल ट्रांसफरेबल वोट के माध्यम से किया जाता है। प्रत्येक सांसद उम्मीदवारों को वरीयता क्रम के हिसाब से वोट डालता है। निर्वाचित होने के लिए, किसी उम्मीदवार को न्यूनतम आवश्यक मतों की संख्या प्राप्त करनी होती है, जिसे कोटा कहा जाता है। इसकी गणना कुल वैध मतों की संख्या को दो से विभाजित करके और एक जोड़कर की जाती है। यदि पहले चरण में कोई भी उम्मीदवार कोटा पार नहीं करता है, तो सबसे कम प्रथम वरीयता वाले मत पाने वाले उम्मीदवार को हटा दिया जाता है, और उनके मत द्वितीय वरीयता के आधार पर शेष उम्मीदवारों को हस्तांतरित कर दिए जाते हैं। यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक कि एक उम्मीदवार कोटा पार नहीं कर लेता। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए, कम से कम 35 वर्ष का होना चाहिए, राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के योग्य होना चाहिए और किसी भी संसदीय क्षेत्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। उन्हें राष्ट्रपति, राज्यपाल या मंत्री जैसे पदों को छोड़कर, केंद्र या राज्य सरकारों के अधीन किसी भी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए। जगदीप धनखड़ का अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज होने के बाद अब इस अहम पद के लिए नए नामों की चर्चा शुरू हो गई है और कई बड़े लोगों के नाम पहले ही सामने आ चुके हैं। अब इसमें एक और चौंकाने वाला नाम जुड़ गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री और जेडीयू सांसद रामनाथ ठाकुर। बुधवार शाम को उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय




अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की, जिसके बाद अटकलें और तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि एनडीए रामनाथ ठाकुर को इस पद पर बैठाकर कई सियासी संदेश देना चाहती है, खासतौर पर बिहार विधानसभा चुनाव से पहले। ज्ञात हो कि रामनाथ ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं। वह राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं, और कई अहम पदों पर रह चुके हैं। वे लालू यादव की पहली कैबिनेट में गन्ना मंत्री रह चुके हैं और बाद में 2005 से 2010 तक नीतीश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी बने। इस समय वे मोदी सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री हैं। उनके पिता को हाल ही में भारत रत्न से नवाजा गया है, जिससे उनके परिवार का राजनीतिक कद और बढ़ गया है। उपराष्ट्रपति पद की रेस में उनका नाम आना बिहार की राजनीति को एक नई दिशा दे सकता है। एनडीए सरकार को इस समय जेडीयू और टीडीपी जैसे सहयोगी दलों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में यदि जेडीयू के किसी नेता को उपराष्ट्रपति बनाया जाता है, तो यह न सिर्फ गठबंधन को मज़बूती देगा बल्कि बिहार में एनडीए को चुनाव से पहले बड़ा फायदा भी मिलेगा। नीतीश कुमार खुद इस पद की रेस से बाहर दिख रहे हैं क्योंकि वे शायद ही अभी मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहें। ऐसे में रामनाथ ठाकुर का नाम एनडीए के लिए एक परफेक्ट बैलेंस हो सकता है। नीतीश खुश, गठबंधन मजबूत और बिहार में बड़ा राजनीतिक संदेश। रामनाथ ठाकुर के अलावा भी कई और नाम संभावित उपराष्ट्रपति की रेस में हैं। इनमें हरिवंश नारायण सिंह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जैसे नाम सामने आए हैं। हालांकि, बीजेपी की रणनीति को देखते हुए किसी चौंकाने वाले नाम की घोषणा भी मुमकिन है। मोदी सरकार अक्सर आखिरी वक्त में ऐसा नाम सामने लाती है जिसकी उम्मीद कम ही होती है। अब सबकी निगाहें बीजेपी की ओर हैं कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा ङ्क क्या रामनाथ ठाकुर पर दांव चलेगी बीजेपी? गौरतलब है कि हैरान बीजेपी के अंदर भी कुछ अलग चर्चाओं का दौर जारी है। अलग-अलग खेमे में अलग-अलग अटकलें लगाई जा रही हैं। मसलन, जब एनबीटी ऑनलाइन ने दिल्ली में बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से बात की तो उन्होंने नाम की गोपनीयता की शर्त पर कहा कि 'हो सकता है कि यह चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव तक टल जाए। क्योंकि, इसे करवाने की इतनी जल्दी नहीं लग रही।' उन्होंने संभावना जताई कि 'अगर बिहार चुनाव तक यह टल जाता है तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के भावी प्रत्याशी हो सकते हैं।'

## प्रेरक प्रसंग

## पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई।

आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं।

इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थैली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पड़ूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे।

बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

## जनतंत्र के दिल में बने रहने के लिए चिंतन करें राजनीतिक दल

देश के लोकतंत्र ने आजादी के पूर्व से लगाकर आज तक के हर दल के हर नेताओ को बहुत करीब से देखा हे ! कभी यही देश अपने राजनेताओ के त्याग तप और बलिदान पर गर्व करता है तो कभी यही देश अपने राजनेताओं को सत्ता स्वार्थ और गलत आचरण में लिप्त होने की वजह से शर्मिंदा भी होते देखता है। वर्तमान परिदृश्य में राजनीति में आदर्श राजनेताओं खोजना बहुत मुश्किल सा हो गया है। वर्तमान राजनीति में जिसके पास धनबल और बाहुबल है वही राजनीति में लम्बी रेस का नेता माना गया है और आज के हालात को देखते हुए ईमानदार छवि और सहज सरल व्यवहार वाले व्यक्तित्व के व्यक्ति का वार्ड मेंबर या ग्राम का सरपंच बनना तक कठिन हो चुका है। आज के दौर की राजनीति में जो साम दाम दंड भेद के खेल में माहिर होता है वही सता के इदगिर्द रहता है। आज के दौर की राजनीति में अधिकांश राजनेताओं को अपने पद, पैसा और पार्टी का इतना दंभ और अभिमान भर आया है कि कोई अपने को हकीकत में जनता का सेवक कहलाना पसंद करता ही नहीं। विडम्बना देखिये इस देश में कि आज एक अदना सा वार्ड का या ग्राम का नेता हो या उनसे सम्बन्धित घरों के लोग हो गले में राजनीति का गमछा डालकर अपना काम निकालने या रोब दिखाने के लिए अपने बड़े नेताओ का भय सरकारी तंत्र से जुड़े लोगो को ऐसे दिखाते हे जैसे पार्टियां और उनके बड़े नेता इन्हीं के इशारों पर चलते हों। यह हालत किसी एक दल के नही बल्कि अमूमन देश प्रदेश के के हर छोटे बड़े राजनीतिक दल में ऐसे लोग जुड़कर दलों का हिस्सा बनकर राजनितिक दलों की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। भारतीय राजनीति में आजादी से पूर्व से लेकर अब तक कई नेता ऐसे हुए हैं या आज भी हैं जो राजनीति में आदर्शवाद के देवता माने जाते हैं।

**अरविन्द रावल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

## उम्र के हिसाब से चलना सेहत के लिए अच्छा माना गया है



सबसे आसान एक्सरसाइज अगर कुछ है तो वो है वॉक। जी हां वॉक किसी भी उम्र में किया जाने वाला सबसे आसान व्यायाम है। वॉक करने से न सिर्फ मोटापा कम होता है बल्कि कई बीमारियां भी शररी से दूर भाग जाती हैं। वैसे तो एक इंसान को दिन में 10 हजार कदम चलने की सलाह दी जाती है, जिसे पूरा करने के लिए आपको रोजाना कम से कम 1 घंटा वॉक करना जरूरी है। लेकिन उम्र के हिसाब से वॉक आपके लिए कम या ज्यादा भी हो सकती है। आइये जानते हैं कि आपकी उम्र में आपको रोज कितनी देर वॉक करनी चाहिए। जिससे आप लंबे समय तक बीमारियों के खतरे को दूर रख सकें और शरीर को फिट बना सकें? अपने शरीर को फिट रखने के लिए दिन में किसी भी वक्त थोड़ा समय जरूर निकालें। फिटनेस एक्सपर्ट मानते हैं कि सुबह या शाम की गई वॉक सेहत के लिए सबसे ज्यादा असरदार होती है। वॉक एक ऐसा वर्कआउट है जिसे बिना किसी टूल या जिम के आप खुद से कहीं भी कर सकते हैं। किसी भी उम्र के लोग इसे आसानी से कर सकते हैं।

**उम्र के हिसाब के रोज कितनी वॉक करनी चाहिए?-** उम्र के हिसाब से अगर बात करें तो 5 से 7 साल के जो बच्चे हैं उन्हें रोजाना कम से कम 12000 से 15000 स्टेप्स जरूर चलने चाहिए। अगर आप 18 से 40 साल के युवा हैं तो आपको हर रोज कम से कम 12000 कदम जरूर चलने चाहिए। 40 साल के इंसान को रोजाना करीब 11000 कदम जरूर चलने चाहिए। वहीं 50 साल के इंसान को रोज 10000 कदम चलने चाहिए। 60 साल के पार पहुंच चुके हैं तो आपको 8000 कदम पूरे दिन में पूरे करने चाहिए।

**रोज कितने कदम चलने चाहिए?-** हर रोज आपको कम से कम आधा घंटे की वॉक जरूर करनी चाहिए। कोशिश करें कि दिनभर में आप 10,000 कदम चल लें। हालांकि वॉक करने की दूरी और कदम आपकी उम्र के हिसाब से हो सकते हैं। आप किसी ऐप की मदद से अपने स्टेप काउंट कर सकते हैं। आप नॉर्मली 1 घंटे की वॉक करते हैं और ठीक स्पीड में करते हैं तो इस तरह आप करीब 4-5 से किलोमीटर चलते हैं। अगर ब्रिस्क वॉक करते हैं तो आप 1 घंटे में करीब 5-6 किलोमीटर की वॉक हो जाती है। इस तरह आपका दिनभर का लक्ष्य पूरा हो सकता है। बाकी बचे हुए स्टेप आप दिनभर जो भी काम करते हैं या चलते फिरते हैं उसके जरिए पूरे हो जाते हैं।

# तुरंत एनर्जी के लिए करें इन चीजों का सेवन

दुनिया में आज के समय में जितनी भी तेज रफ्तार से दौड़ती-भागती चीजें हैं, उनमें से अधिकतर ईंधन से चलने वाली हैं। लेकिन शरीर के लिए जो ईंधन लगता है, वह वाहनों में डाले जाने वाले पेट्रोल की तरह तत्काल प्रभाव में नहीं आता। शरीर के ईंधन के उत्सर्जित होने की अपनी एक अलग प्रक्रिया है, क्योंकि शरीर एक जटिल मशीन है, जो भोजन के अंदर जाते ही उसे ऊर्जा रूप में परिणत नहीं करता। हमारे अंदर की मशीनरी कुछ ऐसी है, जो भोजन में से माइक्रोन्यूट्रिएंट्स से ग्लूकोज निकालती है और इसका उपयोग शुरू कर देती है। हमारा शरीर ऊर्जा के लिए कार्बोहाइड्रेट का उपयोग ज्यादा पसंद करता है।

सभी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स ऊर्जा का स्रोत होते हैं और वसा में सबसे अधिक ऊर्जा होती है, लेकिन वसा और प्रोटीन को टूटने में बहुत अधिक समय लगता है, इसलिए शरीर कार्बोहाइड्रेट और पोटैशियम को प्राथमिकता देता है। रिफाइंड, चीनी जैसे सरल कार्बोहाइड्रेट बहुत जल्दी संसाधित होते हैं। इनसे ऊर्जा एकदम बढ़ती है और फिर घट जाती है। वहीं, ब्राउन राइस जैसे जटिल कार्बोहाइड्रेट धीरे-धीरे टूटते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा धीरे-धीरे मिलती रहती है।

दरअसल, ऐसे भोजन को अक्सर उबाऊ और स्वादहीन माना जाता है, जो शरीर के लिए ईंधन का काम करते हैं। अब ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भोजन में स्वाद तो हमें ही खोजना होगा। पोषण को यदि भोजन से जोड़ा जाए तो जरूरी नहीं कि यह बेहद स्वादिष्ट लगे। इसलिए हमें कुछ समझौते तो करने पड़ेंगे और निश्चित रूप से यह समझौता स्वाद ही होगा। अब जानते हैं कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में, जो स्वाद के साथ आपको ऊर्जा से भी भर देते हैं।

**शतावरी बेहद लाभकारी**

हमारे देश में शतावरी को सब्जी के रूप में खाया जाता है। यह एक बेल या झाड़ के रूप वाली जड़ी-बूटी है, जिसे आयुर्वेदिक औषधि के रूप में भी जाना जाता है। इसमें फोलेट, फाइबर, क्रोमियम और विटामिन ए, सी, ई जैसे तत्व पाए जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट का भंडार होती है, जिसमें शरीर के सेल्स को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री-रेडिकल्स को बेअसर करने की क्षमता होती है। शतावरी वसंत ऋतु में व्यापक रूप से उपलब्ध होती है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होती है, इसलिए इसे भारतीय मसाले के साथ बनाने की कोशिश नहीं की जाती। ऐसा करने से इसके प्राकृतिक गुण नष्ट हो सकते हैं।

**मशरूम की सब्जी**

मशरूम की सब्जी भला किसे पसंद नहीं होगी। यह सब्जी मुंह का स्वाद बढ़ाने के साथ सेहत को भी कई लाभ देती है, क्योंकि इसमें पोटैशियम, कॉपर, आयरन, फाइबर जैसे तमाम जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। दिन में एक कप मशरूम खाने से शरीर को 50 प्रतिशत आयरन प्राप्त होता है। यह आयरन शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है। वहीं, जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्या है, उनके लिए भी मशरूम का सेवन बेहद लाभकारी है। लेकिन इसकी अच्छी तरह सफाई करना जरूरी है, ताकि इसकी सारी गंदगी निकल जाए और यह किसी भी तरह से आपकी सेहत को नुकसान न पहुंचाए।

**ओटमील दे संपूर्ण सेहत**

यह हेल्दी और हल्के फूड में से एक है। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। सुबह नाश्ते में खाया गया ओटमील दिन भर आपको फ्रेश और एनर्जेटिक रखता है। इसमें फाइबर के साथ हेल्दी कार्बोहाइड्रेट विटामिन ई, फोलिक एसिड, थियामिन, बायोटिन, जिंक और आयरन होता है। मशरूम पाचन तंत्र को दुरुस्त करने में फायदेमंद होता है। इसके सेवन से आपको संपूर्ण स्वस्थ रहने में मदद मिलती है।

**खट्टे फल मिटाएं थकान**

विटामिन-सी से भरपूर खट्टे फलों का अधिक सेवन इम्यून सिस्टम और एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मददगार होता है। ये फल शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं और इम्यून पावर को बढ़ाते हैं। इसलिए दिन भर की थकान को मिटाने के लिए एक गिलास ताजा संतरे या नींबू का रस जरूर पीएं। खट्टे फल, जैसे कि नींबू, संतरा, मौसंबी, जो विटामिन सी के साथ न्यूट्रिएंट्स से भरे होते हैं और आपको लाभ पहुंचाते हैं। इन्हीं में से एक है स्ट्रॉबेरी। 'जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' के अनुसार, इसमें विटामिन सी, फोलेट




और फेनॉल जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां पहुंचाएं ऑक्सीजन**

जब भी अधिक थकान महसूस हो तो समझ जाएं कि शरीर में आयरन की कमी है। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन और हीमोग्लोबिन के लिए आवश्यक हैं। ये शरीर में ऑक्सीजन को पहुंचाती हैं। आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। पालक जैसी सब्जियां रेड ब्लड सेल्स को बढ़ाती हैं, तो केले में भारी मात्रा में पोटैशियम पाया जाता है, जो शरीर को ताकत देने के साथ मांसपेशियों में दर्द, सूजन और ऐंठन को रोकता है। वहीं, कसरत करने वालों के लिए शकरकंद बेस्ट फूड है। इसमें कम कैलोरी और ज्यादा कार्बोहाइड्रेट तथा फाइबर होता है, इसलिए शकरकंद फैट बर्न करने, भूख को नियंत्रित करने और पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है।



नट्स करें मांसपेशियों को मजबूत

बादाम, काजू और अखरोट जैसे नट्स में भरपूर मात्रा में प्रोटीन और हेल्दी फैट पाए




जाते हैं। कमजोर मांसपेशियों में ताकत लाने के लिए इन का सेवन जरूरी है। काजू और बादाम प्रोटीन, फैट और फाइबर से भरे होते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इनको कभी भी खाया जा सकता है।

**दूध से हड्डियों को ताकत**

दूध में व्हे प्रोटीन और केसीन प्रोटीन होते हैं, जो आपके शरीर को ताकत देते हैं। दूध में पाए जाने वाला व्हे प्रोटीन विशेष रूप से पाचन शक्ति के लिए होता है। वहीं, दूध और इससे बने उत्पादों में प्रोटीन के अलावा कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूती देता है। रोजाना दूध, दही, छाछ और पनीर आदि का सेवन भी




लाभदायक साबित होता है।

**गुड़ और चना का मिश्रण**


ये दोनों एंटीऑक्सिडेंट्स, जिंक और सेलेनियम जैसे मिनरल्स से भरे होते हैं। यह शक्तिशाली मिश्रण शरीर को ताकत देने के अलावा फ्री-रेडिकल डैमेज रोकने, इन्फेक्शन के खिलाफ इम्यूनिटी बढ़ाने और खून में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में भी मदद करता है। यह मिश्रण पाचन को बेहतर रखता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। चना प्रोटीन का बढ़िया स्रोत है, जो मांसपेशी को मजबूत करने के लिए जरूरी है।

# लीवर को डिटॉक्स करने के लिए अपनाएं ये चार आसान उपाय, मिलेगा लाभ

लीवर हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण आंतरिक अंगों में से एक है। यह एक नेचुरल फिल्टर की तरह काम करता है, जो हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, पोषक तत्वों को प्रोसेस करने, पित्त बनाने और शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने जैसे कई महत्वपूर्ण काम करता है। लेकिन, आज की व्यस्त और आधुनिक जीवनशैली में, प्रोसेस्ड फूड, प्रदूषण, अत्यधिक दवाएं और लगातार तनाव के कारण हमारा लीवर अक्सर ओवरलोड हो जाता है। जब यह ठीक से काम नहीं कर पाता, तो शरीर में थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, त्वचा की दिक्कतें और अन्य स्वास्थ्य परेशानियां शुरू हो जाती हैं। ऐसे में अपने लीवर को स्वस्थ रखना और उसकी प्राकृतिक डिटॉक्स प्रक्रिया को अच्छा करना बेहद जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही आसान उपायों के बारे में, जिन्हें अपनाकर आप अपने लीवर को डिटॉक्स कर सकते हैं और उसके कार्यों को बेहतर बना सकते हैं।

**स्वस्थ आहार और पर्याप्त हाइड्रेशन**

अपने लीवर को डिटॉक्स करने का सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है स्वस्थ आहार अपनाना। अपने भोजन में भरपूर मात्रा में ताजे फल और सब्जियां शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियां, क्रूसिफेरस सब्जियां (जैसे ब्रोकोली, फूलगोभी), लहसुन, प्याज, चुकंदर और खट्टे फल (जैसे नींबू, अंगूर) लीवर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन और सल्फर-युक्त यौगिकों से भरपूर होते हैं जो लीवर के डिटॉक्सिफिकेशन एंजाइमों को सक्रिय करते हैं। साथ ही, खूब पानी पीना भी अत्यंत आवश्यक है। पानी शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और लीवर को कुशलता से काम करने में मदद करता है। पर्याप्त पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहता है और पाचन भी बेहतर होता है।



**कैफीन, शराब से परहेज**

अगर आप अपने लीवर को डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो शराब का सेवन बिलकुल छोड़ दें। अत्यधिक शराब का सेवन लीवर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे फैटी लीवर, हेपेटाइटिस और सिरोसिस जैसी बीमारियां हो सकती हैं।

**प्रोसेस्ड फूड से परहेज**

इसी तरह अत्यधिक कैफीन और प्रोसेस्ड चीनी लीवर पर अतिरिक्त भार डालती है। हाई फैट, उच्च चीनी और कृत्रिम सामग्री वाले प्रोसेस्ड फूड से भी बचें, क्योंकि ये लीवर को ऑक्सीडेटिव तनाव में डालते हैं और सूजन बढ़ाते हैं। इन हानिकारक चीजों से दूर रहने से लीवर को खुद को ठीक करने और बेहतर ढंग से काम करने का पर्याप्त मौका मिलता है।

**नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन**

नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करना सिर्फ वजन घटाने के लिए ही नहीं, बल्कि लीवर के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। व्यायाम रक्त परिसंचरण में सुधार करता है, शरीर से फैट को कम करने में मदद करता है, और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। यह अप्रत्यक्ष रूप से लीवर पर बोझ कम करता है। इसके साथ ही, तनाव का प्रभावी प्रबंधन भी लीवर के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। क्रॉनिक तनाव हार्मोन (जैसे कोर्टिसोल) लीवर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। योग, ध्यान, गहरी सांस लेने के व्यायाम और पर्याप्त नींद जैसी गतिविधियां तनाव को कम करने में मदद करती हैं।

# ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने से शरीर में बढ़ जाता है इन बीमारियों का खतरा

आज के डिजिटल दौर में ऑफिस में घंटों तक कुर्सी पर बैठे रहना हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। इस दौरान हममें से ज्यादातर लोग अक्सर गलत तरीके से बैठते हैं, कभी कमर झुकाकर, तो कभी कंधे आगे करके या गर्दन को स्क्रीन की ओर झुकाकर। शुरुआत में यह बस थोड़ा-बहुत पीठ दर्द या गर्दन में अकड़न जैसा लग सकता है। लेकिन, अगर हम इस खराब पोस्चर को नजरअंदाज करते रहें, तो यह सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहता। लंबे समय तक ऐसे बैठने से हमारा शरीर कई गंभीर बीमारियों के घेरे में आ सकता है, जिनके बारे में शायद आपने सोचा भी न हो। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने से कौन-सी तीन बड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और कैसे आप खुद को इनसे बचा सकते हैं।

**पीठ और गर्दन का दर्द**

गलत पोस्चर में लगातार बैठने से आपकी रीढ़ की हड्डी पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। जब आप झुककर या कंधे झुकाकर बैठते हैं, तो रीढ़ की डिस्क और आसपास की मांसपेशियों पर असामान्य खिंचाव पड़ता है। यह धीरे-धीरे मांसपेशियों में खिंचाव, लिगामेंट्स पर तनाव और डिस्क के घिसाव का कारण बनता है। इसका सीधा परिणाम लगातार पीठ दर्द होता है, जो कमर से लेकर गर्दन और कंधों तक फैल सकता है। यह दर्द इतना बढ़ सकता है कि रोजमर्रा का सामान्य काम करना भी मुश्किल हो जाता है। कुछ मामलों में, यह साइटिका जैसी नसों से जुड़ी समस्याओं का भी कारण बन सकता है, जहां दर्द पैर तक फैल जाता है।



**खराब पाचन और मेटाबॉलिक समस्याएं**

गलत पोस्चर सिर्फ रीढ़ की हड्डी को ही नहीं, बल्कि आपके आंतरिक अंगों को भी प्रभावित करते हैं। जब आप कमर झुकाकर या आगे की ओर झुककर बैठते हैं, तो पेट और आंतों जैसे महत्वपूर्ण पाचन अंगों पर दबाव पड़ता है। यह दबाव पाचन प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स, अपच, पेट फूलना और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा, गलत पोस्चर के साथ लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम होती है, जो आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है। धीमा मेटाबॉलिज्म वजन बढ़ने, इंसुलिन रेजिस्टेंस और अंततः टाइप 2 डायबिटीज जैसी मेटाबॉलिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है।

**हृदय रोग का जोखिम बढ़ता है**

यह सुनकर शायद आपको आश्चर्य लगे, लेकिन गलत पोस्चर और अत्यधिक देर तक बैठे रहना आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। लंबे समय तक एक ही स्थिति में बैठे रहने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन धीमा हो जाता है। इससे वैरिकोज वेंस और डीप वेन थ्रोम्बोसिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें पैरों की नसों में खून के थक्के बन सकते हैं। इससे भी बढ़कर, गलत पोस्चर के साथ जुड़ा गतिहीन जीवनशैली हाई ब्लड प्रेशर, हाई कॉलेस्ट्रॉल और मोटापे को बढ़ावा देती है, ये सभी हृदय रोग और स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

**क्या करें?**

ऑफिस में गलत पोस्चर में बैठने के गंभीर परिणामों को देखते हुए, यह बेहद जरूरी है कि हम अपनी आदतों पर ध्यान दें। अच्छी बात यह है कि इन सभी खतरों से बचा जा सकता है। इसके लिए, सही एर्गोनोमिक सेटअप अपनाएं, अपनी कुर्सी, मॉनिटर और कीबोर्ड को ऐसे सेट करें कि आपकी पीठ सीधी रहे और आंखें स्क्रीन के लेवल पर हों। हर 30-60 मिनट में नियमित ब्रेक लें, खड़े हों, थोड़ा टहलें और स्ट्रेचिंग करें। बैठते समय सचेत होकर अपनी मुद्रा को सही रखें; पीठ सीधी, कंधे ढीले और पैर फर्श पर सपाट हों। अपनी कोर मसल्स को मजबूत करने के लिए नियमित व्यायाम करें, क्योंकि ये सही पोस्चर बनाए रखने में मदद करती हैं। यदि आपको लगातार दर्द या उपरोक्त में से कोई भी लक्षण महसूस होता है, तो तुरंत डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें। याद रखें, अपनी मुद्रा को ठीक करना आपके दीर्घकालिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अचानक कान में बजने लगती है सीटी?

## कहीं ये टिनिटस की समस्या तो नहीं

क्या आपने कभी महसूस किया है कि अचानक आपके कान में अजीब-सी आवाजें गूंजने लगती हैं? जैसे सीटी बजना, एक हल्की भिनभिनाहट, या कोई ऐसी ध्वनि जो बाहर मौजूद ही नहीं है? यह एक आम अनुभव है जिसे मेडिकल भाषा में टिनिटस कहा जाता है। यह आवाज कुछ पल के लिए आए और चली जाए, लेकिन ये टिनिटस आपके शरीर के अंदर छिपी किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का पहला संकेत हो सकती है। इसे महज एक सामान्य अनुभव मानकर नजरअंदाज करना आपके समग्र सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए इस समस्या के बारे में जानना बहुत जरूरी है।

**क्या है टिनिटस?-** टिनिटस का मतलब है आपके कानों में ऐसी आवाजें सुनना जो किसी बाहरी स्रोत से नहीं आ रही हैं। ये आवाजें अलग-अलग तरह की हो सकती हैं, जैसे लगातार सीटी बजना, घंटी बजने जैसी आवाज आना, भिनभिनाहट सुनाई देना, क्लिक की आवाज आना या फुसफुसाहट महसूस होना, आदि। यह कई बार एक कानों में और कुछ केस में दोनों कानों में हो सकता है और इसकी तीव्रता भी अलग-अलग हो सकती है।

**कैसे होता है टिनिटस?**

टिनिटस मूल रूप से सुनने की प्रक्रिया में किसी गड़बड़ी का लक्षण है। यह कान के भीतर की संवेदनशील कोशिकाओं को नुकसान पहुंचने, तंत्रिकाओं की समस्या, या यहां तक कि मस्तिष्क के उन हिस्सों में असामान्यता के कारण भी हो सकता है जो आवाजों को प्रोसेस करते हैं। अब आइए टिनिटस होने के सामान्य कारण के बारे में जानते हैं।



**टिनिटस के सामान्य कारण**-टिनिटस के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ बहुत आम हैं-

**तेज आवाज का एक्सपोजर**-तेज शोर के बीच देर तक रहना, हेडफोन में तेज आवाज में म्यूजिक सुनना, जोरदार मशीनरी के बीच रहना टिनिटस की समस्या का मुख्य कारण है। इसके साथ ही शोर या पटाखों की आवाज से कान में थोड़े समय के लिए सीटी बन सकती है।

**उम्र से संबंधित सुनवाई का नुकसान-** उम्र बढ़ने के साथ सुनने की क्षमता का स्वाभाविक रूप से कम होने लगती है, इस स्थिति में भी टिनिटस की समस्या देखने को मिलती है।

**कान का मैल-** कान में गंदगी होना या कान के मध्य में तरल पदार्थ का जमा होना भी टिनिटस पैदा कर सकता है।

**मेनियर रोग-** मेनियर रोग एक आंतरिक कान का विकार है जिसके कारण चक्कर आना, कानों में बजना (टिनिटस), सुनने में कमी और कान में दबाव या भारीपन महसूस होता है। इन बीमारियों का संकेत हो सकता है- कुछ मामलों में, टिनिटस अधिक गंभीर अंतर्निहित स्थितियों का संकेत हो सकता है-

**रक्त वाहिका विकार**-रक्त वाहिकाओं से जुड़ी समस्याएं जैसे एथेरोस्क्लेरोसिस (धमनियों का संकरा होना) या सिर और गर्दन में रक्त वाहिकाओं का असामान्य होना, कान के पास रक्त प्रवाह में बदलाव करके टिनिटस पैदा कर सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 25 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, प्रतिपदा तिथौ शुक्र वासरे 23/24/ पुष्य नक्षत्रे 16/01/ वज्र योग 17/28/ किस्तुघ्न करणे 12/02/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्रावण मास शुक्ल पक्षारंभ।

**मेष :** अतिथि समागम बना रहेगा। कानूनी मामलों में विलंब से सफल मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक विकास होगा।

**वृष :** नवीन जनसम्पर्क बढ़ेगा। इष्ट मित्रों का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्य में विशेष रुचि रहेगी। वैचारिक प्रखरता बनी रहेगी।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मूजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहयोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी संबंध प्रगाण होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आप अपने संयम के कारण सफल होंगे। आगंतुकों के स्वागत सत्कार में कचि रहेगी। हाथ-पैर में पीड़ा हो सकती है। कार्यों में विलम्ब होगा।

**वृश्चिक :** संबंधों में निकटता आएगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** सामाजिक कार्य में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा।

**कुंभ :** संबंधों में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। आय-व्यय में संतुलन बनाएं।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संबंधों में प्रगाणता आएगी। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचे।







# सड़कों के किनारे पटरियों को भी ठीक कराया जाये : जिलाधिकारी

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा के संबंध में किए गए कार्यों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए। सड़कों के किनारे पटरियों को भी ठीक कराया जाये। इसके साथ ही मुख्य मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटवाया जाये। दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चिह्नित स्थलों पर संकेतक स्थापित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा।




जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो। नागरिकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के प्रति जागरूक किया जाए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना के संबंध में बनाए गए सभी आनलाइन पोर्टल को नियमित रूप से संचालित कराए जाने एवं समय से डाटा फीड कराए जाने के निर्देश भी दिए। जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही विद्यालय वाहनों का संचालन किया जाय। चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सत्यापन नियमानुसार कराया जाये। मानकों के अनुसार निर्धारित वाहनों को ही संचालित किया जाये एवं वाहनों पर सभी आवश्यक जानकारियां अवश्य अंकित करायी जाये। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए औचक निरीक्षण भी किए जाए। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, विद्युत विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कारगिल विजय दिवस की कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। एवं उपस्थित पदाधिकारियों को कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रमो के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य दायित्व का वितरण भी किया गया। साथ ही संगठन के निरंतर चलने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर संजय मिश्रा नैमिष रत्न तिवारी,इंदू सिंह चौहान, राजकुमार अग्रवाल, जीतेन्द्र मेहरोत्रा, नीरज वर्मा झल्लर, विष्णु मौर्य, उदित बाजपेई, जया सिंह,राजन गुप्ता, पंकज पांडे, अमित दीक्षित, रमेश दीपू भार्गव, राम किशन पाल सचिन मिश्रा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर भाकियू अवध का धरना प्रदर्शन

**( स्वतंत्र भारत )**
अटरिया-सीतापुर। क्षेत्र में हो रही अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अवध) राजू गुप्ता संगठन के बैनर तले बुधवार को अटरिया विद्युत उपकेंद्र परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई संगठन के प्रदेश संरक्षक सुरेश सिंह परमार ने की। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग की लापरवाह कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंह परमार ने कहा कि गांवों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से किसान, व्यापारी और आमजन त्रस्त हैं। सबसे अधिक असर सिंचाई कार्य व बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है, जिससे फसलों के नुकसान की आशंका गहराने लगी है प्रदेश संरक्षक सुरेश सिंह परमार , जिलाअध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गीता यादव , ब्लाक अध्यक्ष सिधौली अमरीश रावत ,ने तहसीलदार सिधौली मुकेश कुमार शर्मा को न्यू एबीसी केबल लगाने , ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, समयानुसार मीटर रीडिंग निकलने समेत १३ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही जल्द विद्युत आपूर्ति को नियमित करने को मांग की गई ।धरना स्थल पर बड़ी संख्या में संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता , ग्रामीण पुलिस कर्मी मौजूद रहे। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर पूरी तरह मुखर नजर आए।



## चोरी हुआ ई-रिक्शा बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त शातिर अभियुक्त आशीष मिश्रा पुत्र नरेन्द्र कुमार मिश्रा हाल निवासी श्रीनगर कालोनी खूबपुर थाना रामकोट जिला सीतापुर मूल निवसी ग्राम पिपरी तिलक सिंह थाना इमलिया सुलतानपुर को आर०एम०पी० इन्टर कालेज के पास सड़क किनारे खाली पड़े आर्मी ग्रास फार्म से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिससे चोरी का एक अदद ई-रिक्शा, तथा ०१ अदद तमंचा देशी ३१५ बोर व ०१ जिन्दा कारतुस ३१५ बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि बरामद ई रिक्शा उसने कल दोपहर के समय नगर पालिका आफिस के पास से चुराया था। उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना स्थानीय पर मु०अ०सं० २०६/२०२५ धारा ३०३(२) पंजीकृत हुआ था। माल बरामदगी व अवैध शस्त्र के संबंध में धारा बढोत्तरी कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया जा रहा है।




## ओमप्रकाश अध्यक्ष, राजेश कुमार मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ब्लाक पहला का त्रैवार्षिक अधिवेशन मंगलवार को परसादीपुर परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। अवकाश के उपरांत आयोजित इस अधिवेषन में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण व सर्वसम्मति से संपन्न हुई। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में बिसवां ब्लाक अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ल एवं रामपुर मथुरा ब्लाक अध्यक्ष संतोश सिंह दिनकर मौजूद रहे।अधिवेशन के दौरान सर्वसम्मति से ओमप्रकाश को अध्यक्ष, राजेश कुमार को मंत्री, अनीष कुमार को संयुक्त मंत्री और अनिता को वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष घोषित किया गया। निर्विरोध निर्वाचन के बाद उपस्थित शिक्षकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अषोक कुमार प्रजापति एवं जिलाध्यक्ष मुरारीलाल श्रीवास्तव ने षिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि षिक्षक समाज की रीढ़ हैं, और उन्हें एकजुट होकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। जिला मंत्री असरार अहमद ने विद्यालय मर्जर नीति का विरोध करते हुए संघ की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।अधिवेशन के दौरान अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार वर्मा (सेवानिवृत्त शिक्षक), पुरणेश कुमार शुक्ल, गणेश कुमार (अध्यक्ष, शिक्षामित्र संघ), अजय वर्मा (अध्यक्ष, प्राथमिक षिक्षक संघ पहला), शिव प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में षिक्षक संघ के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नाम सुनकर के ब्रिटिश राज्य कांपता था भारत के ऐसे क्रांति दूत को नमन है-कमलेश मौर्य मृदु

**( स्वतंत्र भारत )**
बिसवां -सीतापुर। जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में गढ़ाकोला उन्नाव में संपन्न हुआ कवि सम्मेलन। कवि सम्मेलन का आयोजन भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा क्रांति वीर चंद्रशेखर आजाद की पावन जयंती के अवसर पर निराला सभागार गढ़ाकोला में आयोजित किया गया था। अध्यक्षता कर रहे कमलेश मौर्य मृदु द्वारा मां सरस्वती तथा चंद्रशेखर आजाद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। नोडल अधिकारी भातखंडे की प्रोफेसर सीमा भारद्वाज, विनीत वर्मा, वरिष्ठ ओज कवि वेदव्रत बाजपेई, राष्ट्रीय कवि संगम के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र अध्यक्ष एवं संस्कार भारती अवधप्रांत के उपाध्यक्ष शिवकुमार व्यास, गीतकार गजेन्द्र प्रियांशु, अशोक अग्निपथी, अटल नारायण तथा सुश्री प्रियंका शुक्ला भी दीप प्रज्वलन में सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकुमार व्यास ने किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी गिरीशचंद्र मिश्र समकक्ष राज्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे समारोहों की निरंतरता पर बल दिया। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए कमलेश मौर्य मृदु ने चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा नाम सुनकर के ब्रिटिश राज्य कांपता था भारत के ऐसे क्रांति दूत को नमन है। एक हाथ मूंछपर एक माउजर पर मन मध्य साहस अकूत को नमन है। बज्र जैसी देह यष्टि अग्नि ज्वाला जैसी दृष्टि स्वत: स्फूर्त बलबूत को नमन है। ललित ललाम क्रांति के समग्र धाम सीताराम जगरानी जी के पूत को नमन है।। ख्यातिप्राप्त कवि वेदव्रत बाजपेई ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित किया।उनकी यह रचना बहुत सराही गई लाल किले का रस्ता भारत की गलियों से जाता है। गीतकार गजेन्द्र प्रियांशु के मुक्तकों व गीतों की बहुत सराहना हुई। शिवकुमार व्यास की की रचना मैं अल्फ्रेड पार्क का बूढ़ा बरगद बोल रहा हूं सुनकर श्रोताओं ने उछल उछल कर तालियां बजाईं। अशोक अग्निपथी की काकोरी काण्ड पर आधारित रचना की जमकर प्रशंसा हुई। अटल नारायण के छंदों ने खूब वाहवाही लूटी। सुश्री प्रियंका शुक्ला ने श्रंगार पढ़कर समां बांधा। जो राज छिपा कर रखे थे वो सब राज पता हैं मुझे। गैरों के यहाँ बैठ कर बोलें गए सभी अल्फाज पता है मुझे। और लाख कर ले कोशिशें मुझको हराने की, आस्तीन के सापों के भी मिज़ाज पता है मुझे। अंत में नोडल अधिकारी प्रोफेसर सीमा भारद्वाज ने सभीके प्रति आभार व्यक्त किया।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत डीएम ने सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत आंख अस्पताल के निकट व बहुगुणा चौराहे पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी द्वारा फीता काटकर सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सेल्फी प्वाइंट केवल एक सजावटी स्थल न होकर बेटियों के सम्मान एवं उनके अधिकारों की भी पहचान है। इसके माध्यम से आम जनता, विशेषकर युवा वर्ग की बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया जायेगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि सेल्फी प्वाइंट पर लाइटिंग व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे, यह सुनिश्चित किया जाये एवं सेल्फी प्वाइंट के आस-पास साफ-सफाई निरन्तर की जाये। उन्होंने कहा कि आस-पास के वेण्डरों को कहीं अन्य स्थान पर स्थानान्तरित किया जाये। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# रूद्रावर्त नामक चमत्कारिक सिद्ध शिव स्थान शिवभक्तों के लिये बना आस्था का केन्द्र

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। आशुतोष शिव की तपस्थली वाले आरण्य क्षेत्र में स्थित अट्ठासी हजार ऋषि मुनियों की पावन तपों भूमि ही नहीं लोक कल्याण के लिए दधीचि अस्थिदानस्थली के रूप में विश्व विख्यात इस अति पुनीत आरण्य क्षेत्र में वैसे तो अनेक शिवजी के सिद्ध स्थान है लेकिन आदि गंगा गोमती के तट पर सुरम्य वातावरण में नदी की जलधार के अंदर गुप्त रूप से विराजमान रूद्रावर्त नामक चमत्कारिक सिद्ध शिव स्थान इस धार्मिक क्षेत्र में अपना एक अलग महत्व रखता है। ज्ञात हो की नैमिषारण्य से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित अरबापुर ग्राम के समीप कल-कल निनाद करती हुई आदि गंगा गोमती की जलधार के अंदर अति प्राचीन गुप्त रूप से विराजमान शिव जी का चमत्कारिक स्थान है जहां क्षेत्र ही नहीं देश के अन्य स्थानों के अलावा विदेश तक से भी शिव भक्त शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए निरंतर आते रहते हैं यह स्थान क्षेत्र में अपने महत्व को लेकर एक अलग पहचान रखता है इस सिद्ध स्थान पर नदी की धार में है बिल्वपत्र को डालने से जलधार में बह जाती है लेकिन शिव भक्तों द्वारा सच्चे मन से घ् शिव अर्पण मंत्र के उच्चारण के साथ सच्चे भाव से अगर बिल्व पत्र इस स्थान पर अर्पण किए जाते हैं तो वह सीधे जल के अंदर शिव जी को अर्पण हो जाते हैं इसी तरह अगर जल में साधारण दूध डाला जाता है तो वह जल में फेल कर बह जाता है अगर शिव भक्तों द्वारा दूध को सच्चे भाव से अर्पण किया जाता है तो वह सीधे लिक बनाकर जल के अंदर शिव जी को अर्पण हो जाता है इसी तरह फल भी अगर सच्चे भाव से अर्पण किए जाते हैं तो वह सीधे जलधार के अंदर चले जाते हैं और भक्तों को प्रसाद के रूप में एक दो फल ऊपर आ जाते हैं जिन्हें शिवभक्त प्रसाद के रूप में स्वीकार कर शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं इन्हीं चमत्कारिक विशेषताओं के चलते यह पुनीत सिद्ध स्थान इस अरण्य क्षेत्र में एक अलग महत्व रखता है और श्रावण माह ही नहीं प्रत्येक दिन और प्रति सोमवार को यहां पर शिव भक्तों का मेले जैसा माहौल बना रहता है इस तरह से यह चमत्कारिक स्थान धर्मानुयायियों में प्रमुख आस्था का केंद्र बना हुआ है।



ज्ञातव्य हो कि इस शिव स्थान पर देख रेख और पूजन अर्चन दशकों पहले पड़ोसी गांव अरबापुर निवासी बाबा राम दास के द्वारा की जाती थी उनके निर्वाण के उपरांत इस स्थान की देख रेख और पूजा पाठ का दायित्व सच्चे भाव से उनके पुत्र बाबा विनोद दास द्वारा किया जा रहा है।

जो पूरी तरह से शिव भक्ति में ही लीन है और आने जाने वाले प्रत्येक भक्त का अभिवादन जय भोले जैसे पावन शब्द से ही करते हुए इस स्थान की महिमा का वृत्तांत बहुत ही तनमयता से बताकर अपनी शिव भक्ति प्रदर्शित करते हैं।

## ई रिक्शा लूटकाण्ड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन शातिर गिरफ्तार

**( स्वतंत्र भारत )**
सीतापुर। इमलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीती १८ जुलाई को हुई ई रिक्शा लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। लूट का खुलासा करते हुए एएसपी डीके सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों में सोहनलाल उर्फसोनू पुत्र रामचन्द्र निवासी गंगेई मजरा हेमपुर, रजनीश पुत्र गोविन्द लाल निवासी ढाकनपुर व मोहित राज उर्फगोपी पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम पथरी रामकोट शामिल हैं। जिनकी गिरफ्तारी गोविन्दपुर तिराहे के पास से की गई। उन्होंने बताया कि इसी लूट की सूचना पर मौके पर जा रहे पीड़ित के पिता और भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लूटी गई एक ई-रिक्षा, एक मोबाइल (नीला आसमानी रंग), ४०० रुपये नकद और दो देशी तमंचे ३१५ बोर सहित दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे १८ जुलाई २०२५ को सीतापुर रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे थे। उनके पास नषा करने के लिए पैसे नहीं थे, इस पर तीनों ने एक ई-रिक्शा को हेमपुर चलने के लिए रोका। हेमपुर पुल पर पहुंचने के बाद सीतापुर लौटने की बात कही और चालक को ओवरब्रिज के नीचे चलने को कहा। सुनसान स्थान पाकर उन्होंने चालक से मारपीट कर मोबाइल, नकदी और रिक्षा लूट लिया और फरार हो गए। इस संबंध में थाना इमलिया सुल्तानपुर में मामला दर्ज किया गया था। लूट से संबंधित माल की बरामदगी और अवैध शस्त्र मिलने के बाद अभियुक्तों पर संबंधित धाराओं में वृद्धि कर न्यायालय में पेश किया गया है।



# बिना चीरे और तार के पहली हार्ट सर्जरी

## मिशन हास्पिटल में लगाया गया आधुनिक लीडलेस पेसमेकर

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर के मिशन हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। बरेली चिकित्सा के इतिहास में पहली बार बगैर चीरे और तार के आधुनिक पेसमेकर डाला गया है। मिशन हास्पिटल में 'लीडलेस पेसमेकर' तकनीक के जरिए 87 वर्षीय बुजुर्ग मरीज के दिल में बिना चीरे और बिना तार के पेसमेकर प्रत्यारोपित किया गया।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्मय अग्रवाल ने बताया कि यह डिवाइस देश की प्रमुख कंपनी मेडट्रॉनिक द्वारा विकसित की गई है। इसका नाम माइक्रा वीआर टू है। यह दुनिया का सबसे छोटा पेसमेकर है। इस तकनीक की खास बात यह है कि इसमें न तो किसी प्रकार का चीरा लगाया जाता है और न ही तार (लीड) की जरूरत होती है। डिवाइस को सीधे पैर की नस के माध्यम से हृदय में फिट किया जाता है। इस प्रक्रिया में इंफेक्शन का खतरा न के बराबर होता है और मरीज की रिकवरी भी काफी तेज होती है।



**25 मिनट में लग जाता है पेसमेकर, 24 घंटे में छुट्टी**

डॉ. तन्मय अग्रवाल ने बताया कि यह पेसमेकर मात्र 25 मिनट में लगाया गया। मरीज को 24 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस डिवाइस की बैटरी लाइफ लगभग 16 वर्षों की है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक का इस्तेमाल अब तक पूरे भारत में सिर्फ 6 बार हुआ है, जिनमें से बरेली में यह पहली बार और उत्तर प्रदेश में दूसरी बार सफलतापूर्वक किया गया है। डॉ. तन्मय अग्रवाल ने अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज से कार्डियोलॉजी की पढ़ाई की है। राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली तथा राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में भी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे अहमदाबाद के ट्रेनिंग सेंटर की विशेष भूमिका रही है, जहां वर्ल्ड क्लास स्तर की ट्रेनिंग और रिसर्च की जाती है।

**लखनऊ, दिल्ली जाने की जरूरत नहीं, बरेली में मिलेगी वर्ल्ड क्लास सुविधा**

मिशन अस्पताल के प्रेसिडेंट बरेली के मेयर डॉ उमेश गौतम ने बताया कि आधुनिक तकनीक के आने से अब हृदय रोगियों को दिल्ली या लखनऊ जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बरेली में ही अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उपलब्ध हो गई है। मिशन अस्पताल के प्रबंध निदेशक पृथु वात्स्यायन ने बताया कि अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की मौजूदगी में आधुनिक पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह उपलब्धि बरेली को मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाली है।

पेसमेकर डिवाइस की लागत

यह लीडलेस पेसमेकर डिवाइस लगभग 13 लाख रुपये की है।

**आधुनिक पेसमेकर के फायदे**

बिना चीरे और टांके के पेसमेकर इम्प्लांट न्यूनतम संक्रमण का खतरा मरीज की तेजी से रिकवरी बाहरी उभार नहीं होता 16 वर्षों की बैटरी लाइफ।

## दहेज की खातिर विवाहिता को पीटा, पुलिस से शिकायत

**सिरौली।** सिरौली क्षेत्र के गांव शहवाजपुर में एक पीड़िता ने अपने पति और ससुराल पक्ष वालों पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाना सिरौली पुलिस को तहरीर देकर कानून कारवाई करने की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना सिरौली क्षेत्र के गांव शहवाजपुर की रहने वाली पीड़िता रेशमा ने बताया कि तीन दिन पूर्व उसके ससुराल वालों ने और उसके पति ने उसको दहेज की खातिर मार पीट कर घर से बाहर निकाल दिया तभी से वह अपने मायके में रह रही है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से उसके ससुराल वाले और उसका पति उसके साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। परेशान होकर पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना सिरौली पुलिस से की है। थाना सिरौली पुलिस ने पीड़िता को न्याय का आश्वाशन दिया है।

इंस्पेक्टर जगत सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# उर्से रजवी की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

## जायरीन की सहूलियत समेत यातायात व सुरक्षा समेत कई बिंदुओं पर चर्चा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** कलेक्टेट सभागार में 107 वे उर्से रजवी की तैयारियों के संबद्ध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में दोपहर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां की ओर से प्रतिनिधि मंडल शामिल रहा। दरगाह से गये हाजी जावेद खान ने दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन की ओर से गत वर्षो के उर्स में प्रशासन द्वारा किये गए कार्यो का शुक्रिया अदा किया। इसके बाद विस्तार से एक एक बिंदु पर चर्चा की। नगर निगम,स्वास्थ्य, बिजली, सफाई, पानी, शौचालय,वुजू के लिए टोटियों, यातायात, सुरक्षा संबंधी कार्य कराने की मांग की। दरगाह व उर्स परिसर पर प्रकाश की व्यवस्था कराने की मांग की। जिस पर डीएम व कप्तान साहब ने सभी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को गत वर्षों से बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस दौरान 19 अगस्त को गंगा महारानी शोभा यात्रा निकलेगी। उस पर भी चर्चा की गई। तय हुआ टीटीएस के रजाकार और शोभा यात्रा कमेटी के वालंटियर्स शांति व्यवस्था में सहयोग करेंगे। साथ ही दरगाह से आए प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि उर्स के लिए उनके स्तर से हर सम्भव कोशिश की जाएगी कि देश विदेश से आने वाले जायरीन को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। टीटीएस के औरंगजेब नूरी, शाहिद नूरी, परवेज नूरी,अजमल नूरी ने भी सुझाव रखें। बैठक का संचालन एडीएम सिटी ने किया।



दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स से संबधित पुलिस, प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, संचार आदि विभाग के अधिकारी शामिल रहे। जिसमे सिटी मजिस्ट्रेट,एसपी सिटी, ट्रैफिक,सीओ के अलावा दरगाह की ओर से ताहिर अल्वी, शान रजा आदि लोग शामिल रहे।

# भमोरा में रात के समय उड़ते दिखाई दिये ड्रोन, क्षेत्र में दहशत का माहौल

-स्वतंत्र भारत-

**भमोरा** क्षेत्र के गांव भीकमपुर,नौगवा अहिरान, देवचरा आदि गांव के ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिनों से गांव में रात में 4 से 5 ड्रोन आते हैं बुधवार की रात भी करीब 11बजे गांव के ऊपर उड़ते हुए ड्रोन देखे गए थे। कुछ लोग चोरों के गांव में आने की बात कह कर शोर मचाते हुए घरों से बाहर निकल आए उनके साथ गांव के ज्यादातर लोग घरों से निकलकर गलियों में आकर खड़े हो गए। यहां मौजूद लोगों ने बताया कि चोर आने की दहशत से रात की नींद खराब हो गई है लोग चैन से सो नहीं पा रहे हैं। बच्चों में चीख पुकार मच जाती है महिलाएं भी डर से सहम जाती हैं गांव में दहशत का माहौल बन गया है। लोग अपने-अपने आस पड़ोस के गांव में फोन करके चर्चा करने लगते हैं तथा रिश्तेदारियों में भी चोरों द्वारा ड्रोन उड़ाने की बात चर्चा का विषय बन गया है। बुधवार की रात भी गांव के लोग लाठी डंडे लेकर घरों से बाहर निकल आए थे। कुछ युवकों ने पत्थरों से ड्रोन पर निशाना भी साधा किंतु दूरी अधिक होने के कारण कुछ हासिल नहीं हो सका।

क्षेत्र के गांव भीकमपुर के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव व आसपास के गांव के ऊपर से ड्रोन उड़ाते देखे गए और बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे ड्रोन उड़ता दिखाई दिया जिसका ग्रामीणों ने पीछा किया फिर वह ड्रोन अचानक गायब हो गया जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिवार के लोग रात में एक-एक कर जागकर रात बिताते हैं। ड्रोन के बारे में अभी भी संशय बना हुआ है अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन कौन और किस वजह से उड़ाता है।

# चक मार्ग पैमाइश के दौरान किसान की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## परिजनों ने लाठियों से पीटकर हत्या का आरोप लगाया, गांव में पुलिस बल तैनात

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बंजरिया इलाका जेड में बृहस्पतिवार को चक मार्ग की पैमाइश करने गई राजस्व विभाग की टीम जब चक मार्ग की पैमाइश कर रही थी उसी दौरान जिस किसान के खेत में नाप की जा रही थी उसी किसान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। गुस्साए परिजन ट्रैक्टर ट्राली से उसका शब लेकर थाने पहुंचे और थाने का घेराव किया। पुलिस ने मृतक किसान के शब को सीएचसी फरीदपुर भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शब का पंचायत नामा भरकर शब को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। मृतक किसान के परिजनों ने गांव के ही लोगों पर उसकी लाठियों से हमला कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बृहस्पतिवार को ग्राम बजरिया इलाका जेड में राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ चक मार्ग की पैमाइश करने गई थी। पप्पू उम्र 48 वर्ष पुत्र नन्हे व शिवराज पुत्र लाखन के खेत आमने-सामने हैं। राजस्व विभाग की टीम द्वारा पैमाइश के दौरान पप्पू के खेत में ही चक मार्ग चिन्हित किए जाने पर किसान पप्पू ने विरोध किया और उसने आरोप लगाया कि मेरे ही खेत में पूरा चक मार्ग क्यों नाप दिया और उसका शिवराज पक्ष के लोगों के साथ वाद विवाद हो गया था। कुछ ही देर में किसान पप्पू यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजन उसके शव को ट्रैक्टर ट्राली से लेकर थाने पहुंचे और थाने का घेराव करते हुए आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के शिवराज सोवरन, अमर सिंह, शालिगराम ने लाठियों से पीट कर हत्या कर दी है। पुलिस ने मृतक किसान पप्पू के शव को सीएचसी फरीदपुर भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेजा दिया। मृतक के परिजनों की तरफ से अभी तक उक्त घटना के संबंध में थाना पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।उल्लेखनीय है कि ग्राम बंजरिया में 80 मीटर लंबी व तीन मीटर चौड़ी चकमार्ग का निर्माण कराए जाने के लिए राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ पैमाइश कर रही थी। उक्त चकरोड पर मृतक पप्पू यादव का लगभग 10 बीघा का खेत है, वहीं इसके सामने शिवराज का लगभग 5 बीघा का खेत है । प्रधान का आरोप है कि पप्पू पुत्र नन्हे यादव ने मनरेगा की लगभग तीन मीटर चौड़ी रोड जोत रखी है, जिसको लेकर दूसरे पक्ष के सोरन, अमर, शिवराज आदि ने उक्त रास्ते को पप्पू से मुक्त कराने के लिए उच्चा धिकारियों से आदेश पारित कराए थे। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस के साथ चक मार्ग की पैमाइश करने गई थी। जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गय था। और इसी दौरान किसान पप्पू यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।



# दलितों-पिछड़ों-अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बरेली में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक वर्गों पर लगातार हो रहे उत्पीड़न और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव विकास बाबू एडवोकेट के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर आरोप लगाए और न्याय की गुहार लगाई।

विकास बाबू एडवोकेट ने कहा कि बरेली में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन मामलों में थानों पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती, उल्टा पीड़ितों को भगा दिया जाता है। अपराधियों से मिलीभगत कर पुलिस जानबूझकर मामले दबा रही है। यह अन्याय अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी ने कुछ प्रमुख मामलों को ज्ञापन में शामिल किया। भीम आर्मी ने प्रशासन से मांग की है कि सभी मामलों की जांच तत्काल प्रभाव से निष्पक्षता के साथ हो। पीड़ित परिवारों को सुरक्षा दी जाए सभी अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हो।दोषी पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई हो। यदि 7 दिन में कार्रवाई नहीं होती तो भीम आर्मी डीआईजी के कार्यालय पर बड़ा आंदोलन करेगी।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, महासचिव डॉ रूपकिशोर प्रजापति, सिद्धांत गौतम, महानगर अध्यक्ष शिवम् भारती, मंडल संयोजक अमर सिंह एडवोकेट, लीगल सेल संयोजक नेत्रपाल सिंह एडवोकेट, पूर्व जिला संयोजक आकाश सागर, उपाध्यक्ष सैम मैसी, मंडल संगठन सचिव छोटेलाल माथुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेन्द्र सागर, मनोज वाल्मीकि, शीशपाल सागर, चंदन सागर, यशपाल, बबलू सागर, प्रेम बौद्ध, सुनीता वाल्मीकि, सोनम आजाद, मो. हसन, छात्र संघ अध्यक्ष जितेंद्र सागर, मंजू देवी, नगर अध्यक्ष आकाश सागर, नवाबगंज प्रभारी जान मोहम्मद, तहसील अध्यक्ष सुरजीत गौतम, रवि सागर, विशन प्रताप, शाकिब मेवाती समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व पीड़ित परिवार मौजूद रहे।

# स्काई वॉक को अगस्त माह में शुरू करने की तैयारी, शहरवासियों में उत्साह

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से बने स्काई वॉक का अगले माह से शहरवासी लुत्फ उठा सकेंगे। इसको लेकर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों ने फर्म को अनुबंध प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया है, जिससे शहर के लोग स्काई वॉक को इन्ज्वाय कर सकें।

पटेल चौक पर करीब चार माह से बनकर तैयार स्काई वॉक को शुरू करने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसे अगले माह से आम जनता के लिए खोलने की तैयारी की जा रही है। स्काई वॉक के शुरू होने से पैदल आने-जाने वालों को चौराहे पर इधर से उधर आने जाने में सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन का नया विकल्प मिलेगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि स्काई वॉक पर साफ-सफाई, लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं होंगी।



इसकी 84 दुकानों के भार सहन करने की क्षमता है, लेकिन फर्म की योजना है कि पहले 35 दुकानें स्थापित की जाएंगी। इसको लेकर संबंधित फर्म को अनुबंध के लिए पत्र भेजा गया है, ताकि संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी तय की जा सकें। फर्म को अनुबंध प्रक्रिया अगले सप्ताह तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

400 मीटर लंबा है स्काई वॉक

स्काई वॉक की लंबाई लगभग 400 मीटर है। इसका डिजाइन आधुनिक और आकर्षक बनाया गया है। इसमें एलिवेटेड फुटपाथ के साथ-साथ बैठने की सुविधा और रेन शेड भी मौजूद हैं। इसको लेकर लोगों को भी इंतजार है और उत्साह है, क्योंकि काफी लंबे समय शुरू करने का दावा किया जा रहा है।

सीईओ, संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड स्काई वॉक को शुरू करने के लिए फर्म को निर्देश दिए गए हैं। इसके अगले माह से शुरू होने की संभावना है। यह शहर के लोगों के लिए नई तरीके की सुविधा होगी। इससे चौराहे से पैदल गुजरना काफी सुरक्षित होगा।

# शिव डाक कांवड़ संघ और शिव शक्ति डाक कांवड़ संघ के दो सौ कांवड़िये जल लेने .हरिद्वार रवाना



-स्वतंत्र भारत-

**फतेहगंज पूर्वी।** नगर के शिव डाक कावड़ संघ और शिव शक्ति डाक कावंड संघ के नेतृत्व में करीब दो सौ कावड़ियों के दो जत्थे गुरुवार को हरिद्वार से जल लेने के लिए शाम को रवाना हुए। वहीं यह दोनो जत्थे 29 तारीख को हरिद्वार से जल भरकर छोटी काशी गोला गोकरननाथ में भगवान शिव को जल अभिषेक करेंगे। गुरुवार को हरिद्वार रवाना होने से पहले सभी कांवरिया बाबा भोलेनाथ की अनुमति लेने के लिए पचौमी के पंचेश्वरनाथ मंदिर में पहुंचे।जत्थे के महंत कृष्ण कुमार पाठक, के साथ पंकज शर्मा, अमित गुप्ता, ज्ञानवीर आदि रहे।

वहीं शिव शक्ति कांवड़ संघ के महंत रामसेवक शर्मा, अबधेश शर्मा, श्यामचरण,आदि लोग हरिद्वार रवाना हुए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग उन्हें विदाई देने के लिए मेन चौराहे पर मौजूद रहे थे।

थाना प्रभारी संतोष कुमार भी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मय फोर्स के साथ मौजूद रहे थे।

# फायरिंग, पथराव का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, 20 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** मोहल्ला कस्सावान में रास्ते में घोड़ी बाधने को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच गाली गलौज पथराव व फायरिंग होने से मोहल्ले में दहशत फैल गई। जिस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। और घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नगर के मोहल्ला कस्सावान में रविवार की रात्रि में रास्ते में बंधी घोड़ी को हटाने को लेकर दूसरे मोहल्ले के श्याम प्रताप सिंह उर्फ नन्हे ठाकुर का विवाद दूसरे समुदाय के तौफीक अहमद के साथ गाली गलौज व मारपीट हो गई थी। इसके बाद नन्हे ठाकुर अपने घर गया और 15 - 20 अपने साथियों को लेकर तौफीक अहमद के घर पर पहुंच गया और गाली गलौज करते हुए पथराव व फायरिंग शुरू कर दी जिसे लेकर मोहल्ले में अफरा तकरी मच गई लोगों में दहशत फैल गई तौफीक अहमद व उसके परिवार वालों ने अपने घर का मुख्य दरवाजा बंद कर लिया इसी बीच मोहल्ले का ही एक युवक अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बनाने लगा तभी हमलावरों ने उसे वीडियो बनाने से रोका तो वह अपनी जान बचाकर मौके से भाग गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कस्बा चौकी इंचार्ज पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही हमलावर मौके से फरार हो गए पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी श्याम प्रताप सिंह उर्फ नन्हे ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया और उसे थाने ले गई। पुलिस ने श्याम प्रताप सिंह उर्फ नन्हे ठाकुर एवं उसके 20 अज्ञात साथियों के खिलाफ पथराव फायरिंग एवं बलवा करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# कथा व्यास ने शिवपुराण में नारद चरित्र, शिवलिंग की उत्पत्ति सृष्टि की रचना का श्रवण कराया

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** श्री रामायण मंदिर माधव वाड़ी में चल रहे तुलसी जयंती महोत्सव के दशम दिन और आचार्य श्री राधेश्याम व्यास जी द्वारा श्रवण कराई जा रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन आचार्य श्री ने शिवपुराण में नारद जी के चरित्र, शिवलिंग की उत्पत्ति सृष्टि की रचना आदि कथा का वर्णन किया कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि नारद जी भगवान विष्णु के भक्त और एक महान ऋषि थे जिन्हें भगवान शिव के प्रति भी गहरी श्रद्धा थी शिव पुराण में नारद जी के विभिन्न प्रसंगों जैसे कि काम विजय ,शिव पार्वती विवाह और शिव भक्ति में उनकी भूमिका का वर्णन किया

नारद जी की तपस्या में देवराज इन्द्र एवं काम देव व्दारा विघ्न उत्पन्न तथा नारद जी का अहकार उत्पन्न तथा नारद जी त्रिदेवों के पास जाना एवं विष्णु जी के द्वारा माया पुरी का निर्माण तथा नारद जी का भगवान् से उनके रूप की मांग एवं नारद जी का भगवान् श्राप देना तथा भगवान् के द्वारा नारद जी का सत्य परिचय आदि घटनाओं का महाराज जी ने विस्तृत रूप से वर्णन किया



मंदिर समिति के उपाध्यक्ष पवन अरोड़ा ने बताया कि यह शिव महापुराण कथा 29जुलाई तक निरंतर शाम साढ़े छह बजे से लेकर साढ़े नौ बजे तक चलेगी कथा में राम अरोड़ा भविष्य अरोड़ा करण भाटिया बिन्नी आनंद गौरव अरोड़ा हरीश अरोड़ा तरुण अरोड़ा आदि का विशेष योगदान रहा

## संक्षिप्त समाचार

### उप नियंत्रक एवं डिप्टी चीफ़ वॉर्डन ने पंडित संजय शर्मा को पोस्ट वार्डन के पद पर किया नियुक्त



**बरेली।** रैंक संस्थापन कार्यक्रम के तहत उप नियंत्रक महोदय व डिप्टी चीफ़ वॉर्डन के हाथों से प्रभागीय वार्डन बारादरी संजय पाठक, उप प्रभागीय वार्डन, सिविल लाइन्स अनिल शर्मा, उप प्रभागीय वार्डन आ0 कँवलजीत सिंह तथा तीनों प्रभागों के सम्मानित पोस्ट वार्डेन्स तथा डिप्टी पोस्ट वार्डेन्स को बैच लगाकर हम सब वार्डेन्स का सम्मान बढ़ाया। मैं सभी रैंक प्राप्त वार्डेन्स साथियों को हृदय से बधाई देता हूं तथा उपनियंत्रक, डिप्टी चीफ़ वॉर्डन महोदय तथा सम्मानित वरिष्ठ सहा0उपनियंत्रकगण पंकज कुदेशिया तथा प्रमोद डागर का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही प्रभागीय वार्डनगण दिनेश यादव,अंजय अग्रवाल तथा संजय पाठक का भी हृदय से आभार व्यक्त किया गया है।

### महिला को बहला-फुसलाकर बंधक बनाने व दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



**बरेली।** थाना आंवला पुलिस ने एक महिला को बहलाकर भगाने और अपने घर में बंधक बनाकर जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 22 जुलाई को पीड़िता ने थाना आंवला में सूचना दी कि उसका अपने पति से विवाद होने के बाद उसने इंस्टाग्राम पर मोहित पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम नाद अलगनी, थाना फरीदपुर, जिला बरेली से बातचीत शुरू की। इसके बाद आरोपी मोहित ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया और अपने घर में बंधक बनाकर कई बार जबरन दुष्कर्म किया। इस सूचना पर थाना आंवला में बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उप निरीक्षक राजेश बाबू मिश्रा, कॉन्स्टेबल हसीब खां तथा कॉन्स्टेबल रोहित कुमार की टीम ने वांछित अभियुक्त मोहित पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम नाद अलगनी, थाना फरीदपुर, जिला बरेली को रोडवेज अड्डे के पास, मनौना जाने वाली रोड से गिरफ्तार किया।

### महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव रीना अग्रवाल बनीं तीज क्वीन



**बरेली।** विश्व जागृति मिशन महिला मंडल बरेली द्वारा तीज उत्सव एक होटल में धूमधाम से मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं और वन मिनट गेम का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में रश्मि अग्रवाल प्रथम, कंचन अग्रवाल द्वितीय रहीं।

चूड़ी प्रतियोगिता में ललिता अनेजा, उमर रेलन विजेता रही। क्विज प्रतियोगिता की विजेता रेनू मिश्रा, रेनू वार्ष्णेय, गीतेश गुप्ता, नीरेश महेश्वरी और कुसुम खंडेलवाल रही। बेस्ट ड्रेस अप का पुरस्कार ममता गर्ग, सविता अरोड़ा को मिला। डांस प्रतियोगिता का का पुरस्कार शांति बिष्ट अनुराधा खंडेलवाल सुमित्रा गंगवार को मिला। तीज क्वीन का खिताब रीना अग्रवाल को मिला। रनरअप गीता जोशी रही। पुरस्कार वितरण महिला प्रधान ममता गर्ग एवं महिला संरक्षक सविता अरोड़ा ने किया। ममता गर्ग ने उपस्थित सभी बहनों को तीज की बधाई दी। समापन सुमित्रा गंगवार द्वारा आयोजित सुंदर भोज द्वारा हुआ।

### सड़क दुर्घटना में ढाबा कर्मचारी की मौत

**बरेली।** बदायू रोड देवचरा के पास अज्ञात वाहन ने ढाबा कर्मचारी और उसके दोस्त को टक्कर मार दी जिसमें ढाबा कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई दोस्त घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया डॉक्टर ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

थाना भमोरा क्षेत्र के गांव चाडपुर केमुआ निवासी 40 वर्षीय विनोद कुमार सिंह गांव रमपुरा मोड़ के पास शिवा ढाबा पर काम करते थे। परिजनों ने बताया बुधवार की रात लगभग 11 बजे ढाबा पर काम करने के बाद मोटरसाइकिल से देवचरा किसी काम से गए थे साथ में उनका दोस्त था वापस आते समय बलिया मोड़ पर देवचरा में किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें विनोद कुमार सिंह की घटना स्थल पर मौत हो गई और उसका साथी घायल हो गया घटनास्थल पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया।डॉक्टर ने विनोद कुमार के शव को मोर्चरी में रखवा दिया सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

## अगस्त में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विकास खण्डों में लगेंगे कैम्प

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** जन सुनवाई मे जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का तत्काल आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। आज कुल 07 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही कुल 218 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अगस्त माह में आयुष्मान कार्ड के लिए विकास खण्ड स्तर पर विशेष कैम्प लगाए जाएंगे। इन कैम्पों में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, अंत्योदय कार्ड धारकों व 6 से अधिक सदस्य संख्या वाले पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश कि अंश निर्धारण व पैमाइश के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। चकरोड व सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। जन सुनवाई के दौरान अंकित बाजपेई नाम के एक दिव्यांग युवक को दुकान संचालन योजना से आच्छादित कराया गया। शिव कुमार नाम के एक दिव्यांग व्यक्ति की दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी अंकित तिवारी, उप जिलाधिकारी मयंक व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दीवार गिरने से किसान की मौत

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** बेहंदर के कासिमपुर थाना क्षेत्र के असवर मऊ गाँव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक किसान की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। असवर मऊ गांव निवासी बहादुर (55) गांव के बाहर अपनी कच्ची दीवार और फूस के छप्पर से बने मवेशी रखने की जगह पर थे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे, जब वे उसी के नीचे बैठे थे। तभी अचानक कच्ची दीवार ढह गई और बहादुर मलबे में दब गए। घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें मलबे से निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहादुर की मौत हो चुकी थी। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी रीना, एक दिव्यांग पुत्र और एक पुत्री हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## चिन्हित स्थानों पर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य जल्द करें प्रारम्भ-डीएम

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आरआरसी सेंटरों को सक्रिय अवस्था में रखा जाये। नये ग्रामों के चयन के लिए स्थल की उपयुक्तता की अच्छी तरह से जाँच कर ली जाये। गोबर्धन बायोगैस प्लांट को पूरी तरह से सक्रिय रखा जाये। चिन्हित स्थानों पर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द प्रारम्भ किया जाये। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुचारु बनाई जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई, ग्राम प्रधान बांसा, नेदुरा व खजुरमई तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस की व्यवस्थाओं के संबंध में बातचीत की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की वाह्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। परिसर में साफ सफाई की उचित व्यवस्था रखी जाए। आवश्यक सूचनाएं ससमय राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पचास वर्षीय महिला प्रेमी संग फरार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** मल्लावां थाना क्षेत्र में एक पचास वर्षीय महिला अपनी छोटी पुत्री को लेकर घर से प्रेमी के साथ फरार हो गई।पीड़ित पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी पचास वर्षीय पत्नी को 17 जुलाई की शाम को कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पत्नी घर में रखे करीब पैंतीस हजार रुपए और छोटी पुत्री को साथ में लेकर गई है।उसने काफी खोजबीन की लेकिन उसकी पत्नी का उसको कुछ पता नहीं लग सका। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## परीक्षा को शुचितापूर्ण संपन्न कराने हेतु आयोग के निर्देशों का कठोरता से करें पालन

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी की अध्यक्षता में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। बैठक में परीक्षा में ड्यूटी पर लगे अधिकारियों की 20 अंको की एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा ली गई जिसमें रिजर्व सहित कुल 108 अधिकारी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी ने बताया की परीक्षा में 12 से कम अंक प्राप्त करने वालों का पुनः प्रशिक्षण कराया जाएगा तथा टेस्ट लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से आए जिला समन्वयक द्वारा परीक्षा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की परीक्षा से सम्बंधित जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई भूपेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमध्प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 हरदोई के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 आयोजित जागरूकताध्प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिला जज द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 विषय पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में जो महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल कर कार्य करती हैं। यह अधिनियम उन सभी महिलाओं के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की रोकथाम किस प्रकार की जाएगी इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 विषय पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे मेंध्जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित नवीन पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप निदेशक अनिल कुमार कटियार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लिपिक अभिषेक अवस्थी तथा विभिन्न जनपदों के नवीन पदोन्नति प्राप्त नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## वसूली व सर्वे के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी विभाग द्वारा प्रदेश में धारा 79 के अंतर्गत की जा रही वसूली व सर्वे छापे के नाम पर व सचल द्वारा व्यापारियों से किया जा रहे हैं उत्पीड़न को रोकने हेतु उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने गुरुवार को हरदोई जनपद के व्यापारियों द्वारा एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा जिसमे जिला अध्यक्ष विमलेश दीक्षित ने बताया जीएसटी अधिकारी अनैतिक रूप से उत्पीड़न कर रहे हैं सचल दल विभाग द्वारा छोटी-छोटी मानवीय भूल बस ए बिल सहित सभी परिपथ होने के बावजूद भी गाड़ियों में पेनल्टी लगाकर जुर्माना कराया जा रहा है जमाने की वसूली के लिए रोड पर मोटरसाइकिल या घर से रिकवरी के लिए सोफा उठाकर जीएसटी विभाग अपनी कार्रवाई पूरी कर रहा है।

## डिजिटल सर्वे मैप के आधार पर विकास की प्रक्रिया करें प्रारंभ

- **औद्योगिक क्षेत्र व टेक्सटाइल पार्क का विकास**

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में यूपीसीडा व टेक्सटाइल पार्क के सम्बंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि टेक्सटाइल पार्क के आतंरिक विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द प्रारम्भ की जाये। मास्टर प्लान जल्द तैयार किया जाये। संडीला औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिग्रहण की कार्रवाई जल्द समाप्त की जाये। प्रस्तावित ग्रामों का अधिग्रहण पूर्ण कर नोटिफिकेशन जारी कराया जाये। डिजिटल सर्वे मैप के आधार पर आतंरिक विकास की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये। एक मास्टर प्लान तैयार किया जाये। जमसारा की रजिस्ट्री की प्रक्रिया जल्द प्रारम्भ की जाये। गंगा एक्सप्रेस वे की चर्चा करते हुए उन्होंने यूपीडा को निर्देश दिए। आईएमएलसी (इंटीग्रेटेड मैंन्युफैक्करिंग एण्ड लॉजिस्टिक क्लस्टर) की भूमि पर जल्द कार्य प्रारम्भ कराया जाये। भूखण्डों के आकार को पुनः जनपद की आवश्यकतानुसार संशोधित किया जाये। गंगा एक्सप्रेस वें के अवशेष प्रकरणों के उन्होंने जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना का हुआ शुभारम्भ

**हरदोई।** प्रभारी राजकीय सामुदायिक फल प्रसंस्करण इस अवसर उन्होंने मुख्यमत्री खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने पर जोर दिया व लघु उद्योग जैसे पापड, अचार, कचरी, मसाला, आटा चक्की, पास्ता, दलिया, सेवई आदि उद्योग लगाने पर प्रेरित किया। इस अवसर पर कुकरी, बेकरी ट्रेनर संगीता श्रीवास्तव व धर्मेन्द्र सिंह फूड इसपेक्टर ने इकाई लगाने के लिये प्रेरित किया। जिसमें सरकार की तरफ से योजना लागत का 50 प्रतिशत मशीन व उपकरण मद में सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अजीत सिंह डीआरपी व श्री जेनैंद्र कुमार मौजूद रहे।

## अमर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**हरदोई।** कारगिल विजय दिवस 2025 के उपलक्ष्य मे नगर पालिका सभागार हरदोई मे कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विजय दिवस समारोह मे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम मे राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल व् अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने वीर नारियों, कारगिल योद्धाओं व् भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित कर, राष्ट्रीय सुरक्षा मे उनके अविस्मरणीय योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अमर शहीदों के परिजन, कर्नल अविजीत मेहता, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा, नगर पालिकाध्यक्ष सुख सागर मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी सहित कुमाँऊ रेजीमेंट के वीर सिपाही व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## दो बाईकों के टकराने से घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवा निवासी दो युवकों की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई।जिसमे घायल हुए दोनों बाइक सवारों में चालक की इलाज की दौरान मृत्यु हो गई।बाइक सवार दूसरे साथी का इलाज लखनऊ में चल रहा है।मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मृतक के चाचा लालता प्रसाद पुत्र बलवंत के अनुसार उसका भतीजा रवि पुत्र विश्राम गांव निवासी साथी आयुष तिवारी पुत्र मनीष तिवारी के साथ 21 जुलाई को बाइक से सकाहा मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था।खेरिया बाजार में लाल बाबा मंदिर के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उसके भतीजे की बाइक में टक्कर मार दी।जिससे उसका भतीजा और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को एंबुलेंस से हरदोई जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां उसके भतीजे रवि की हालत गंभीर होने पर इसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसके भतीजे की मृत्यु हो गई।जिला अस्पताल से उसके भतीजे के साथी आयुष तिवारी को भी गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।आरोपी बाइक चालक अचल गुप्ता निवासी आसिगाव की बाइक को स्थानीय दुकानदारों ने जान पहचान होने के कारण घटना स्थल से हटा दिया है। पीड़ित की तहरीर पर बेहटा गोकुल पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मानसिक तनाव में युवक ने लगाई फांसी

**हरदोई।** बिलग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा में बुधवार की रात एक मानसिक तनाव से ग्रस्त युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक 42 वर्षीय पप्पू पुत्र नीलकंठ के परिजनों के अनुसार इधर कुछ महीनों से मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी।जिस कारण वह इससे पूर्व भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था।बुधवार की शाम को उसने खाना खाया और बाहर टहलने निकल गया।रात में नौ बजे ग्रामीणों ने उसे अपने घर की ही बगिया में खड़े पेड़ से फांसी पर लटकते देखा।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।प्रभारी निरीक्षक श्री राय ने बताया मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

## एक महिला सहित पांच लोगों पर लाखों रुपए की ठगी का केस दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ लाखों रुपए की धोखाधड़ी और ठगी करने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर निवासी प्रशांत कुमार पांडे पुत्र वीरेश पांडे के अनुसार वह हर्रई मोड पर ज्वेलर्स सहित कई कारोबार करता है। जय नारायण मिश्रा उर्फ सानू पुत्र अशोक कुमार मिश्रा, पूजा मिश्रा पत्नी अशोक कुमार मिश्रा, अशोक मिश्रा पुत्र ईश्वर दयाल मिश्रा, द्विग्विजय शुक्ला उर्फ श्रेयांक पुत्र अजय कुमार एवं एक अज्ञात व्यक्ति सर्व निवासी उधरनपुर उसके संपर्क में आए और ठेका दिलवाले एवं व्यापार करवाकर पैसा कमाने का लालच दिया। बकौल प्रशांत कुमार इस लालच में वह फंस गया। उपरोक्त लोगों ने उसे बहराइच में गैस पाइपलाइन का ठेका दिलवाने का पूरा भरोसा दिलाया। इस कारोबार के लिए जय नारायण मिश्रा उर्फ शानू ने उससे पैसे की मांग की तो उसने 10, 90, 000 जयनारायण मिश्र तथा 95,000 दिग्विजय के खाते में डाल दिया। जब पुनः इन लोगों ने पैसे की मांग की तो उसने अपना 220 ग्राम सोना भी दे दिया। आरोप है कि उपरोक्त लोगों ने जब उसे कोई काम नहीं दिलवाया तो उसने पैसे की मांग की और मोहल्ला छोड़कर चले गए। केवल महिला पूजा ही रह गई। जब उसने पूजा से अपने पैसे की मांग की तो पूजा ने जान माल के दुष्कर्म के मामले में फसाने की धमकी दी। मजबूर होकर उसने पुलिस अधीक्षक की चौखट खटखटाई।

## अलग अलग मारपीट के मामलों में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** जनपद में अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मल्लावां थाना क्षेत्र के ग्राम साधव पुरवा निवासी भैयालाल पुत्र बुधई के अनुसार 22 जुलाई को परिवार के प्रमोद पुत्र रामकिशन ने अपनी पत्नी सरस्वती के साथ पुरानी किसी रंजिश में उसके दरवाजे आकर गाली गलौज करते हुए उसे उसकी पत्नी मंजू और पुत्र आशीष को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पेड़ा निवासी कौशल पुत्र फतेह बहादुर सिंह के अनुसार 21 जुलाई की शाम को गांव निवासी सतेंद्र सिंह पुत्र कप्तान सिंह ने प्रदीप,संदीप,पारथ और गुलाब सिंह ने उसके दरवाजे पर आकर पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। टड़ियांवा थाना क्षेत्र के ग्राम सरंगा पुर निवासी शरीफ पुत्र मैकू के अनुसार उसने अपनी पुत्री का विवाह पांच वर्ष पूर्व किया था।घरेलू हिंसा में ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया था।वह तब से उसके साथ रह रही है।घरेलू हिंसा का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है।विपक्षी ने दौरान मुकदमा दूसरा विवाह सूफिया के साथ कर लिया।सूचना मिलने पर वह अपनी पुत्री के साथ उसकी ससुराल गया तो दामाद सहीम उसकी पत्नी सूफिया और मां ने डंडों से मारपीट कर उसे और पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पाट कुंआ निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र चुन्नू के अनुसार 22 जुलाई की शाम को गांव निवासी शैलेंद्र पुत्र राजबहादुर ने पुत्र रजनीश और विपिन कुमार के साथ उसके दरवाजे पर आकर उसके भाई राजेंद्र पाल को गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया उसके भाई का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के विकास नगर मजरा महोलिया शिवपार निवासी दुर्गेश मिश्रा पुत्र नत्थूलाल के अनुसार 22 जुलाई की रात करीब दस बजे गांव निवासी सीलू पुत्र उमेश ने अपने भाई छोटू,क्षमा और क्षमा के पति के साथ उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए डंडों से उसे पत्नी और उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बलेहरा निवासी मुन्नी पत्नी महेश्वर के अनुसार 21 जुलाई की शाम को वह दरवाजे पर पुत्र के साथ बैठी थी।तभी गांव निवासी वेदपाल पुत्र चेतराम ने अपने भाई अमरपाल और मेमराम के साथ शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए उसे व पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर उसका पति बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली गई विशाल कांवड़ यात्रा

- **हजारों दर्शकों ने कस्बे में कई जगह बरसाए फूल**



**शाहाबाद हरदोई।** हर वर्ष सावन में निकलने वाली विशाल कांवर यात्रा गुरुवार को धूमधाम से निकाली गई।सुरक्षित कांवर यात्रा को निकलवाने के लिए कोतवाली पुलिस चप्पे चप्पे पर नजर आई।हर वर्ष सावन के महीने में कस्बे से अलग अलग टोलियों में सैकड़ों लोग फर्रुखाबाद से गंगाजल लेकर पैदल सड़क मार्ग छोटी काशी गोला गोकर्ण नाथ शिव मंदिर में अभिषेक करने के जाते हैं।इस वर्ष भी बुधवार की शाम को नगर सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक टोलियां फर्रुखाबाद के घटियाघाट से जल लेकर कस्बे पाली बाईपास पर एकत्र हुई यहां से हजारों की संख्या में कांवरिए हर हर महादेव के उदघोष के साथ कस्बे से ढोल नगाड़ों और डीजे की धुनों पर थिरकते हुए कांवरिए छोटी काशी के लिए रवाना हुए। कावड़ यात्रा में एक दर्जन से अधिक मनमोहक झांकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया।कांवर यात्रा का कस्बे में हजारों महिलाओं और भक्तों द्वारा जगह जगह फूल की वर्षा कर स्वागत किया गया।समाज सेवियों द्वारा कस्बे में कई स्थानों पर कांवड़ यात्रियों को जलपान करवाया गया। कांवर यात्रा पाली चैराहे से गिगियानी चैक सर्राफा बाजार घंटाघर घास मंडी तिराहा स्टेट बैंक नगरपालिका होते हुए अल्लापुर चैराहे से छोटी काशी के लिए रवाना की गई। नगर पालिका के गेट पर सभासदों द्वारा कांवड़ियों को जलपान करवाया गया।वरिष्ठ सभासद लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, आदित्य गौतम, रिजवान अली कल्लू, अतुल मिश्रा रतीराम,सभासद प्रतिनिधि रचित गुप्ता सहित पालिका कर्मियों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीओ अनुज मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी भारी पुलिस बल के साथ कांवड़ यात्रा की निगरानी करते नजर आए।

## किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**हरदोई।** टड़ियांवा थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त विवरण में 23 जुलाई को किशोरी की मां द्वारा थाना टड़ियावां पर तहरीर दी गयी कि अनीश पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम गुलरिहा थाना टडियावां द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में थाना टड़ियावां पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। थाना टड़ियावां के उपनिरीक्षक वीरेंद्र गौतम और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में प्ले ग्रुप कक्षाओं का शुभारम्भ

**माधोगंज।** कस्बे के श्री जगन्नाथ माहेश्वरी सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय में प्ले ग्रुप कक्षाओ का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर शिव गोविंद गुप्ता विशिष्ट अतिथि के. पी सिंह भदौरिया व अध्यक्ष महेश माहेश्वरी ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। यहां के शिक्षित बच्चे आज बड़े बड़े पदों पर कार्यरत है जो अपने नगर व विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। विशिष्ट अतिथि के. पी सिंह भदौरिया ने विद्यालय के स्टाप को संबोधित करते कहा कि आज बच्चो को भारतीय संस्क्रति के अलावा आधुनिक युग की शिक्षा की भी जरूरत है। अध्यक्ष महेश माहेश्वरी ने कहा कि छोटे बच्चो के लिए प्ले ग्रुप कक्षाओ का शुभारंभ किया गया है बच्चे खेल के साथ शिक्षा भी ग्रहण करेंगे। बच्चो के खेलने के लिए झूला, खिसल पट्टी, व बैठने के लिए मेज कुर्सी व खिलोने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए। अध्यक्ष महेश माहेश्वरी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव गोविंद गुप्ता को अंगवस्त्र व पुस्तक भेंट कर किया।प्रबंधक प्रमोद जैन ने विशिष्ट अतिथि के पी सिंह भदौरिया को अंगवस्त ओढ़कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रबंधक कमल माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा,श्रीमती मधु माहेश्वरी, सुलोचना माहेश्वरी, उवर्शी माहेश्वरी प्रतिमा गुप्ता ऊषा गुप्ता,व विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाए, व समस्त स्टाप मौजूद रहा।

## प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

**टोंडरपुर-हरदोई।** विकासखंड टोंडरपुर क्षेत्र के बी आर सी पर प्राथमिक स्तर के शिक्षक -शिक्षिकाओ के उपलक्ष में पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं अंकिक दक्षता तथा नई पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी प्रभास कुंवर श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना व



मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया,तत्पश्चात उद्घाटन भाषण करते हुए उन्होंने बताया, कि उक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को बुनियादी पढ़ने, लिखने और गणितीय कौशल सिखाने के लिए प्रशिक्षित करने का एक कार्यक्रम है. यह प्रशिक्षण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और निपुण भारत मिशन का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य 2025-26 तक 3 से 8 वर्ष की आयु के सभी बच्चों में इन बुनियादी कौशलों को विकसित करना है।

# किसानों से व्हाट्सएप चैनल पर सीधा संवाद

## आइआइवीआर ने शुरू किया आधिकारिक चैनल

किसानों तक वैज्ञानिक जानकारी और तकनीकों को सीधे पहुँचाने के

**चुनार (मिर्जापुर)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों तक वैज्ञानिक जानकारी और तकनीकों को सीधे पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान अदलपुरा ने एक नया और सशक्त कदम उठाया है। अब संस्थान ने किसानों, वैज्ञानिकों और जनसामान्य से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए अपना आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया है।किसान अपने मोबाइल पर फॉलो करके संस्थान की नवीनतम तकनीकों,वीडियो, फसल सलाह, जैविक उत्पादों की जानकारी, मौसम आधारित सुझावों और विभिन्न सरकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी समय पर प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल इसलिए भी विशेष है क्योंकि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, आइआइवीआर अब पारंपरिक माध्यमों से आगे बढ़कर डिजिटल माध्यमों से किसानों से जुड़ रहा है। इससे न केवल तकनीक का प्रसार तेजी से होगा बल्कि किसानों से प्राप्त प्रत्यक्ष फीडबैक पर शीघ्र कार्यवाही भी संभव हो सकेगी। आइआइवीआर के मीडिया सेल के अध्यक्ष प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी पी सिंह के अनुसार संस्थान के इस व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से विभिन्न मौसमों की अनुकूलता के हिसाब से किसानों तक सब्जी फसलों के उत्पादन, फसल सुरक्षा एवं उत्पादन तकनीकियों के लिए संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा एडवाइजरी जारी की जायगी जिससे किसानों को सामयिक जानकारी के माध्यम से खेत की तैयारी से लेकर फसलों के रोगों/कीटों के प्रभावी नियंत्रण में मदद मिलेगी और लागत में कमी आएगी। संस्थान के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि हाल ही में चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान किसानों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं से यह स्पष्ट हुआ कि त्वरित और सरल सूचना माध्यमों से किसानों तक पहुँचाना और समस्याओं का निराकरण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उसी दिशा में यह व्हाट्सएप चैनल एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने सब्जी उत्पादक किसानों एवं किसानों से सीधे जुड़े एफपीओ तथा एनजीओ के बंधुओं से इस चौनल से जुड़ने की अपाल की। कहा कि वर्तमान में सोशल मीडिया कृषि संवाद का एक विशिष्ट साधन बनकर उभरा है। अतः अधिक से अधिक किसान, कृषि अधिकारी, वैज्ञानिक एवं जागरूक नागरिक इस चैनल से जुड़ें और 'प्रयोगशाला से खेत' तक तकनीक पहुँचाने की इस आइआइवीआर की पहल को सफल बनाएं।

# स्वतंत्रता सेनानी को मिला सम्मान तोड़ा गया बोर्ड पुर्नस्थापित हुआ




**चुनार (मिर्जापुर)।** आजादी के अमृत महोत्सव में जिले के प्रथम विधायक रहे स्वतंत्रता सेनानी पंडित विजयानंद मिश्र के गाँव सीखड़ जाने वाले खैरा सीखड़ लिंक रोड के खैरा और सीखड़ छोर पर उनके सम्मान में लगा स्वतंत्रता सेनानी पंडित विजयानंद मिश्र खैरा सीखड़ मार्ग,स्वतंत्रता सेनानी पंडित विजयानंद मिश्र सीखड़ खैरा मार्ग का बोर्ड इस लिंक रोड के जीर्णोद्धार के समय तोड़ा गया था। कई माह गुजर गए लेकिन कार्यदाई संस्था ने तोड़े गए बोर्ड की जगह नया बोर्ड नहीं लगाया। वरिष्ठ संपादक राजीव कुमार ओझा ने कमिश्नर विंध्याचल मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी एवं एडिशनल कमिश्नर विंध्याचल मंडल डाक्टर विश्राम से मुलाकात कर उन्हें इसकी जानकारी दी और ज्ञापन देकर मिर्जापुर जिले के प्रथम विधायक स्वतंत्रता सेनानी पंडित विजयानंद मिश्र के गाँव सीखड़ जाने वाली खैरा सीखड़ लिंक रोड के खैरा और सीखड़ छोर पर उनके सम्मान में लगा स्वतंत्रता सेनानी पंडित विजयानंद मिश्र खैरा सीखड़ मार्ग का मार्ग संकेतक बोर्ड पूर्ववत लगाए जाने का निवेदन किया था। कमिश्नर एवं एडिशनल कमिश्नर ने श्री ओझा के ध्यानाकर्षण का संज्ञान लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के सम्मान में मार्ग संकेतक बोर्ड लगवाना सुनिश्चित कराया। श्री ओझा ने कमिश्नर एवं एडिशनल कमिश्नर के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

# डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में सम्राट हास्पिटल पहुंची स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम

## एक सप्ताह बाद फिर से अचानक स्वास्थ्य विभाग की टीम को देख अस्पताल कर्मियों में मचा हड़कंप

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के महुअट गांव के नेशनल हाईवे किनारे स्थित सम्राट हास्पिटल में बुधवार दोपहर डिप्टी सीएमओ डा.अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। लेकिन आधे घंटे बाद ही टीम अस्पताल संचालक अवधेश मौर्य से पूछताछ कर चली गई। बीते 15 जुलाई को भी डिप्टी सीएमओ सम्राट हास्पिटल की जांच करने के लिए पहुंचे थे जहां न्यू पीएचसी मुड़पेली में कार्यरत चिकित्साधिकारी डा. मनीष कुमार ड्यूटी के दौरान सम्राट हास्पिटल में कार्य करते पकड़े गए थे। डिप्टी सीएमओ अवधेश कुमार सिंह ने डा? मनीष कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए एमओआइसी हलिया डा? अवधेश कुमार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था।स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम के औचक सम्राट हास्पिटल में पहुंचने से बरौंधा सहित अगल बगल के गांवों में इलाज कर रहे झोलाछापों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। जांच टीम के जाने के बाद सम्राट हास्पिटल सहित क्षेत्र में अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल चलाने वाले लोगों ने राहत की सांस ली।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रजत शर्मा को उसके चाल-चलन के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। पूर्व में उसके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन व भविष्य मे कोई कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। संजय शर्मा पुत्र विजय कुमार मोहल्ला विजयनगर, कस्बा बरवर, थाना-पसगवां, जिला-खीरी।

सी.आर.-874/ D-48

### सूचना

मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम छोटका दर्ज है जो गलत है मेरा सही नाम बाला देवी है जो अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है दोनो नाम की एक ही महिला है। बाला देवी पत्नी दुलारे ग्रा0 वाजिदपुर,दारीचौरा उतरौला,बलरामपुर।

सी.आर.-873/ D-28

### सूचना

मैं सावित्री देवी पत्नी चंद्रनाथ नि. अनुरुद्धपुर, मेजरगंज, थाना भदोखर, रायबरेली, अपने पुत्र सूर्य प्रकाश व उसकी पत्नी वंदना को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इससे कोई लेना देना नहीं होगा।

सी.आर.-872/ D-38

### सूचना

मैं अनिल प्रताप सिंह पुत्र दशरथ सिंह नि. गली नं.-8 अपराजिता विला पाठक पुरम कॉलोनी बीआरए यूनिवर्सिटी, लखनऊ मेरे आर्मी के सरकारी दस्तावेजों में त्रुटिपूर्ण मेरी पत्नी का नाम SHILA SINGH अंकित हो गया है जबकि सही नाम SHEELA SINGH है।

सी.आर.-872/ D-32

### सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने सगे भाई अनीस खां से दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वंय जिम्मेदार होगा। आलिम खां पुत्र हामिद खां निवासी ऊनकलां थाना निगोही, शाहजहांपुर।

सी.आर.-870/ D-25

### संबंध विच्छेद

जिला शाहजहांपुर के थाना निगोही ग्राम उदयपुर कटिया निवासी नफीस खान,सद्दाम खान, सुहेल उर्फ सोयब खान, अरमान ने अपने सगे भाई शोएब पुत्र इरशाद से संबंध विच्छेद कर लिए हैं इसलिए वे शोएब के किसी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

सी.आर.-870/ D-35

### संबंध विच्छेद

मैंने पुत्र चंदन लाल पुत्रवधू चंपदा देवी को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे । राजेंद्र प्रसाद पुत्र रामविलास नि. ग्रा. मुड़िया जमाखां, शाहजहांपुर।

सी.आर.-870/ D-31

### अदालती नोटिस

**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण नियम 2005**

(प्रारूप -7)

नियम 11 (1) देखे

घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण नियम 2005 की धारा 12 के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

**न्यायालय श्रीमान् ए0सी0जे0एम0 - तृतीय गोरखपुर**

परिवाद संख्या- 24590/2025

अमृता सिंह बनाम धर्मवीर सिंह आदि

थाना- महिला थाना

बनाम

1. धर्मवीर सिंह (पति) 2. नीरज सिंह (भतीजा) 3. सुमन सिंह पत्नी चन्द्रप्रकाश सिंह (जेठानी) निवासीगण- ग्राम मीरपुर, पो0 व थाना-मीरगंज, तहसील-मछली शहर, जिला-जौनपुर 4. रीना सिंह पत्नी सर्वेश सिंह निवासिनी- सुरुआर पट्टी, पो0-फतेहगंज, थाना- सिकरारा, जिला-जौनपुर।

- विपक्षीगण

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 12 के अधीन आवेदन फाईल किया है। आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा मागें गये अनुतोष (अनुतोष) के आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 09 माह 09 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है इसमे असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्यवाही करेगा। मेरे हस्तादार और न्यायालय को मुद्रा के अधीन तारीख 14. 07.2025 को दी गई।

**न्यायालय श्रीमान् ए0सी0जे0एम0- तृतीय गोरखपुर**

सी.आर.-871/ D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 15.09.2025 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण शाहजहांपुर। एम.ए.सी.पी.न. 382 वर्ष 2024 श्रीमती ऊषा देवी बनाम युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं.लि. आदि बनामः-सलमान पुत्र मो. वाजिद ग्राम व पोस्ट रौसर कोठी थाना रामचंद्र मिशन तह. सदर जिला शाहजहांपुर...मालिक व चालक मोटरसाइकिल सं. यू.पी. 27 बी.के.-4924 प्रतिवादी सं. 2 हरगाह श्रीमती ऊषा देवी वादिनी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मोटर दुर्घटना क्लेम प्रतिकर के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 15 माह 09 सन 2025ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 23 माह 07 के सन 2025ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार लेखाकार मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण शाहजहांपुर।

सी.आर.-870/ D-CN

### राजेश कुमार महाविद्यालय कोहड़े सुल्तानपुर जौनपुर

सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर।

**आवश्यकता है**

राजेश कुमार महाविद्यालय कोहड़े सुल्तानपुर जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत बी. काम में 6 प्रवक्ता बी. सी.ए. में 4 प्रवक्ता स्नातकोत्तर गृह विज्ञान 02 पद, स्नातक भूगोल 01 पद, गृह विज्ञान 01पद, समाजशास्त्र 01 पद।

योग्यता एवं वेतनमान उत्तर प्रदेश शासन / यूजीसी / विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। वेतन भुगतान एकाउंट पेई चेक द्वारा किया जायेगा इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों की छाया प्रति पासपोर्ट साइज फोटो आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबंधक के नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जयेगी।

प्रबन्धक

मो0-9984121907, 9451609665

सी.आर.-843/D-CN

## कार्यालय-नगर पंचायत तमकुहीराज

### जनपद-कुशीनगर, उ0प्र0

### निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तमकुहीराज में बरसात के दृष्टिगत निकाय में जल निकासी की समस्या के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में ह्यूम पाईप का क्रय किया जाना है। इसके लिए इच्छुक एवं अनुभवी फर्मो से दिनांक 23/7/25 से दिनांक 06/08/25 को अपरान्ह 02.00 बजे तक अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक फर्म द्वारा निविदा / कोटेशन दिनांक-06/06/25 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय, नगर पंचायत, तमकुहीराज, जनपद-कुशीनगर में जमा किया जा सकता है। कोटेशन उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/ कोटेशनदाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। जिसके अन्तर्गत कार्य का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | आपूर्ति का विवरण | फर्म द्वारा अंकित न्यूनतम धनराशि / दर (प्रति अदद ) |
|---|---|---|
| 1. | ह्यूम पाईप (विभिन्न आकार के) | |

चयनित कोटेशनदाता को आपूर्ति आदेश के अनुसार उक्त सामग्रियों की आपूर्ति निर्धारित समयान्तर्गत करना होगा। नियम एवं शर्तें कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत तमकुहीराज
जनपद कुशीनगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत तमकुहीराज
जनपद-कुशीनगर

पत्रांक 51 /न0पं0तम0/2025-26 दिनांक 23/7/25

**000537 FAMILY COURT IN THE COURT OF RACHANA SINGH. II Additional Principal judge Family Court Raebareli. SUMMONS TO APPEAR IN PERSON.** (O,5 R,3)

Matrimonial Case/219/2025 VIJAY LAKSHMI GUPTA Vs NEETESH KUMAR SAHU NEXT DATE 14/08/2025 TO, NEETESH KUMAR SAHU ,S/O ISHWAR DAYAL R/o VIVEK NAGAR KABRAI P/s KABRAI TEHSIL MAHOBA DISTRICT MAHOBA. Whereas VIJAY LAKSHMI GUPTA has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear in this court in person on the 14/08/2025 at 11: o' clock in the forenoon, to answer the claim and you are directed to produce on that day all the document upon which you intend to rely in support of your defence . Take notice that in default of your appearance of the day before mentioned the suit will be heard and determined in your absence. Give under my hand and the seal of the court this 17/07/2025 II Additional Principal judge Family Court Raebareli

सी.आर.-872/ D-CN

**एफ0 सी0 जे0 फॉर्म नंबर, 13 भाग,1 हेतु संदर्शित की सूचना साधारण प्रारूप न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) वाह्य न्यायालय निघासन जिला-लखीमपुर-खीरी**

**वाद संख्या - इजराय दीवानी 09 सन् 1997 तारीख पेशी 28.07.2025**

नन्हूं पुत्र मिश्री लाल निवासी ग्राम व पोस्ट-बनवीरपुर, परगना-खैरीगढ़, तहसील निघासन, जिला खीरी

**बनाम**

इतवारी पुत्र बिहारी निवासी ग्राम व पोस्ट -बनवीरपुर, परगना-खैरीगढ़, तहसील निघासन, जिला खीरी

चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अत एव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदक के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिए 2025 के 07-28 दिवस को 10:30 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा व अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज दिवस को निकाली गई।

**आज्ञा से**
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) वाह्य न्यायालय निघासन जिला-खीरी**

सी.आर.-874/ D-CN

**तारीख पेशी-07.08.2025**
**सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 से 5 )**
**प्रकीर्ण वाद संख्या.......14 सन 2025**
**न्यायालय श्रीमान सी0जे0एस0डी0 महोदय बलरामपुर, जिला बलरामपुर..**
**राजेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ......वादी**
**प्रति**
**गुड़ियाआदि... प्रतिवादी**

**बनाम**

1. कुसुम तिवारी पत्नी राजेश कुमार चतुर्वेदी तथा कथित पत्नी स्व0 देवकी नन्दन चतुर्वेदी निवासिनी मोहल्ला बलुहा थाना कोतवाली नगर तहसील परगना व जिला बलरामपुर।

2.राजेश कुमार चतुर्वेदी पुत्र स्व0 देवकी नन्दन चतुर्वेदी निवासी मोहल्ला बलुहा थाना कोतवाली नगर तहसील, परगना व जिला बलरामपुर।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत ....जिसका मुसन्ना...शामिल है.... के दायर की है लिहाजा हुक्म होता है कि आप दिनांक..07....माह....08..सन...2025.... ई0वक्त ...10...बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात के करार वाकई वाकिफकिया गया हो और कुल उमरात मुतअल्लिक मुकदमा का जबाब दे सके हाजिर हो और जबाब देही दावा को करे और आप को लाजिम हो कि उस रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप वताईद अपनी जबाब देही के इस्त दलाल करना चाहते हो।आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बशब्द मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख माह...सन.....ई0......को जारी किया गया।

**इत्तिला**

1.अगर आपको यह आदेश है कि गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होगेतो आप व अदालत हाजा सममन बई मुराद करा सकते है कि जो गवाह हाजिर न हो जबरन हाजिर कराया जाय और जिन दस्तावेज को किसी गवाह पेश करने का आप इस्तेहाक रखते है।वह उससे पेश करायी जाय बशर्ते आप खर्चा अदालत में दाखिल करके इस अवधि को दरख्वास्त गुजारे।

2.अगर आप मुतालिय मुद्दई को तस्लीम करते है तो आपको लाजिम है रूपया मय खर्चा नालिश अदालत में दाखिल करे ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की आपको न या दोनो पर ही करना पड़े।

**न्यायालय**

सी.आर.-873/ D-CN

## उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम, ५७-जार्ज टाउन, प्रयागराज

**ई-निविदा सूचना दिनांकः 24.07.2025**

**शुद्धि पत्र**

इस खण्ड द्वारा दिनांक 19.07.2025 को न्यायाधीश प्रयागराज एवं स्वतन्त्र भारत प्रयागराज में प्रकाशित अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 01-वि०प्रे० ख०प्र०३०/2025-2026 के खुलने कि तिथि दिनांक 31/07/2025 एवं अति अल्पकालीन निविदा संख्या 02-वि०प्रे०ख०प्र०प्रया०/2025-26 के खुलने कि तिथि दिनांक 29/07/2025 तक बढाई जाती है। निविदा की अन्य शर्ते पुर्ववत रहेगी।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांकः 724/वि.प्रे.खं.प्र./प्रया./
टेण्डर नोटिस दिनांकः 24.07.2025

(विजय कुमार दुबे)
अधिशासी अभियन्ता

## उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम, ५७-जार्ज टाउन, प्रयागराज

**ई-निविदा सूचना दिनांकः 23.07.2025**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

2. T No.. 02/ETD-I(P)/2025-2026-220 के0वी0 उपकेन्द्र रीवा रोड स्थित 800के0वी0 आउट डोर स्टोर में अस्त-व्यस्त स्थिति में पडे Gal. Tower Parts को सही तरीके से शिटिंग व स्टाकिंग कराने हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 590/- जी०एस०टी० सहित। धरोहर धनराशि रु0 2000/- (रुपया दो हजार मात्र)। ई. निविदा की अन्तिम तिथि 25-08-2025 समय 17.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट मजमदकमत.नच.दपब.पद पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांकः 721/वि.प्रे.खं.प्र./प्रया./
टेण्डर नोटिस दिनांकः 24.07.2025

(विजय कुमार दुबे)
अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहांपुर

पत्रांकः 72 / न0 पं0 खुदा0/ निविदा सूचना/2025-26 दिनाँक 24-07-2025

### निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहांपुर में राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों हेतु निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा संबंधी नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (ई0एम0 डी0) 02 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र मूल्य का जी0एस0टी0 सहित (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पंचायत खुदागंज शाहजहांपुर | कटरा-खुदागंज रोड से रफत वेग के मकान तक इन्टरलॉक रोड उच्चीकरण कार्य। | 153008.62 | 3060.00 | 153+28=181 | 01 माह |
| 2 | | मो0 कायस्थान वार्ड संख्या 06 रामऔतार के मकान से नेमपाल के मकान तक इंटरलाक सडक निर्माण कार्य। | 221531.65 | 4431.00 | 221+40=261 | 01 माह |
| 3 | | नगर पंचायत खुदागंज मो0 नयागंज प्रथम वार्ड संख्या 10 राजकुमार पंडित के मकान से निगोही रोड तक इन्टरलॉक उच्चीकरण करने का निर्माण कार्य। | 313654.12 | 6273.00 | 314+56=370 | 01 माह |
| 4 | | नगर पंचायात खुदागंज मो0 नयागज प्रथम वार्ड संख्या 10 में विनय गुप्ता को मकान से अरविन्द के मकान तक इन्टरलॉक उच्चीकरण कार्य। | 402721.57 | 8064.00 | 403+73=476 | 01 माह |
| 5 | | विधालय नं0 01 में 01 सीटेड शौचालय नगर पंचायत खुदागंज के प्राधानिक का निर्माण कार्य। | 148404.38 | 2968.00 | 148+27=175 | 01 माह |

1. निविदा सूचना में अकिंत कार्यालयों में बिक डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 25-07-2025
2. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथिः समय व स्थान 18.08.2025 समय 12.00 बजे तक एवं जिलाधिकारी जनपद शाहजहांपुर।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 18-08-2025 को अपरान्ह 3.00 बजे

**नूरजहां**
**अधिशासी अधिकारी**

**सुधा सिंह**
**अध्यक्ष**

## कार्यालय-नगर पंचायत तमकुहीराज

### जनपद-कुशीनगर, उ0प्र0

### निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत तमकुहीराज जनपद कुशीनगर में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म / अन्य को सूचित किया जाता है कि, राज्य वित्त आयोग की धनराशि से नगर पंचायत तमकुहीराज में वर्षा ऋतु के दृष्टिगत अध्धा एवं राबिस की आपूर्ति लिये जाने हेतु दिनांक 06/08/252025 को मुहरबन्द निविदा समय 12.00 बजे अपरान्ह तक कार्यालय नगर पंचायत तमकुहीराज में प्राप्त किये जायेंगे। निविदा अपने निर्धारित पैड पर प्रस्तुत करना होगा। प्राप्त निविदा को उसी दिन समय 01.00 बजे अपरान्ह में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। सर्वन्यून निविदा की ही दर स्वीकार की जायेगी। न्यूनतम निविदादाता ही आपूर्ति के लिए मान्य होगा। कराये जाने वाले कार्य / आपूर्ति का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | आपूर्ति का विवरण | प्रस्तुत दर प्रति (Cubic Metre) ($m^3$) |
|---|---|---|
| 1. | अध्धा (ईट का टुकड़ा) | |
| 2. | राबिस | |

चयनित निविदादाता को आपूर्ति आदेश के अनुसार उक्त सामग्रियों की आपूर्ति निर्धारित समयान्तर्गत करना होगा। नियम एवं शर्तें कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है । निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत तमकुहीराज
जनपद कुशीनगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत तमकुहीराज
जनपद-कुशीनगर

पत्रांक 52 /न0पं0तम0/2025-26 दिनांक 23/7/25

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा विवाद पर हिंसा

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार इस संघर्ष में

### हवाई हमलों और गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

अब तक 11 नागरिकों की मौत हो चुकी है। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू करने का आरोप लगाया है। थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सड़क पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतकों की संख्या बढ़कर कुल 11 हो गई है। गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि थाई सेना ने उनके क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया है।



# तुलसी गबार्ड ने ओबामा के खिलाफ जारी किए दस्तावेज

**वाशिंगटन।** राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने बुधवार को नए दस्तावेज जारी कर ओबामा पर 2016 चुनावमें अमेरिकी खुफिया जानकारी का गलत तरीके से

### कहा 2016 के चुनावों में किया अमेरिकी खुफिया जानकारी का गलत इस्तेमाल

इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। गबार्ड ने कहा कि ओबामा ने इस झूठ को बढ़ावा दिया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2016 का चुनाव जीतने में मदद की थी।
सोशल मीडिया पोस्ट में गबार्ड ने कहा, अमेरिकी इतिहास में खुफिया जानकारी के सबसे भयावह हथियारीकरण और राजनीतिकरण के नए सबूत सामने आए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर मैंने हाउस इंटेलिजेंस कमेटी की निगरानी रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया है, जो इस बात का खुलासा करती है कि कैसे ओबामा प्रशासन ने जनवरी 2017 के इंटेलिजेंस कम्युनिटी असेसमेंट को गढ़ा, जिसके बारे में उन्हें पता था कि वह गलत है। उन्होंने इस झूठ को बढ़ावा दिया कि व्लादिमीर पुतिन और रूसी सरकार ने ट्रंप को 2016 का चुनाव जीतने में मदद की थी। ऐसा करके, उन्होंने अमेरिकी जनता की इच्छा को कुचलने की साजिश रची, मीडिया में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इस झूठ को बढ़ावा दिया, ताकि ट्रंप की वैधता को कमजोर किया जा सके।



# यूक्रेन को 322 मिलियन डॉलर के हथियार देगा अमेरिका

**वाशिंगटन/कीव।** तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष आज भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारी क्षति के बावजूद रूस यूक्रेन पर हमले तेज कर

### जेलेंस्की ने पुतिन को दिया बातचीत का प्रस्ताव

रहे है। ऐसे में अमेरिका ने एक बड़ा फैसला लेते हुए यूक्रेन को 322 मिलियन डॉलर (करीब 2,700 करोड़ रुपये) के हथियार बेचने की मंजूरी दे दी है। इसमें एयर डिफेंस सिस्टम और बख्तरबंद सैन्य गाड़ियां शामिल हैं। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब यूक्रेन पर रूस के हमले तेज हो रहे हैं। उधर, तेज होते हमले के बीच बुधवार को इस्तांबुल में एक बार फिर शांति वार्ता हुई।
इस दौरान यूक्रेन ने रूस को एक बड़ा प्रस्ताव दिया। इसके तहत यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सीधी बातचीत जल्द कराने की पेशकश की गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इसमें से 150 मिलियन डॉलर बख्तरबंद गाड़ियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए हैं, जबकि 172 मिलियन डॉलर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए रखे गए हैं। इस प्रस्ताव को कांग्रेस को सूचित कर दिया गया है। बता दें कि कुछ हफ्ते पहले अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेजसेथ ने यूक्रेन को हथियार भेजने पर रोक लगा दी थी ताकि अमेरिका के अपने हथियार भंडार का आकलन किया जा सके। इस फैसले से व्हाइट हाउस भी हैरान रह गया था। इसके बाद ट्रंप ने रुख बदलते हुए ऐलान किया कि अमेरिका यूक्रेन को और हथियार भेजेगा। यूक्रेन और रूस के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध के बीच बुधवार को इस्तांबुल में एक बार फिर शांति वार्ता हुई। इस दौरान यूक्रेन ने रूस को एक बड़ा प्रस्ताव दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सीधी बातचीत जल्द कराने की पेशकश की गई है। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि दोनों राष्ट्रपतियों की बैठक अगस्त के अंत तक हो सकती है और इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन को भी शामिल करने का प्रस्ताव है।




# फर्जी मुठभेड़ में पूर्व पुलिस अधिकारी को 10 साल सख्त कैद की सजा

**मोहाली।** मोहाली की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने 1993 में एक फर्जी मुठभेड़ में दो कांस्टेबल की मौत के मामले में पंजाब पुलिस के एक पूर्व अधिकारी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) बलजिंदर सिंह सरा की अदालत ने अमृतसर के ब्यास थाने के तत्कालीन प्रभारी परमजीत सिंह पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सिंह (67) की पुलिस अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्ति हुई थी। अदालत ने अपने आदेश में इस मामले के तीन अन्य आरोपियों तत्कालीन निरीक्षक धरम सिंह (77), तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक कश्मीर सिंह (69) और तत्कालीन एएसआई दरबारा सिंह (71) को बरी कर दिया। एक अन्य आरोपी तत्कालीन उप निरीक्षण राम लुभाया की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई। बाबा बकाला के मुच्छल गांव के निवासी कांस्टेबल सुरमुख सिंह और खेला गांव के कांस्टेबल सुखविंदर सिंह को पुलिस ने 18 अप्रैल 1993 को गिरफ्तार किया था। स्कूटर चोरी के एक मामले में ब्यास थाने के तत्कालीन प्रभारी परमजीत सिंह ने सुरमुख सिंह को उनके घर से उठा लिया था, जबकि तत्कालीन एसआई लुभाया ने सुखविंदर को गिरफ्तार किया था।

## एक नज़र

### ओमान की खाड़ी में ईरान-अमेरिका आमने-सामने

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच हालिया तनाव के बाद बुधवार को ओमान की खाड़ी में ईरान और अमेरिका की नौसेनाओं के बीच तनावपूर्ण सामना हुआ। ईरानी सरकारी टीवी के अनुसार, एक ईरानी नौसैनिक हेलीकॉप्टर ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस फिट्ज़गेराल्ड को ईरानी समुद्री सीमा के पास पहुंचते देखा और उसे चेतावनी दी। यह घटना ईरान और इस्राइल के बीच 12 दिन की हालिया जंग के बाद ईरान और अमेरिका के बीच पहली सीधी मुठभेड़ मानी जा रही है। उस युद्ध में अमेरिका ने भी हिस्सा लिया था और ईरानी परमाणु ठिकानों पर बी-52 बमवर्षकों से हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट की माने तो ईरानी हेलीकॉप्टर ने अमेरिकी जहाज के ऊपर से उड़ान भरते हुए उसे इलाके से दूर रहने की चेतावनी दी। इस दौरान अमेरिकी जहाज की ओर से हेलीकॉप्टर को लक्ष्य बनाने की धमकी दी गई, जिसे ईरानी मीडिया ने तनावपूर्ण बातचीत बताया। जवाब में, ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने एलान किया कि हेलीकॉप्टर उनकी पूरी सुरक्षा में है। इसके बाद रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जहाज पीछे हटकर दक्षिण दिशा में चला गया।

### ऑस्ट्रेलिया में स्वामीनारायण मंदिर पर नस्लीय हमला

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में एक बार फिर नस्लीय नफरत का चेहरा सामने आया है। यहां बोरोनिया इलाके में स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर को अज्ञात लोगों ने अपमानजनक और नस्लीय भाषा वाले संदेशों से बदनाम करने की कोशिश की। यह घटना सिर्फ एक धार्मिक स्थल पर हमला नहीं, बल्कि भारतीय समुदाय की भावनाओं पर सीधा प्रहार है। ऑस्ट्रेलियन न्यूज आउटलेट ऑस्ट्रेलिया टुडे के मुताबिक, मंदिर की दीवार पर लाल रंग से 'गो होम ब्राउन...' जैसे नफरत भरे नस्लीय शब्द लिखे गए। यही नहीं, पास के दो एशियाई रेस्टोरेंट की दीवारों पर भी इसी तरह की अभद्र भाषा पाई गई है। हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया (विक्टोरिया चैप्टर) के अध्यक्ष मकरंद भगवत ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर शांति, भक्ति और एकता का प्रतीक है। ऐसी घटना हमारी धार्मिक स्वतंत्रता और पहचान पर हमला है।

### कोलंबिया विश्वविद्यालय की ट्रंप प्रशासन से डील

**वॉशिंगटन।** कोलंबिया विश्वविद्यालय ने बुधवार को बताया कि उनकी ट्रंप प्रशासन के साथ एक समझौते पर सहमति बन गई है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय प्रशासन संघीय सरकार को 22 करोड़ डॉलर से ज्यादा का भुगतान करेगा और इसके बदले में संघीय सरकार, विश्वविद्यालय की संघीय रिसर्च फंडिंग को बहाल करेगी। ट्रंप सरकार ने बीते साल विश्वविद्यालय परिसर में बड़े पैमाने पर हुए यहूदी विरोधी विरोध प्रदर्शनों से नाराज होकर संघीय फंडिंग रोकने का एलान किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि समझौते के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी प्रशासन तीन साल में सरकार को 20 करोड़ डॉलर का भुगतान करेगी। व्हाइट हाउस ने बताया कि साथ ही दो करोड़ डॉलर से ज्यादा की राशि विश्वविद्यालय परिसर के भीतर यहूदी कर्मचारियों के नागरिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए दिए जाएंगे।

### एमपी में मां के हत्यारे बेटे को फांसी की सजा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की एक अदालत ने श्योपुर जिले में 32 लाख की सावधि जमा (एफडी) की राशि हड़पने के लिए अपनी मां की हत्या कर शव को दीवार में चुनने वाले बेटे को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश एल डी सोलंकी ने श्योपुर के रेलवे कॉलोनी निवासी आरोपी दीपक पचौरी को आईपीसी की धारा 302 के तहत अपनी मां उषा देवी की हत्या के लिए दोषी पाते हुए मृत्युदंड (फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाए तब तक की उसकी मृत्यु न हो जाए) का निर्णय पारित किया। दीपक पचौरी ने आठ मई 2024 को थाना कोतवाली श्योपुर में अपनी मां की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि जांच के दौरान बार-बार बयान बदलने के कारण पुलिस को पचौरी पर शक हो गया।

# पाकिस्तान-ईरान से निकाले गए अफगानों को तालिबान ने दी यातनाएं



**इस्लामाबाद।** तालिबान सरकार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के निशाने पर आ गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान और ईरान से जबरन निकाले गए कई अफगान नागरिकों को तालिबान ने यातनाएं दीं,

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा

धमकाया और मनमाने ढंग से हिरासत में लिया। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान और ईरान लाखों अफगानों को यह कहकर देश से निकाल रहे हैं कि वे अवैध रूप से रह रहे थे।
संयुक्त राष्ट्र मिशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान लौटे कई लोग तालिबान के हाथों गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का शिकार हुए। इनमें वे लोग शामिल हैं जो पहले पश्चिम समर्थित सरकार के लिए काम कर चुके थे या ऐसे पेशे से जुड़े थे जो तालिबान की नजरों में संदेहास्पद हैं। कुछ लोगों को जान से मारने की धमकियां मिलीं, तो कई को गुमनाम रहकर जिंदगी बितानी पड़ रही है। रिपोर्ट में एक पूर्व सरकारी अधिकारी का बयान शामिल है, जिसने बताया कि 2023 में लौटने पर उसे बुरी तरह पीटा गया, पानी में डुबोया गया और नकली फांसी की धमकी दी गई। एक अन्य गैर-बाइनरी व्यक्ति ने कहा कि उसे बंदूक की बट से पीटा गया। ये घटनाएं दिखाती हैं कि तालिबान के दावों के उलट, लौटने वाले अफगानों के साथ सख्ती बरती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि किसी को भी ऐसे देश में नहीं भेजा जाना चाहिए जहां उन्हें उनकी पहचान या इतिहास के कारण उत्पीड़न का सामना करना पड़े। उन्होंने अफगान महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को विशेष रूप से चिंताजनक बताया, जिन पर तालिबान की सख्त पाबंदियां हैं। जैसे स्कूल बंद, काम करने पर रोक और सार्वजनिक जगहों पर जाने पर प्रतिबंध। तालिबान प्रशासन ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि लौटने वालों को दस्तावेज, परिवहन और कानूनी सहायता दी जा रही है। साथ ही, तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र से अपील की कि वह जबरन निष्कासन को रोके और अफगान शरणार्थियों को खाना, दवा, शिक्षा और आश्रय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए।

# पश्चिम बंगाल में टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर में अज्ञात बदमाशों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि षष्ठी घोष बुधवार रात घर लौट रहे थे तभी हमलावरों ने उन्हें रोका और एक धारदार हथियार से उन पर कई बार हमला किया। सड़क पर खून से लथपथ पड़े घोष को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशंका है कि संपत्ति के मामलों को लेकर आपसी रंजिश के कारण यह हत्या की गई।

# जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करना असंवैधानिक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बड़ा झटका लगा है। एक संघीय अपीलीय अदालत ने बुधवार को ट्रंप के उस

### अमेरिकी अदालत ने लगाई रोक, ट्रंप को झटका

आदेश को असंवैधानिक करार दिया, जिसके तहत अमेरिका में जन्म लेने वाले अवैध या अस्थायी प्रवासियों के बच्चों को नागरिकता देने की व्यवस्था खत्म की जानी थी। 9वीं अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन जजों की पीठ ने इस फैसले की पुष्टि की और कहा कि ट्रंप का आदेश संविधान का उल्लंघन करता है। सीएटल के जिला न्यायाधीश जॉन सी. कॉगनॉर की ओर से पहले ही इस आदेश पर रोक लगाई गई थी। अब अपील अदालत ने भी इसे बरकरार रखा है। बहुमत वाले फैसले में कहा गया कि निचली अदालत ने ठीक ही कहा कि राष्ट्रपति का आदेश अमेरिकी संविधान के खिलाफ है। हम इससे पूरी तरह सहमत हैं। अदालत ने यह भी कहा कि संविधान की अनदेखी केवल राजनीतिक फायदे के लिए नहीं की जा सकती। इस मामले में संविधान के 14वें संशोधन की सिटिजनशिप क्लॉज का उल्लेख हुआ, जो कहता है कि अमेरिका में जन्मे या प्राकृतिक रूप से नागरिकता पाए व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होते हैं। ट्रंप प्रशासन का तर्क था कि यू.एस. जुरिस्डिक्शन की परिभाषा का मतलब सिर्फ अमेरिका में जन्म लेना नहीं है, बल्कि माता-पिता की कानूनी स्थिति भी मायने रखती है।




# अमेरिकी महिलाओं में कम हुई मां बनने में रुचि

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भी लोग अब बच्चे पैदा करने से कतरा रहे हैं और इसी का नतीजा है कि अमेरिका में प्रजनन दर साल 2024

### प्रजनन दर अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंची

में सबसे न्यूनतम रही। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में हर महिला 1.6 बच्चों से भी कम बच्चे पैदा कर रही है। एक समय अमेरिका में औसतन प्रजनन दर प्रति महिला 2.1 बच्चे था, लेकिन बीते दो दशकों से अमेरिका में प्रजनन दर में भारी कमी आई है और अब वहां की महिलाएं या तो बच्चे पैदा करने में लंबा समय ले रही हैं या फिर बच्चे पैदा ही नहीं कर रही हैं। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें साल 2024 के आंकड़े दिए गए हैं। सीडीसी ने बताया कि 1960 की शुरुआत में अमेरिका में प्रजनन दर 3.5 के करीब थी, लेकिन साल 1976 में यह गिरकर 1.7 बच्चे प्रति महिला रह गई। हालांकि साल 2007 तक यह आंकड़ा 2.1 बच्चे प्रति महिला रहा, लेकिन इसमें फिर से गिरावट हुई, जो अभी भी जारी है। आंकड़ों के अनुसार, लगभग हर महिला वर्ग में बच्चों के जन्म में गिरावट आई है और आशंका है कि आने वाले वर्षों में भी ये गिरावट जारी रह सकती है। लोग देर से शादी कर रहे हैं और पैसों को लेकर चिंता, स्वास्थ्य बीमा और अन्य संसाधनों पर बढ़ते खर्च के चलते लोग बच्चे पैदा करने से कतरा रहे हैं। विश्व बैंक के डेटा के अनुसार, ये आंकड़े पश्चिमी यूरोपीय देशों की प्रजनन दर के बराबर है। प्रजनन दर में गिरावट के बाद अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने प्रजनन दर बढ़ाने के लिए कुछ कदम उठाए हैं जैसे आईवीएफ तकनीक से गर्भधारण की लागत में कमी की गई है। साथ ही बेबी बोनस का भी एलान किया गया है, जिससे ज्यादा लोग बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं। हालांकि कोलोराडो यूनिवर्सिटी के अध्ययन के अनुसार, प्रजनन दर में गिरावट चिंता की बात नहीं हैं क्योंकि अमेरिका में अभी भी मरने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे प्राकृतिक तौर पर अमेरिकी जनसंख्या बढ़ रही है।



# टीवी स्टार्स के बेहतरीन सेल्फ-केयर टिप्स!

सेल्फ-केयर यानी खुद को प्राथमिकता देना - कभी-कभी नहीं, बल्कि जब भी ज़रूरत हो तब अपना ख्याल रखना। यह सिर्फ शरीर की नहीं, बल्कि मन और सोच की ज़रूरतों को भी समझने और सहेजने की कोशिश है। ज़ी टीवी के एक्टर्स ने बताया कि उनके लिए सेल्फ-केयर का क्या मतलब है और ये उनकी ज़िंदगी में कैसे शामिल है। 'सरू' में अनिका का किरदार निभा रहीं अनुष्का मर्चंडे कहती हैं, ''सेल्फ-केयर हमेशा से मेरी ज़िंदगी का हिस्सा रहा है। इस सेल्फ केयर मंथ पर मैं बस इतना कहूंगी कि हर दिन अपने लिए 30 मिनट निकालिए।'' 'तुम से तुम तक' में अनु का किरदार निभा रहीं निहारिका चौकसे कहती हैं, ''मेरे लिए सेल्फ-केयर का मतलब सिर्फ डाइट और वर्कआउट नहीं है, बल्कि वो बैलेंस है जो आपको अच्छा लगे और खुशी दे। इस सेल्फ-केयर मंथ पर मैं वही रूटीन फॉलो कर रही हूं - बस थोड़े और मीठे के साथ!'' 'वसुधा' में प्रभात का किरदार निभा रहे सचिन पारिख कहते हैं, '' इस सेल्फ केयर मंथ पर मैंने खुद से वादा किया है कि मैं डांस करूंगा, ध्यान से खाऊंगा और सबसे ज़रूरी - पूरा आराम करूंगा। असली देखभाल उन्हीं पलों में छुपी होती है।'' 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना कहती हैं, ''मेरे लिए सेल्फ-केयर का मतलब है - काम और ज़िंदगी के बीच संतुलन बनाना। एक्टर होने के नाते लंबे शूट डे आम बात हैं, इसलिए संतुलन बनाए रखना मेरे लिए ज़रूरी है। सबसे ज़रूरी होता है वो समय जो आप खुद के और अपनों के साथ बिताते हैं - असली एनर्जी वहीं से मिलती है।'' 'जमाई नं. 1' में नील का किरदार निभा रहे अभिषेक मलिक कहते हैं, ''मेरे लिए सेल्फ-केयर का मतलब है - ग्रूमिंग, रिलैक्सेशन और वो हर चीज़ जो आपको खुशी दे, उनके बीच बैलेंस बनाना। गाड़ी चलाना मेरे लिए थेरेपी की तरह है।'' 'कुमकुम भाग्य' में शिवांश का किरदार निभा रहे नमिक पॉल कहते हैं, ''मेरे लिए सेल्फ-केयर की शुरुआत शरीर से होती है - जब आप फिट और मजबूत महसूस करते हैं, तभी आप स्क्रीन पर अपना बेस्ट दे पाते हैं। इस सेल्फ केयर मंथ पर मेरा मैसेज यही है कि वो एक चीज़ खोजिए जो आपका दिल भर दे, चाहे म्यूज़िक हो, डांस हो, पेंटिंग हो या कुछ और ... और उसके लिए रोज़ थोड़ा वक्त निकालिए।''



# जिम में एक्टर्स की फिटनेस जर्नी!

जिम वर्कआउट आज के दौर में सिर्फ फिट रहने का जरिया नहीं, बल्कि तनाव दूर करने और माइंड को रीचार्ज करने का एक असरदार तरीका बन चुका है। एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि किस तरह उनका जिम रूटीन उन्हें न सिर्फ़ शारीरिक रूप से मजबूत बनाए रखता है, बल्कि मानसिक रूप से भी तरोताज़ा करता है। 'घरवाली पेड़वाली' में जीतू की भूमिका निभा रहे पारस अरोड़ा ने कहा, ''मेरे लिए जिम जाना एक तरह की थेरेपी है। ये वो वक्त होता है जब मैं दुनिया की हर चीज़ से कटकर सिर्फ़ अपने वर्कआउट पर फोकस करता हूँ। मुझे स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करना बेहद पसंद है, वेट उठाने में जो ताक़त और आत्मविश्वास मिलता है, वो खास होता है। मेरा पसंदीदा वर्कआउट कंपाउंड लिफ्ट्स, डेडलिफ्ट्स, स्क्वॉट्स और बेंच प्रेस का मिक्स होता है, जो कई मसल ग्रुप्स पर एक साथ काम करता है और शरीर में एनर्जी दौड़ा देता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार कहती हैं, ''जिम मेरे लिए स्ट्रेस बस्टर है। चाहे दिन कितना भी उलझा हुआ क्यों न हो, एक अच्छा वर्कआउट सारी थकान और तनाव दूर कर देता है। मुझे सर्किट ट्रेनिंग करना सबसे ज्यादा पसंद है। कार्डियो और वेट्स का कॉम्बिनेशन न सिर्फ़ मज़ेदार होता है, बल्कि बोरिंग भी नहीं लगता। यह मेरी एक छोटी सी आदत बन गई है, और इसका असर कमाल का होता है। फिट रहना ही नहीं, खुद में अच्छा महसूस करना भी ज़रूरी है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी की भूमिका निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव बताती हैं, ''पिलेट्स़ और योगा मुझे बहुत पसंद हैं, लेकिन जब एनर्जी की ज़रूरत होती है तो मैं जिम जाना भी उतना ही एंजॉय करती हूँ। मेरा पसंदीदा वर्कआउट पिलेट्स-बेस्ड स्ट्रेंथ ट्रेनिंग है, जिसमें रेसिस्टेंस मशीन या फ्री वेट्स के ज़रिए कोर मसल्स पर काम किया जाता है और इससे पॉश्चर भी बेहतर होता है।''



## बाजार दर्पण


उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089